

01:11:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 297 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलच्छेदं न कारयेत्।
मालाकार इवारामं न यथा गारकारकः॥

भावार्थ : जिस प्रकार माली या माला बनानेवाला बाग के पेड़-पौधों से एक एक करके फूल चुन लेता है, किंतु कोयला बनाने वाले की भांति उनकी जड़ों को नहीं काट देता। उसी प्रकार राजा को प्रजा से धन संग्रह करना चाहिए।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17 .10 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .53 बजे

## म्यांमार में रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत

**यंगून:** पूर्वी म्यांमार के शान प्रांत में एक रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो जाने का और एक अन्य के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार संचालित दैनिक द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी शान प्रांत के नम्हकम शहर में ताह्नआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) ने 27 अक्टूबर को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 05:00 बजे हमला शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीएनएलए के सदस्यों ने शहर के दक्षिण में लगभग तीन किलोमीटर की दूरी से अत्याधुनिक रॉकेटों से शहर पर हमला किया। हमले में 12 और नौ साल के दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं एक चार साल का बच्चा घायल हो गया जिसे नम्हकम जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है।

## केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि:** केरल पुलिस ने बम धमाकों के बारे में बयान देने को लेकर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने रविवार सुबह यहां के येहोवा में एक प्रार्थना सभा कक्ष में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों को लेकर श्री चंद्रशेखर की ओर से दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया है। कोच्चि पुलिस की साइबर सेल ने सार्वजनिक आदेश का उल्लंघन करने के लिए धारा 120, धारा 153 (दंगे के लिए उकसाना) और धारा 153 ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत मामले दर्ज किए। केंद्रीय मंत्री पर विस्फोट के बाद सोशल मीडिया पर उकसाने वाली टिप्पणियां करने, फिलिस्तीनी समूह हमास की ओर इशारा करने, लोगों के बीच सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के इरादे से इसे वीडियो और संदेश प्रसारित करने का आरोप है। इस बीच कोच्चि में हुए कई धमाकों को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन और केंद्रीय मंत्री के बीच वाक्युद्ध छिड़ गया है।

## मणिपुर में पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इंफाल:** मणिपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी चिंगथम आनंद की मंगलवार को मोरेह के ईस्टर्न ग्राउंड में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि श्री आनंद सीमावर्ती शहर में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे और हेलीकॉप्टर सेवा को सक्षम करने के लिए क्षेत्र में कार्यों की निगरानी में लगे थे। श्री आनंद को किसी लंबी दूरी के हथियार से वार किया गया और गोली उसकी छाती को भेदती हुई निकल गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने अन्य पुलिस कर्मियों पर भी हमला किया। सीमावर्ती शहर में दोनों ओर से भारी गोलीबारी की सूचना मिली है। चूंकि विभिन्न कुकी संगठनों ने राजमार्ग पर पुलिस की आवाजाही रोक दी है इसलिए सीमावर्ती शहर में केवल कुछ पुलिसकर्मी ही ड्यूटी पर थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बलों को हवाई मार्ग से भेजा गया।

## चंद्रबाबू को मिली राहत अंतरिम जमानत मंजूर

**विजयवाड़ा:** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास घोटाला मामले में पिछले 52 दिनों से राजमुंदरी केंद्रीय जेल में बंद तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर आगामी 28 नवम्बर तक के लिए अंतरिम जमानत को मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति तल्लाप्रगदा मल्लिकार्जुन राव ने चिकित्सा आधार पर श्री नायडू को चार सप्ताह की अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता एरीथेमेटस पैपुलर रैश से पीड़ित है। उनकी चिकित्सकीय जांच करने के बाद डॉक्टरों की टीम की ओर से गत 14 अक्टूबर को प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक याचिकाकर्ता 15 वर्षों से मधुमेह मेलिटस से पीड़ित हैं , जिसका लगातार इलाज चल रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**श्रद्धांजलि** सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद प्रधानमंत्री ने कहा

# तुष्टीकरण करने वाले अब आतंकवादियों के साथ : मोदी

- कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास
- विपक्ष की आलोचना कर निशाना साधा
- दुनिया बेहाल पर भारत आगे बढ़ रहा है

**राष्ट्रीय खबर**

**केवड़िया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले अपने स्वार्थ की खातिर अब मानवता के दुश्मनों तथा आतंकवादियों के साथ खड़े हो गए हैं और देश की एकता को खतरे में डाल रहे हैं जिनसे हर हाल में सावधान रहना होगा। श्री मोदी गुजरात में नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध के निकट केवड़िया पहुंचे तथा उन्होंने सरदार पटेल की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने 160 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जिनमें एकता नगर से अहमदाबाद तक हेरिटेज ट्रेन का शुभारंभ शामिल है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर सबको राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस की विभिन्न टुकड़ियां एवं बैंड शामिल हुए। श्री मोदी ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा, आज पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। कोरोना के बाद से कई देशों की अर्थव्यवस्था की हालत चरमरा गई है, बहुत खराब है। बहुत सारे देश 30-40 सालों की सबसे ज्यादा महंगाई से आज जूझ रहे हैं। उन देशों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। हम एक के बाद एक चुनौतियों को पार करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हमने नए रिकॉर्ड बनाए हैं, हमने नए पैमाने भी बनाए हैं। पिछले नौ साल में देश जिन नीतियों और निर्णयों के साथ आगे बढ़ा है, उसका प्रभाव भी आज जीवन के हर क्षेत्र में देख रहे हैं।

कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी के इजरायल हमास संघर्ष के बारे में लेख के दो दिन बाद श्री मोदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, देश की एकता के रास्ते में, हमारी विकास यात्रा में सबसे बड़ी रुकावट है तुष्टीकरण की राजनीति। भारत के बीते कई दशक साक्षी हैं कि तुष्टीकरण करने वालों को आतंकवाद, उसकी भयानकता और उसकी विकरालता कभी दिखाई नहीं देता। तुष्टीकरण करने वालों को मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े होने में संकोच नहीं हो रहा है। वे आतंकी गतिविधियों की जांच में कोताही करते हैं, वे देशविरोधी तत्वों पर सख्ती करने से बचते हैं। तुष्टीकरण की ये सोच इतनी खतरनाक है कि वे आतंकियों को बचाने के लिए अदालत तक पहुंच जाती है। ऐसी सोच से किसी समाज का भला नहीं हो सकता। इससे कभी देश का भी भला नहीं हो सकता। एकता को खतरे में डालने वाली ऐसी सोच से हर-पल, हर समय,

» पेज 2 भी देखें



### हम देश से गरीबी को खत्म कर सकते हैं: मोदी

**एकतानगर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में गरीबी कम हो रही है। उन्होंने कहा, '' पांच वर्षों में साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इससे हमें यह विश्वास मिला है कि हम देश से गरीबी को खत्म कर सकते हैं। हमें इसी दिशा में निरंतर आगे बढ़ते ही रहना है। '' श्री मोदी ने गुजरात के दो दिन के दौरे के दूसरे दिन यहां राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में शामिल होते हुये कहा,'' हमें कुछ बातों को कभी भूलना नहीं है, उसे सदा-सर्वदा याद भी रखना है। मैं आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रत्येक देशवासी से, इस बारे में मेरे मन के भाव, आज उनके सामने मैं प्रकट करना चाहता हूं। आज पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। कोरोना संकट के बाद से कई देशों की अर्थव्यवस्था की हालत चरमरा गई है। बहुत सारे देश 30-40 सालों की सबसे ज्यादा महंगाई से आज जूझ रहे हैं। उन देशों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भी भारत दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। '' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गरीबी कम हो रही है। पांच वर्षों में साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। प्रत्येक भारतवासी के लिए यह समय बहुत महत्वपूर्ण है। किसी को भी ऐसा कोई काम नहीं करना है, जिससे देश की स्थिरता पर आंच आए। उन्होंने कहा, '' हमारे कदम भटकने से हम लक्ष्य से भी भटक जाएंगे। जिस परिश्रम से 140 करोड़ भारतीय देश को विकास के पथ पर लेकर आये हैं, वह कभी भी व्यर्थ नहीं होना चाहिये। हमें भविष्य को ध्यान में रखना है और अपने संकल्पों पर डटे रहना है। '' उन्होंने कहा, '' मैं इस पावन अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चरणों में नमन करता हूँ। मैं सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएँ देता हूँ। ''

गाजा के सुरंगों में चलेगा इजरायल का नया हथियार

# स्पंज बम जल्द ही पत्थर बन जाता है



- इसके फटने से कोई आवाज नहीं होती
- ढेर सारा झाग छोड़कर पत्थर बन जाता है
- इसकी चपेट में आने वाला भी जम जायेगा

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** इजरायल पहले से ही नये नये हथियार तैयार करने के लिए चर्चित है। उसके आयरन डोम ने अनेक नागरिकों की जान बचाने का काम किया है। अब गाजा में हमास के आतंकियों को सजा देने के लिए इजरायल नया कदम उठाने जा रहा है। आतंकी सुरंगों से आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। अब इजराइल को उस सुरंग को बंद करने की जल्दी है। इसलिए उन्होंने एक खास बम बनाया। दिलचस्प बात यह है कि वह बम फटता नहीं है। लेकिन, जहां बम गिराया जाता है, वहां बहुत सारा झाग निकलता है। और वह झाग फिर से पत्थर जैसा कठोर हो जाता है। इजराइल का लक्ष्य इन बमों से सुरंगों को बंद करना है। अगर उस वक्त सुरंग में कोई आतंकवादी भी मौजूद हो तो वह ठोस चट्टान में बदल जाएगा। इजराइल ने पूरे वर्ष विभिन्न हथियारों का प्रयोग किया। विभिन्न देश इजराइल से हथियार भी खरीदते हैं। अब जब इजराइल ने स्पंज बम बना लिया है। देश के रक्षा बल हमास आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए सुरंगों को बंद करना आवश्यक मानते हैं। क्योंकि आतंकवादी इस सुरंग का इस्तेमाल भागने या छिपने के लिए करते हैं। इजराइल रक्षा बलों का मानना है कि हमास के आतंकवादी भी इन सुरंगों में हथियार छिपाते हैं। वहां से रॉकेट भी लॉन्च किए जाते हैं। यदि उन सुरंगों को मिट्टी या सीमेंट से बंद कर दिया जाए तो काफी समय लग जाएगा। इसलिए इजराइल समय और पैसे की बबार्दी को रोकने के लिए स्पंज बम का इस्तेमाल करने जा रहा है। दुनिया में इससे पहले कभी भी स्पंज बम का इस्तेमाल नहीं किया गया। संभवतः पहली बार इसका प्रयोग हो रहा है। यह बम फटने के बाद काफी

» पेज 2 भी देखें

आईसीएमआर के आंकड़ों की चोरी से केंद्र सरकार हैरान

# 82 करोड़ लोगों के कोरोना रिकार्ड बेचे जा रहे हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** दुनिया लंबे संघर्ष में व्यावहारिक रूप से कोरोना महामारी को हराने में सफल रही है। लेकिन कोरोना टेस्ट को लेकर एक बड़े साइबर हमले की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीएमआर से इस जानलेवा वायरस का टेस्ट कराने वालों में करीब 82 करोड़ भारतीयों के आईडी कार्ड ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं। आईसीएमआर द्वारा निजी जानकारी लीक होने की शिकायत पर सीबीआई तभी गौर करेगी जब वह लिखित में दी गई हो। एक्स हैंडल वाले एक व्यक्ति ने लीक की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने कहा कि 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों की निजी जानकारी डार्क वेब पर बेची जा रही है। इसमें आधार कार्ड और पासपोर्ट की जानकारी शामिल है। कोविड टेस्ट रिपोर्ट से नाम, फोन नंबर, पता जैसी कई जानकारियां हटा दी गई हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, पिछले फरवरी से आईसीएमआर पर कई बार साइबर हमले हो चुके हैं। खबर केंद्रीय एजेंसी के पास भी थी। आईसीएमआर सर्वर को हैक करने की कम से कम 6 हजार कोशिशें की जा चुकी हैं। जिसके खिलाफ कई कदम भी उठाए गए। हालांकि, इस बार यह संख्या काफी बढ़ गई है, इसलिए साइबर विशेषज्ञ व्यावहारिक रूप से चिंतित हैं। वहीं आम लोगों की जानकारी लीक न हो इसके लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रालय भी इस कार्यक्रम में आया है। क्या-क्या सावधानियां बरती जा

» पेज 2 भी देखें

ईडी के समन के बाद भी आक्रामक हुई आम आदमी पार्टी

# मोदी को केजरीवाल से लगता है डर : आतिशी



नयी दिल्ली: आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डर लगता है इसलिए दो नवम्बर को उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी है। सुश्री आतिशी ने कहा कि श्री केजरीवाल से खौफ खाए बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी में है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी उनकी पार्टी को ख़त्म करना चाहते है, यही कारण कि एक के बाद एक झूठे आरोपों में पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा अपने खिलाफ आवाज़ उठाने वालों को जेल डालना, सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग करना सिर्फ अरविंद केजरीवाल पर ख़त्म नहीं होगा, इंडिया गठबंधन का हर नेता इसकी जद में आएगा। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल को ईडी ने समन भेजा है। हर ओर से खबर आ रही है कि दो नवंबर को ईडी अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार कर जेल में डाल देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पता है कि, वह आम आदमी पार्टी को नहीं हरा सकते है इसलिए पार्टी को खत्म करने के लिए एक एक नेता को जेल में डाला जा रहा है। आप नेता ने कहा कि एक के बाद एक भाजपा अपनी सीबीआई और ईडी का प्रयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डालने का प्रयास कर रही है। यह लोकतंत्र को ख़त्म करने का प्रयास है। उन्होंने कहा वह प्रधानमंत्री को बताना चाहते हैं कि आम आदमी पार्टी के नेता जेल जाने से नहीं डरते है, झूठे केसों से नहीं डरते है। हम इस देश के संविधान को बचाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने अपनी दलील दी

# जनता को चंदा जानने का अधिकार नहीं

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** मोदी युग में पेश किए गए चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में कॉर्पोरेट संस्थाओं पर चुनावी बॉन्ड के जरिए चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को गुप्त रूप से धन दान करने का आरोप लगाया गया था। केंद्र के वकील और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि आम लोगों को यह जानने का अधिकार नहीं है कि देश की राजनीतिक पार्टियां किस तरह से फंड इकट्ठा कर रही हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने सोमवार को चुनावी बांड की वैधता पर मामले की सुनवाई करते हुए कहा, यह मुद्दा संविधान के अनुच्छेद तीन के अनुसार भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों के अंतर्गत नहीं आता है।

चुनावी बांड की ओर से शीर्ष अदालत में दायर एक लिखित जवाब में केंद्र के वकील ने दावा किया कि यह उचित है कि चुनावी बांड में राजनीतिक दलों के फंड में गुमनाम दानकताओं को गुप्त रखा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के अनुसार, एक नागरिक को राजनीतिक दलों की आय के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा, इस मामले में केंद्र सरकार के पास 'उचित प्रतिबंध'

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** भविष्य में दुनिया भर में बिजली चालित वाहनों का जोर

# अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीक का काम प्रगति पर

- आग लगने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी
- उच्च गुणवत्ता से रफ्तार भी ठीक होगी
- लागत को और कम करना भी एक लक्ष्य

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** निरंतर जारी प्रयोग से यह पता लगाया गया है कि नई बैटरी तकनीक से सुरक्षित, उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रिक वाहन बन सकते हैं। इंजीनियरिंग शोधकताओं ने अगली पीढ़ी की लिथियम बैटरियों को होने वाले नुकसान को रोकने का तरीका विकसित किया है। लिथियम बैटरियां कैसे विफल होती हैं, इसका अध्ययन करने वाले मैरीलैंड विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है जो ऊर्जा भंडारण को बढ़ाते हुए अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और अन्य उपकरणों को सक्षम कर सकती है जिनमें बैटरी में आग लगने का खतरा कम होता है। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक पेपर में प्रस्तुत की गई नवीन विधि, लिथियम डेंड्राइट्स के विकास को रोकती है - तथाकथित ऑल-सॉलिड-स्टेट लिथियम बैटरी के अंदर विकसित होने वाली शाखा जैसी संरचनाओं को नुकसान पहुंचाती है, जो कंपनियों को आशाजनक तकनीक का व्यापक रूप से व्यावसायीकरण करने से रोकती है। लेकिन केमिकल और बायोमोलेक्युलर इंजीनियरिंग विभाग

» पेज 2 भी देखें

### यह वैज्ञानिक बहस का विषय बना हुआ है

वांग ने कहा, ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियों से ऐसी कारें बन सकती हैं जो मौजूदा इलेक्ट्रिक या आंतरिक दहन मॉडल की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं, लेकिन कमियों को दूर करने की रणनीति बनाना श्रमसाध्य था। जब इन बैटरियों को इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग वाली उच्च क्षमता और चार्जिंग-डिस्चार्जिंग दरों पर संचालित किया जाता है, तो लिथियम डेंड्राइट कैथोड की ओर बढ़ते हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट और क्षमता में कमी आती है। उन्होंने और पोस्टडॉक्टोरल एसोसिएट हांगली वान ने 2021 में लिथियम डेंड्राइट वृद्धि के गठन के लिए एक सिद्धांत विकसित करना शुरू किया; शोधकताओं ने कहा, यह वैज्ञानिक बहस का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा, उस हिस्से का पता लगाने के बाद, हमने इंटरलेयर्स को फिर से डिजाइन करने का विचार प्रस्तावित किया जो लिथियम डेंड्राइट वृद्धि को प्रभावी ढंग से दबा देगा।

सिंगूर जमीन अधिग्रहण पर न्यायाधिकरण का फैसला आया

# टाटा को सूद सहित पैसे देगी राज्य सरकार

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाता:** टाटा मोटर्स को पश्चिम बंगाल सरकार को मुआवजे के तौर पर 765.78 करोड़ रुपये देने होंगे। टाटा समूह ने कहा कि तीन सदस्यीय मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने सिंगुर में नैनो फैक्ट्री को बंद करने के मद्देनजर यह आदेश दिया। उनका दावा है कि राज्य सरकार को सितंबर 2016 से 11 फीसदी की दर से ब्याज भी देना होगा। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार के लिए आदेश को चुनौती देने के लिए कानूनी रास्ते खुले हैं। सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को दिए एक बयान में, टाटा ने कहा, सिंगूर ऑटोमोबाइल फैक्ट्री मामले को 30 अक्टूबर, 2023 को तीन सदस्यीय मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा सुलझा लिया गया है।

» पेज 2 भी देखें

**हालात** 20 वर्ष में दीमक की तरह चाट गए लोग, हेमंत सोरेन का बीजेपी पर हमला

# अभी सत्ता से बाहर किया है, आगे राज्य से बाहर किया जाएगा :सीएम

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** अभी सत्ता से बाहर किया है आने वाले वक्त में राज्य से बाहर किया जाएगा, यह तीखे बोल राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में कही है। मंगलवार को पलामू में प्रमंडलीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। मेला को सीएम ने करीब 40 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई राजनीतिक बातें कही और विपक्ष पर कई सवाल उठाए।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि कौन चीज का भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार की परिभाषा क्या है। ये भ्रष्टाचार का भोंपू लेकर घूमने वाले लोग राज्य को दीमक की तरह चाट गए हैं। चिंता नहीं करनी है सरकार के दामन पर दाग नहीं लगने वाला है। कोयला, लोहा, गिट्टी, बालू को लेकर सरकार को बदनाम किया जा रहा है। 100 वर्षों में हमारे लोगों को काम नहीं मिला। कोयला की ताकत से देश रौशन होता है लेकिन हमें बिजली नहीं दी जाती है। राज्य में खेती किसानी को मजबूत किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि परंपरागत लोकनृत्य और स्वागत करने वालों के लिए नीति बनेगी ताकि उनके लिए बेहतर किया जा सके। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना प्राथमिकता होनी चाहिए, चाहे सरकार केंद्र की हो या राज्य की। कई लोग खुद से रोजगार ढूंढ लेते हैं लेकिन सरकार एक कड़ी के रूप में खड़ी रहती है। राज्य के 30 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी गई है। रोजगार देने का एक मुहिम तैयार किया गया है। राज्य के लोग मजबूरी में बाहर जाएं ठीक नहीं है। बाहर में 500 दिहाड़ी पर लोग काम करते है राज्य में ही 250 से 300 का रोजगार मिल जाए तो बेहतर होगा।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र की सरकार आवास योजना का पैसा नहीं दे रही है। कई बार गुहार लगाई गई, फिर भी पैसा नहीं भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। झारखंड की सरकार गरीबों का घर बनाएगी इसलिए अबुआ आवास योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत आठ लाख घर बनाए जाएंगे। देश के अंदर नई-नई नीति से गरीबो के पेट पर लात मारा जा रहा है।सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि महंगाई बढ़ गई है लेकिन इसे नियंत्रित नहीं किया जा रहा है, राज्य द्वारा पहल करने पर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। 11 लाख राशन कार्डधारियों का नाम काट दिया गया था। दाल देने में दिक्कत हो रही है, जनता के लिए ही नहीं सरकार के लिए भी महंगाई बढ़ी है। किसान अपनी पद्धति को बदलें और नए तरह की खेती करें, सरकार मदद करेगी। एशियन हॉकी चैंपियनशिप पहली बार देश के झारखंड में आयोजित हो रहा है। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया जा रहा है। गांव-गांव में खेल का मैदान तैयार किया जा रहा है।

## झारखंड में मुख्यमंत्री गाड़ी योजना शुरू होगी, पलामू में सीएम हेमंत सोरेन ने की घोषणा



**पलामू:** राज्य के ग्रामीण इलाके में लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए झारखंड में मुख्यमंत्री गाड़ी योजना शुरू की जाएगी। इसकी घोषणा सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में कर दी है। इसके अलावा लोक कलाकारों के लिए भी नयी योजना लाने की घोषणा सीएम ने की है। नथिंग इज बेटर दैन समथिंग, खाली दिमाग शैतान का घर होता है, कुछ तो हो रहा है, यह एक शुरूआत है। ये बात सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया के सवालों के जवाब में कही हैं। मीडिया द्वारा यह पूछा गया कि युवाओं को बाहर रोजगार दिया जा रहा है। इसी सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि यह पहला पड़ाव नहीं है, युवा हैं अभी से सभी आगे बढ़ेंगे।मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन पलामू में प्रमंडलीय रोजगार मेला में भाग लेने के दौरान इसकी घोषणा की। सीएम ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि ग्रामीण इलाके में लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए इस योजना को तैयार किया गया है, इसके तहत ग्रामीण इलाके में बस सेवा शुरू की जाएगी। इस दौरान मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए योजना तैयार की जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। बिरसा हरित ग्रामीण योजना के तहत फलदार पेड़ लगाया गया और किसानों को इसका लाभ हो रहा है। पीएम आवास योजना के लिए केंद्र सरकार को लगातार पत्र लिख रही है लेकिन पैसा नहीं मिल रहा है।इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि ये खुशी का दिन है, आज युवाओं को हुनरमंद बनाया जा रहा है, प्रशिक्षण के लिए सभी को यात्रा भत्ता दिया जाएगा। बिरसा योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। झारखंड के ग्रामीण इलाके के विकास के लिए खाका तैयार किया जा रहा है। क्योंकि यहां खनिज संपदा रहने के बावजूद रोजगार नहीं मिल रहा है। इसके अलावा श्रम मंत्री ने झारखंड की कई जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की।पलामू में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला में 5132 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिया गया।

## पलामू के 5132 युवाओं को मिला जॉब ऑफर लेटर



**पलामू:** प्रमंडल के 5132 युवाओं को जॉब का ऑफर लेटर दिया गया है। सभी युवाओं को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत पहले ट्रेनिंग दी गई थी। उसके बाद निजी क्षेत्र की कंपनियों में नौकरी दी गई है। सभी युवाओं को मुख्यमंत्री सारथी योजना से जोड़ा गया था। उसके बाद ट्रेनिंग दी गई। कुछ युवाओं को आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में ट्रेनिंग दी गई है।पलामू में मंगलवार (29 अक्टूबर) को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेला में सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख भाग ले रहे हैं। मंच से सांकेतिक रूप से 1500 युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा रहा है। ऑफर लेटर लेने वाले युवाओं एक साथ ईटीवी भारत ने बातचीत की।बड़ी संख्या में लड़कियों को नौकरी दी गई है। पलामू के छतरपुर की रहने वाली लड़कियों ने बताया कि उन्हें तमिलनाडु में नौकरी मिली है। उन्हें टेलरिंग और मशीन हेल्पर में नौकरी दी गई है। लड़कियों ने बताया कि वे बेहद ही खुश हैं। उन्हें घर से बाहर जाना पड़ रहा है लेकिन नौकरी की खुशी है।




## सीएमपीडीआई में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीएमपीडीआई ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता में पटेल जी द्वारा निभाई गई भूमिका को याद किया। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एकता दौड़/रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा, निदेशक अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। क्षमता निर्माण की दिशा में नैतिकता और शासन पर एक सत्र का आयोजन सीएमपीडीआई और सीसीएल ने संयुक्त रूप से मंगलवार को संस्थान के मयूरी हॉल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के भाग के रूप में क्षमता निर्माण की दिशा में नैतिकता और शासन विषय पर एक सत्र का आयोजन किया।इस सत्र में विशिष्ट अतिथि डॉ प्रवीण कुमारी सिंह, अपर सचिव, मुख्य सतर्कता आयोग, भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक कर्मी सुशासन के लिए जिम्मेदार है और उन्हें अपने जीवन में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी को अंगीकार करना चाहिए। डॉ सिंह ने कहा कि सुशासन सुनिश्चित करने के लिए संगठनों व संस्थानों को अपने दृष्टिकोण और मिशन दस्तावेजों और आचरण नियमों आदि में नैतिक तरीकों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संगठन का अस्तित्व कर्मियों द्वारा पालन किए जाने वाले नैतिक मानकों पर निर्भर करता है। कई संगठनों एवं व्यक्तियों के वास्तविक जीवन के उदाहरण प्रस्तुत किए जो भ्रष्ट आचरण के कारण पतन की ओर अग्रसर होते हैं। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि नैतिकता किसी भी संगठन की आधारशिला होनी चाहिए और किसी भी संगठन के समुचित कामकाज के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण अंग है। सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री सुमीत कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्णय लेने में नैतिकता के एकीकरण और अच्छी नैतिक प्रथाओं को अपनाने से भ्रष्टाचार के मुद्दे का समाधान होगा। इसके पूर्व, गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात सीआईएल का कॉरपारेट गीत का गायन हुआ। इस अवसर पर निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा, निदेशक अच्युत घटक, सीसीएल के निदेशक राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री पहुंचे पलामू, हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू आगमन पर चियांकी हवाई अड्डा पर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। चियांकी हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे भी थे।मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड के मंत्री सत्यानंद भोक्ता चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे थे। मंत्रीदव्य को प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं उपायुक्त शशि रंजन आदि ने स्वागत किया। हवाई अड्डा पर उक्त पदाधिकारियों के अलावा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित थे।

**श्रद्धांजलि** भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें याद किया गया

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार वल्लभ भाई पटेलः मरांडी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।श्री मरांडी ने कहा कि सरदार साहब भारत की राष्ट्रीय एकात्मता एवम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे।कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार साहब ने 500से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कहा कि सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहते थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सरदार पटेल के सपनो का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा। वे केवल कुशल राजनेता ही नही बल्कि कुशल प्रशासक भी थे। सरदार साहब ने राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय प्रशासनिक तंत्र को भी विकसित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय,प्रदेश मंत्री काजल प्रधान प्रतुल शाहदेव,राजीव रंजन मिश्र,अशोक बड़ाइक,तारिक इमरान आदि शामिल हैं।



## पेज एक का शेष

### तुष्टीकरण करने वाले अब .. ..

देश के हर कोने में, हर देशवासी को सावधान रहना है। प्रधानमंत्री ने कहा, अभी देश में चुनाव का भी माहौल बना हुआ है। राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल ही रही है और अगले साल लोकसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। देश में एक बहुत बड़ा राजनीतिक धड़ा ऐसा है जिसे सकारात्मक राजनीति का कोई तरीका नहीं दिख रहा। दुर्भाग्य से ये धड़ा ऐसे-ऐसे हथकंडों को अपना रहा है, जो समाज और देश के खिलाफ है। ये धड़ा अपने स्वार्थ के लिए देश की एकता अगर टूटती भी है, तो उनके लिए, उनका स्वार्थ सर्वोपरि है। इसलिए इन चुनौतियों के बीच आप मेरे देशवासी, जनता-जनार्दन, आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। हमें निरंतर एकता के मंत्रों को जीना है। एकता को साकार करने के लिए हमें अपना निरंतर योगदान देना है। हम जिस भी क्षेत्र में हो, हमें उसमें अपना शत-प्रतिशत देना है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का केवल ये उत्तम से उत्तम मार्ग है।

### स्पंज बम जल्द ही पत्थर .. .. ..

मात्रा में झाग छोड़ता है। और वह फोम कुछ ही समय में कंक्रीट की तरह सख्त हो जाता है। यानी अगर ये बम सुरंग में फट गए तो ये पूरी तरह से बंद हो जाएगी। अंदर से कोई बाहर नहीं निकल सकता। कोई भी बाहर से प्रवेश नहीं कर सकता। यह स्पंज बम प्लास्टिक के पैकेट में आता है। दो अलग-अलग रसायन हैं। इन रसायनों को धातु की प्लेट या छड़ द्वारा अलग रखा जाता है। उस छड़ को हिलाने से केवल दो रसायन मिश्रित होते हैं। फिर एक झागदार तरल इमल्शन बनाता है। जो हवा के संपर्क में आने पर तेजी से फैलता है। वह निरन्तर पत्थर के समान कठोर हो जाता है। जहाँ तक झाग फैलता है, वैसे ही ठोस चट्टान भी फैलती है। इससे पहले जब इजरायली कमांडो ने सुरंगों पर छापा मारा था तो उन्हें सुरंगें आतंकियों का अखाड़ा लगी थीं। इजरायली सेना को तुरंत लगा कि सुरंगों को बंद करने की जरूरत है। तभी स्पंज बम की योजना बनाई गई। विशेषज्ञों के मुताबिक यह स्पंज बम उग्रवादियों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे उग्रवादियों की वृद्धि में कमी आएगी। संयोग से, अमेरिका ने इस तरह की गोली का इस्तेमाल पहले 1990 के दशक में किया था। सोमालिया में दंगाइयों पर काबू पाने के लिए अमेरिकी सेना ने अल्ट्रा-चिपचिपी फोम गोलियों का इस्तेमाल किया। उन गोलियों से निकले झाग ने उग्रवादियों के हाथ-पैर बांध दिये। इसी तरह अमेरिकी सेना उन्हें गिरफ्तार करती थी।

### 82 करोड़ लोगों के कोरोना .. ..

सकती हैं, इस पर भी चर्चा चल रही है। बता दें कि कोरोना महामारी के दौर में कोविन बड़े भरोसे का पोर्टल बन गया। केंद्र सरकार की इस वेबसाइट से कोरोना वैक्सीन के लिए रजिस्ट्रेशन आसानी से किया जा सकेगा। टीकाकरण की तारीख और जगह घर बैठे बुक की जा सकेगी। लेकिन उस वेबसाइट से भी फर्जी सर्टिफिकेट फैलने के आरोप लगे थे! इस बार हमारी सार्वजनिक जानकारी को डार्क वेब पर बेचने का मामला सामने आया। हाल ही में खुद प्रधानमंत्री ने भी इस कोविन पोर्टल के लाभ के लिए अपने सरकार के प्रयासों की सराहना की थी। अब वहीं से यह सूचनाएं लीक हुई हैं, ऐसा माना जा रहा है।

### जनता को चंदा जानने का .. ..

लगाने की शक्ति है। अटॉर्नी जनरल ने पांच जजों की पीठ से कहा कि ऐसे प्रतिबंध मौलिक अधिकारों पर भी लगाए जा सकते हैं। यह बांड मोदी सरकार ने लॉन्च किया था । दिवंगत अरुण जेटली ने 2018 में चुनावी बांड की घोषणा की थी जब वह केंद्रीय वित्त मंत्री थे। मोदी सरकार ने 2017 के वित्त विधेयक के माध्यम से कानून में कई संशोधन लाकर 2018 से चुनावी बांड की शुरूआत की। परिणामस्वरूप, यदि कोई व्यक्ति या कॉर्पोरेट निकाय राजनीतिक दलों को चंदा देना चाहता है, तो उसे बांड खरीदना होगा और संबंधित पार्टी को देना होगा। 1 हजार, 10 हजार, 1 लाख, 10 लाख और 1 करोड़ के बॉन्ड उपलब्ध हैं। राजनीतिक दल निर्दिष्ट खातों में बांड भुना सकते हैं। लेकिन कौन कितना पैसा दे रहा है ये समझ नहीं आ रहा है।

चुनावी बांड आने के बाद इस मुद्दे की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठे थे। शिकायत थी कि विपक्षी दलों और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से केवल अपारदर्शिता बढ़ेगी। दुनिया के किसी भी देश में ऐसी व्यवस्था नहीं है, राजनीतिक दल बंधन तोड़ रहे हैं। नतीजतन, यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि कौन सा कॉर्पोरेट संगठन किसे वोट देने में मदद कर रहा है, बदले में उन्हें सत्तारूढ़ दल से क्या लाभ मिल रहा है।

सीपीएम और एडीआर नामक संगठन ने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनकी मांग है कि चुनावी बांड की बिक्री पर रोक लगाई जाए या बांड खरीदने वालों के नाम उजागर किए जाएं। लेकिन, केंद्र दानदाता का नाम उजागर करने की मांग भी मानने को तैयार नहीं है।

### अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीक .. .. ..

के प्रोफेसर चुनशेंग वांग के नेतृत्व में बैटरी इंटरलेयर का यह नया डिजाइन डेंड्राइट गठन को रोकता है, और ईवी के लिए व्यवहार्य ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरी के उत्पादन का द्वार खोल सकता है। वैज्ञानिक इस पर तेजी से काम कर रहे हैं क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि पारंपरिक इंधनों से चलने वाले वाहनों के स्थान पर बिजली चालित वाहन ही भविष्य में टिके रहेंगे।

वांग ने कहा, सॉलिड-स्टेट बैटरियां अगली पीढ़ी की हैं क्योंकि वे उच्च ऊर्जा और सुरक्षा प्राप्त कर सकती हैं। वर्तमान बैटरियों में, यदि आप उच्च ऊर्जा प्राप्त करते हैं, तो आप सुरक्षा का त्याग कर देंगे। उत्पाद के बाजार में आने से पहले शोधकताओं को अन्य चुनौतियां भी हल करनी होती हैं। ऑल-सॉलिड-स्टेट बैटरियों का व्यावसायीकरण करने के लिए, विशेषज्ञों को लिथियम-आयन बैटरियों के इलेक्ट्रोलाइट के समान मोटाई प्राप्त करने के लिए ठोस इलेक्ट्रोलाइट परत को कम करना होगा, जिससे ऊर्जा घनत्व में सुधार होगा - या बैटरी कितनी बिजली स्टोर कर सकती है। टीम ने कहा कि बुनियादी सामग्रियों की उच्च लागत एक और चुनौती है। 2026 तक नई बैटरियों को बाजार में उतारने का लक्ष्य रखते हुए, उन्नत बैटरी निमार्ता सॉलिड पावर ने व्यावसायीकरण की अपनी क्षमता का आकलन करने के लिए नई तकनीक का परीक्षण शुरू करने की योजना बनाई है।

### टाटा को सूद सहित पैसे .. .. ..

ट्रिब्यूनल ने सर्वसम्मति से टाटा मोटर्स को 765.78 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा। इसके अलावा 1 सितंबर 2016 से पूरा मुआवजा वसूल होने तक 11 फीसदी की दर से ब्याज देने का आदेश दिया गया है। पश्चिम बंगाल राज्य औद्योगिक विकास निगम के कॉर्पोरेट संचार प्रमुख सोमदत्त बसु ने कहा, हमारे पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

2006 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के बाद बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य ने सिंगुर में नैनो परियोजना की घोषणा की थी। इसी तरह राज्य सरकार ने सिंगुर में भूमि अधिग्रहण शुरू किया। लेकिन, कई लोगों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। उस समय की विपक्षी पार्टी तृणमूल अनिच्छुक किसानों के पक्ष में खड़ी हो गई और इस मामले पर आंदोलन शुरू कर दिया। कई आंदोलनों के बाद टाटा समूह ने राज्य से अपनी नैनो परियोजना वापस ले ली। दरअसल, 2011 में इसी सिंगूर आंदोलन के भरोसे तृणमूल नेता ममता बनर्जी ने राज्य विधानसभा में अपनी सीट का रास्ता साफ किया था। जैसा कि उन्होंने वादा किया था, तृणमूल सरकार का पहला कार्य सिंगूर के अनिच्छुक किसानों को जमीन वापस करने के लिए कानून बनाना था। यह ममता कैबिनेट की पहली बैठक में लिया गया पहला फैसला था।

टाटा ग्रुप को मुआवजा देने के आदेश की खबर पर सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा, राज्य के बेरोजगार लोगों को अपने सपने तोड़ने की सजा भुगतनी होगी। सिर्फ वो पैसा नहीं। 11 फीसदी ब्याज भी देना होगा। यह आंकड़ा 1600 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा। सलीम ने यह भी कहा, सिंगुर में जो तबाही हुई, उसके लिए भाजपा के साथ-साथ तृणमूल भी जिम्मेदार है।

## शहर >> अपडेट

### सेल रांची में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**रांची:** स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सेल रांची ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही इस्पात भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इसके बाद श्यामली कॉलोनी में ह्लरन फॉर यूनिटीह्व का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशकों के नेतृत्व में अधिकारियों, गैर-कार्यपालकों सहित अनुबंध श्रमिकों के विस्तारित परिवार एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूरे दृढ़ संकल्प और उत्साह के साथ इस दौड़ में भाग लिया। प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में अनुबंध श्रमिकों के बीच एकता दौड़ वाली टी-शर्ट का वितरण किया गया। निर्विक बनर्जी ईडी प्रभारी (आरडीसीआईएस) और आशीष चक्रवर्ती ईडी (एसएसओ और एचआरडी) ने सभी को एकता की शपथ दिलायी। एसके वर्मा ईडी (सीईटी) और वेदप्रकाश ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**कैदी फरार** सूरज को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रिम्स में इलाज के लिए लाया गया था

# पुलिस को चकमा देकर रिम्स से फिर कैदी हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

- दो माह पूर्व चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था
- सूरज मुंडा की हरकतें मानसिक रोगियों जैसी हो गई थी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रिम्स अस्पताल में इलाज करा रहा कैदी पुलिस की सुरक्षा को भेद फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद रिम्स में अफरा तफरी मच गई। बरियातू पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुटी हुई है। कैदी को रांची जेल से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया था।

बरियातू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरज मुंडा नाम का कैदी रिम्स से फरार हुआ है। सूरज को 10 अक्टूबर को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रिम्स में इलाज के लिए लाया गया था। सीसीटीवी फुटेज जांच में पुलिस को यह जानकारी मिली है कि सूरज मुंडा 31 अक्टूबर की अहले सुबह 2 से 3 बजे के बीच फरार हुआ है। रांची के चुटिया थाना क्षेत्र से सूरज मुंडा नाम को दो माह पूर्व चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार करने के बाद उसे रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था।जेल में बंद होने के बाद सूरज मुंडा की हरकतें मानसिक रोगियों जैसी हो गई थी। उसे जेल के डॉक्टर की सलाह के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया था। 10 अक्टूबर से ही सूरज मुंडा रिम्स अस्पताल में इलाजरत था। इसी बीच मौका पाकर वह फरार हो गया।पिछले महीने रांची के रिम्स अस्पताल से कैदी फरार हुआ था। पुलिस के दबाव की वजह से उसने कुछ दिन पहले अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। अब यह दूसरा मामला है जिसमें चोरी का आरोपी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गया। कैदी के फरार होने की सूचना पर मामले की जानकारी राजधानी के सभी थानों को दी गई है। कैदी के परिवार वालों को भी उसके फरार होने की जानकारी दी गई है। बरियातू पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुटी हुई है।

डीएवी पब्लिक स्कूल में

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में देश के पहले उप-प्रधानमंत्री व देश के प्रथम गृहमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती ह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्णके रूप में एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी के छाया चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शत शत नमन किया।उन्होंने कहा की भारत एक अनोखा राष्ट्र है,जिसका निर्माण विविध भाषा,संस्कृति,धर्म के तानो बानो,अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँध कर हुआ हैं।

## नगरपालिका संवर्ग परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप की जांच कराने में जुटा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नगर पालिका सेवा संवर्ग के 921 पदों के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा विवादों में आ गई है। रविवार को राज्य के तीन जिलों में अलग-अलग केंद्रों पर हुई परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र का पैकेट सील नहीं होने का आरोप लगाते हुए परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया था। परीक्षार्थियों के द्वारा गड़बड़ी की जताई गई आशंका के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सोमवार को सफाई दी है।झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का मानना है कि सील बंद कार्टून अथवा सील बंद प्रश्न पुस्तिका पैकेट का सेल क्षतिग्रस्त रहने अथवा खुला रहने की सूचना किसी भी परीक्षा केंद्र से आयोग को प्राप्त नहीं हुई है और ना ही प्रश्न पत्र लीक होने की सूचना कहीं से मिली है। आयोग का मानना है कि किसी प्रश्न पुस्तिका के पेपर सील न होने अथवा क्षतिग्रस्त पेपर सील के साथ वितरित होने की अवस्था में भी प्रश्न पत्र की गोपनियता भंग होने का प्रश्न ही नहीं उठता है।मीडिया में आई खबरों के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की नींद खुली है। आयोग के सचिव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि इस मामले की जांच की जा रही है कि जो खबरें आ रही है वह कितनी सत्य हैं। क्योंकि परीक्षा के दौरान प्रश्न पुस्तिका या उत्तर पुस्तिका कम या क्षतिग्रस्त या मुद्रण त्रुटि होने की अवस्था में अभ्यर्थियों को सील बंद बफर पैकेट से उपलब्ध कराए जाने का नियमानुसार प्रावधान है। फिर भी आयोग द्वारा इसकी विस्तृत जांच की जा रही है और जांचोंपरांत नियमानुसार कार्रवाई अविलंब की जाएगी।गौरतलब है कि 29 और 30 अक्टूबर को राज्य के तीन जिलों में नगरपालिका सेवा संवर्ग के 921 विभिन्न पदों के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा परीक्षा आयोजित की गई। जिस दौरान रविवार को राजधानी रांची के एक परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया। छात्रों का कहना था कि प्रश्न पत्र बांटे जाने के वक्त कुछ का पैकेट सील नहीं था, क्रमांक भी कई प्रश्न पत्रों पर लिखा नहीं था। कुछ पैकेट पर हाथ से क्रमांक लिखा गया था। जिससे गड़बड़ी होने की आशंका जताई जा रही है।

## झारखंड में लाभुकों का सत्यापन शुरू, एक लाख शिल्पकारों-कारीगरों को मिलेगा लाभ

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 17 सितंबर को शुरू की गयी पीएम विश्वकर्मा योजना से झारखंड के शिल्पकारों-कारिगरों का सत्यापन शुरू हो गया है। इस संबंध में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार, मिनस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट सचिव अतुल कुमार तिवारी व सचिव माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज एससीएल दास ने संयुक्त रूप से झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र भी लिखा है और योजना के तहत लाभुकों के सत्यापन के लिए उचित कार्रवाई को कहा है। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए पहले ही नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। इस योजना के तहत लाभुकों को चिंहित्त का उन्हें सस्ते दर पर स्वरोजगार के लिए लोन दिया जायेगा, उनका कौशल विकास किया जायेगा इसमें स्टाइपेंड भी दिया जायेगा। डिजीटल ट्रांजेक्शन करने पर इसेंटिव भी मिलेगा। 18 तरह के पारंपरिक शिल्पकारों को इस योजना से आच्छादित किया जाना है।केंद्र सरकार ने योजना की सफलता के लिए राज्य सरकार का सहयोग मांगा है।

सभी जिलों-प्रखंड-पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर के जरिये लाभुकों का इनरॉलमेंट कराने का अनुरोध किया है। राज्य स्तर पर जिला स्तर पर गठित निगरानी व अनुश्रवण समिति के जरिये इस योजना की लगातार निगरानी करने ओर जल्द से जल्द लाभुकों के सत्यापन कराने को कहा है। पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग व नगर विकास विभाग के जरिये सभी ग्राम पंचायत, प्रखंड व नगर निकायों के अंतर्गत शिल्पकारों-कारीगरों को चिंहित्त कर उन्हें इस योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। जिला अधिकारियों को इस योजना की सफलता के लिए बैठक कर लगातार योजना की निगरानी करने का निर्देश भी देने को कहा गया है।

यह योजना शत प्रतिशत भारत सरकार के फंड से आच्छादित है। योजना के तहत शिल्पकारों को एक लाख रुपये तक का लोन पांच प्रतिशत ब्याज पर दिया जायेगा। इसके माध्यम से गुरू-शिष्य परंपरा के तहत कौशल कार्यो को बढ़ाने वाले कामगारों का कौशल विकास भी किया जायेगा। इस वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्षै 2027-28 तक भारत सरकार पांच वर्षो की अवधि में 13000 करोड़ रुपये खर्च किया जायेगा। इससे पूरे देश में 30 लाख कारीगरों को भी लाभ मिलेगा। झारखंड में भी एक लाख कारिगरों को इसका लाभ मिलने की संभावना है।बढ़ई, नौका बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाला, लोहार, हथौड़ा एवं औजार बनाने वाले, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, दरी, झाडू एवं टोकरी बनाने वाले, गुड़िया व खिलौना निमार्ता, नाई, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले आदि शामिल हैं।

## कांके में छठ घाटों की हुई सफाई



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मन्दिर के उत्तर स्थित जुमार नदी किनारे पशुपतिनाथ छठ घाट की सफाई नवयुवकों द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर की गई। सफाई अभियान आरवीसी परिसर में रहने वाले अमरजीत पासवान, विशु मंडल और दिलीप उरांव के नेतृत्व में चलाया गया। सफाई के दौरान आरवीसी से जुमार नदी पुल जाने वाली सड़क के दोनों और बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट डंप किया हुआ पाया गया। सफाई अभियान दल द्वारा सड़क के दोनों किनारे मेडिकल वेस्ट डंप किये जाने पर कार्रवाई किये जाने का बोर्ड भी लगा दिया गया है। सफाई दल में मिथलेश यादव, कन्हैया पासवान, अंकित राम, विशेष कुमार, सोनू पंडित, रोहित कुमार राम, निखिल सिंह, रॉकी राम, विनोद राम, आयुष कुमार, राजू कुमार राम, निखिल कुमार पासवान, पंकज गाड़ी आदि शामिल थे। सफाई अभियान में शामिल लोगों द्वारा बीएयू के सुरक्षा पदाधिकारी को पशुपतिनाथ मन्दिर, छठ घाट और नदी किनारे आसपास के अस्पतालों द्वारा मेडिकल वेस्ट डंप किए जाने की जानकारी दी गयी जिसके बाद सुरक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने कांके थाना में लिखित शिकायत की ।

**दौरा** झारखंड स्थापना दिवस के साथ-साथ जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर

# जहां भगवान बिरसा मुंडा ने दी शहादत उस मंडल कारा को देखने आएंगे पीएम मोदी

- पीएम के कार्यक्रम के दौरान करीब 500 सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे
- पीएम मोदी का झारखंड दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंडल कारा के उस पवित्र स्थान का दर्शन करने आ रहे हैं, जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की कैद के बाद अंतिम सांस ली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू का दौरा करने के बाद रांची के पुराने जेल परिसर का भी दौरा करेंगे, जिसे आज बिरसा मुंडा संग्रहालय के नाम से जाना जाता है।झारखंड स्थापना दिवस के साथ-साथ जनजातीय गौरव दिवस के इस शुभ अवसर पर पीएम मोदी का झारखंड दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। 15 नवंबर को पीएम मोदी करीब 20 मिनट तक रांची के पुराने जेल परिसर में रहेंगे। इस दौरान वह भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पुरानी जेल के बैरक नंबर 4 का दौरा करेंगे, जिसे संग्रहालय के रूप में विकसित किया गया है। इसी कमरे में भगवान बिरसा मुंडा को अंग्रेजों ने बंदी बनाकर रखा था, जहां उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी थी।प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। संग्रहालय के अंदर और बाहर सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को स्थानीय प्रशासन की ओर से निरीक्षण भी किया गया। पीएम के कार्यक्रम के दौरान करीब 500 सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे।

झारखंड की धरती पर अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था। सुगना और करमी के घर जन्मे इस आदिवासी योद्धा ने महज 25 साल में आजादी के आंदोलन में जिस तरह भूमिका निभाई, वह स्वर्णिम इतिहास बन गई है। शायद यही वजह है कि लोगों ने उन्हें कोई सामान्य आंदोलनकारी नहीं बल्कि भगवान का दर्जा दिया, जो न सिर्फ झारखंड बल्कि देश के कोने-कोने में व्याप्त है। भारत सरकार ने भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। पीएम के आगमन को लेकर यहां रोजाना आने वाले पर्यटकों में काफी उत्साह है। इस म्यूजियम और पार्क को देखने के लिए वाराणसी से आए अब्दुल भाई का कहना है कि पीएम मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, उनका दौरा वाकई महत्वपूर्ण है। हम वाराणसी से आये हैं, उन्होंने काशी बदल दी है। भले ही यहां किसी दूसरी पार्टी की सरकार हो लेकिन प्रधानमंत्री तो प्रधानमंत्री ही हैं। इसी तरह बंगाल से आईं निकिता का कहना है कि यह म्यूजियम बहुत ही खूबसूरती से तैयार किया गया है। हम भी पीएम मोदी को देखने के लिए उत्साहित हैं। बिरसा मुंडा के गांव की ग्रामीण बिरसामिन कच्छप कहती हैं कि यह वह पवित्र स्थान है जहां हमारे भगवान शहीद हुए थे। हम प्रधानमंत्री के इस धरती पर आने से बेहद खुश हैं।

### डोरंडा कॉलेज में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



**रांची:** अभाविप की डोरंडा महाविद्यालय इकाई ने महाविद्यालय अध्यक्ष गोपाल चौहान के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए प्रधानाचार्य को एक 11 सूत्री मांग- पत्र सौंपा है। महानगर मंत्री रोहित शेखर ने बताया कि अभाविप ने महाविद्यालय प्रशासन से छात्रों की समस्याओं के अविलंब समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि अभाविप ने हमेशा छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रखर रूप से काम किया है। इसी क्रम में महाविद्यालय प्रशासन को मांग-पत्र सौंपा गया है। 11 सूत्री मांग-पत्र में एनसीसी को स्थापित करना, शुद्ध पेयजल, शिक्षकों की कमी दूर करने, कक्षा नियमित चलाना, भवन को दुरुस्त करना आदि मांगें शामिल हैं।

## न्यूज फटाफट

### वेदांता रिसर्च सेंटर के वार्षिक अधिवेशन में सभी जुड़कर सीखें जीने की कला: डॉ एचपी नारायण

**रांची :** वेदांता रिसर्च सेंटर का वार्षिक अधिवेशन 2 से 5 नवंबर तक चलेगा। वार्षिक महोत्सव का कार्यक्रम आईएमए भवन करमटोली में होगा। झारखंड समेत भारत के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के दर्शन शास्त्री कुलपति व अन्य शिक्षाविद इसमें शामिल होंगे। वार्षिक अधिवेशन तीन सेशन में होगा, जिसे सनातन धर्म और वेदांता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। दो-तीन और चार नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में जीवन को कैसे जीना चाहिए, इन बिंदुओं पर चर्चा होगी।उपरोक्त बातें प्रेस वार्ता कर डॉ एचपी नारायण ने कही। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की इस कार्यक्रम में आने की संभावना है। वहीं लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत इस कार्यक्रम में 5 तारीख को शामिल रहेंगे। डॉ एचपी नारायण ने कहा कि पिछले 25 सालों से वेदांता रिसर्च सेंटर काम कर रहा है। अपने विचार और संदेश दे रहा है। भारत ही नहीं विश्वभर में इसके बारे में लोगों को जानने की आवश्यकता है।प्रेस वार्ता में शामिल वेदांता रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर डॉ। राजकुमारी सिंह ने कहा, वेदांता के वार्षिक महोत्सव में आने वाले शिक्षाविद वेदांता जीवन जीने की कला है, इसके बारे में विस्तार से बताएंगे। हम सभी को इससे जुड़ना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को कैसे जिएं, इस बारे में अच्छी तरह से समझ सकेंगे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ। गोपाल पाठक ने कहा कि वेदांता के होने वाले कार्यक्रम में सभी को जुड़ना चाहिए। इसके ओपन सेशन में भी शामिल होकर लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने आगे स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण का जिक्र करते हुए कहा, वेदांता की एक बात वहां भी प्रमुखता से उठाई गई थी। प्रेस वार्ता में लाला लक्ष्मी लाल, डॉ सरस्वती मिश्रा, डॉ। इंदिरा पाठक, रमाकांत, एमडी बनर्जी, विनय पाठक और अन्य शामिल थे।

### कृषि विशेषज्ञ ने फसलों में बीमारी का किया परीक्षण

**रांची:** सोनाहातू प्रखंड के चोगा, दिरसीर और ढुगरूडीह गांव में धान फसल पर झुलसा बीमारी फैल रहा था। झुलसा बीमारी से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बीमारी के रोकथाम को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर कृषि विशेषज्ञ की टीम गांव पहुंचकर खेतों और फसलों का परीक्षण किया। किसानों को भरोसा दिलाया कि जल्दी बीमारी से निजात दिलाई जाएगी। किसानों को दवा बताई गई और तत्काल छिड़काव करने को कहा गया। टीम में पौधा संरक्षण निरीक्षक रांची संजीव कुमार सिन्हा, पौधा संरक्षण प्रवेक्षक समीर रंजन,बीएओ सोनाहातू विष्णु खंडित, बीटीएम दीनानाथ भगत आदि शामिल थे।

### परमेश्वर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का संस्कार है दृढ़ीकरण : बिशप बास्के

**रांची:** सीएनआई छोटानागपुर डायसिस के 32 किशोर-किशोरियों ने मंगलवार को दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण किया। बहूबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में आयोजित दृढ़िकरण संस्कार में 18 लड़कियां और 14 लड़के थें। छोटानागपुर डायसिस के बिशप बीबी बास्के ने यह संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर अपने उपदेश में बिशप बास्के ने कहा कि परमेश्वर की दो मुख्य आज्ञाएं हैं जिन्हें इस वक्त समझना है। इनमें पहली आज्ञा यह है कि अपने संपूर्ण व्यक्तित्व, जिसमें आपका मन, शरीर और आत्मा शामिल हैं, हम परमेश्वर से प्रेम करें। परमेश्वर से प्रेम करने का मतलब है कि उसकी आज्ञाओं का पालन करना और उसके अनुरूप व्यवहार करना। परमेश्वर की दूसरी आज्ञा है कि हम जिस तरह परमेश्वर से और खुद से प्रेम करते हैं उसी तरह अपने पड़ोसियों से भी प्रेम करें। बिशप बास्के ने कहा कि दृढ़िकरण संस्कार एक महत्वपूर्ण ख्रीस्तीय संस्कार है जिसका मतलब है कि परमेश्वर के प्रति और दृढ़ होना। इसका यह भी मतलब है कि परमेश्वर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ करना। आज दृढ़िकरण संस्कार में छोटानागपुर डायसिस के सचिव रेव्ह जोलजस कुजूर, रेव्ह सामुएल नाग, पेरिश प्रिस्ट रेव्ह डेविड, जे डब्ल्यू तिलमिंग, रेव्ह सामुएल भुइंयां, रेव्ह मनसिद ओड़ेया, रेव्ह जस्टिन भुइंया, रेव्ह विकास कुजूर, रेव्ह अविनाश बारला, रेव्ह ग्लोरिया डाहंगा, अवकाश प्राप्त पुरोहित, निर्मल समद ने बिशप बीबी बास्के को सहयोग किया।

### पंचायत स्वयंसेवकों का ग्रामीण विकास मंत्री के आवास के समक्ष प्रदर्शन सात को

**रांची:** पंचायत स्वयंसेवक संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पिछले सौ दिनो से भी ज्यादा समय से राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहा है। अभी तक मांगों पर सरकार की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर संघ की ओर से घोषणा की गई है कि सात नवंबर को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास के समक्ष नंग धड़ंग प्रदर्शन किया जायेगा। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि 4 अक्टूबर को ग्रामीण विकास मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि शीघ्र ही संघ की मांगों पर सरकार सार्थक पहल करेगी। लेकिन उनका वादा झूठा साबित हुआ। कुछ समय पहले विधायक अंबा प्रसाद ने भी संघ को आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखने में मदद करेंगी। लेकिन महीनों बाद भी सरकार और संबंधित विभाग के द्वारा कोई पहल नहीं होने पर संघ के कार्यकर्ता विवश हो गए हैं कि मंत्री आलमगीर आलम के आवास के समक्ष नंग धडंग प्रदर्शन करें। चंद्रदीप कुमार ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम के आवास के समक्ष हजारों की संख्या में कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहेंगे। इसके बाद अन्य मंत्रियों के आवास के समक्ष भी प्रदर्शन करेंगे। फिर भी सरकार नहीं सुनेगी तो राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में नंग धडंग प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि पंचायत स्वयंसेवक संघ मानदेय, मुख्यमंत्री के साथ वार्ता करने सहित अन्य मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं।

### सोनाहातू कस्तूरबा की मीरा पांडे राज्यस्तरीय कला उत्सव में प्रथम

**रांची:** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की छात्रा मीरा पांडेय ने खेल खिलौने प्रतियोगिता पर बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें पूरे झारखंड से 24 जिलों के निजी और सरकारी विद्यालयों की छात्राओं ने प्रदर्शन किया था। इस प्रतियोगिता में मीरा पांडेय ने प्रथम स्थान लाकर अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिल्ली जाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। मीरा ने एक वर्ष से तीन वर्ष के बच्चों के तीन पहिया चक्का वाले गाड़ी और लड़की का बाजा बनाकर अपना प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया था। सांसद महुआ मांझी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मीरा की मार्गदर्शक शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो और शशि बाड़ा थी। मीरा के प्रदर्शन पर वार्डन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो, फुलमनी बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह और कृष्ण चंद्र महतो ने बधाई दी है और राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने की कामना की है।

### रांची महानगर युवा कांग्रेस ने 46 यूनिट रक्तदान किया

**रांची:** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस पर एवम सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिन पर रांची महानगर कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रिंस भट्ट जी एवम रांची महानगर युवा कांग्रेस के प्रभारी संजीव रंजन, फहद खान के उपस्तिथि में महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में मोराबादी स्थित आक्सीजन पार्क के स्थित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।युवा कांग्रेस महानगर कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की ने बताया की जिस तरह से पिछले कुछ महीनों से राज्य में डेंगू की स्तिथि को देखते हुए रक्त का भरपूर कमी हुई है जिसके तहत आज महानगर युवा कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री स्व: इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिन को 46 यूनिट रक्त देकर शहादत दिवस मनाया गया और आने वाले समय में और भी रक्त की कमी नही हो इसके लेकर युवा कांग्रेस इस तरह के कार्यकर्म करते रहेगी ।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, प्रदेश महासचिव पिया बर्मन, मेहुल प्रसाद, रमन सिंह बंटी, प्रदेश सचिव लक्ष्मीकांत, महानगर उपाध्यक्ष शिल्पी वर्मा, रांची विधानसभा अध्यक्ष गौरव सिंह, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता उर्फ छोटी, हटिया विधानसभा अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, उपाध्यक्ष अंकित सिंह, एनएसयूआई छात्र नेता अमन अहमद, नीतेश राठौड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

शहर >> अपडेट

### गोमिया सी.ओ. से मिला विस्थापित संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल

**बेरमो** :विस्थापित संघर्ष समिति, गोमिया का एक प्रतिनिधिमंडल गोमिया के अंचलाधिकारी से मिला ।प्रतिनिधिमंडल ने गोमिया के अंचलाधिकारी को दो सूत्री मांग पत्र सौंपकर गोमिया में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने एवं ओवरब्रिज से होने वाले विस्थापितों के मुआवजा की प्रक्रिया को तेज करने की मांग किया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आईआरबी के जवानों ने मनाया एकता दिवस

**गुवा** : एकता दिवस पर गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव, पुलिस बल के जवान एवं आईआरबी के जवानों ने गुवा थाना परिसर में एकता दिवस पर शपथ ग्रहण किया। इस दौरान एकता दिवस कार्यक्रम को लेकर गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने पुलिस कर्मियों को संबोधित कर कहा कि यह एकता दिवस एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्र नायक भारत रत्नसरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर पूरे देश में एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात नडियाद में हुआ था। उन्होंने एकता से देश को जोड़ने का काम किया। कोई भी कार्य बिना एकता से नहीं किया जा सकता है। आज हम लोग प्रण: ले की हम एकता बनाकर रहे। इस दौरान मौके पर गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव, एसआई धनंजय कुमार सिंह, सुरक्षा बल के जवान तथा आईआरबी के जवान मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चर्तुथ वर्गीय कर्मचारी, सुदर्शन सिंह हुए सेवानिवृत

**बेरमो** :मंगलवार को के बी कॉलेज बेरमो के चर्तुथ वर्गीय कर्मचारी सुदर्शन सिंह सेवानिवृत हो गए। इस उपलक्ष्य मे प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने अपराह्न 3 बजे प्राचार्य चैंबर में सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम शिक्षको समेत शिक्षकेतर कर्मचारियों संग रखा।डॉ के पी सिन्हा ने सुदर्शन सिंह को शॉल एवम पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किए। मिठाई का पैकेट देकर मुंह मीठा करवाते हुए विदाई दी साथ ही पीएफ की राशि जो सेवानिवृत होते समय दी जाती है वह राशि भी प्राचार्य ने उन्हें ससम्मान प्रस्तुत किए। प्राचार्य एवम समस्त कॉलेज परिवार ने सुदर्शन सिंह के अच्छे स्वास्थ्य, दीघार्यु जीवन की कामना की।

### सेवानिवृत कर्मियो को दी गई विदाई

**बेरमो** :ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार मे कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकारी जीएम के आर सत्यार्थी ने 6 सेवानिवृत कर्मियो को शाल ओढ़ाकर मोमेंटो व श्रीफल देकर समानित किया ।प्रसाद ने कहा कि विदाई एक प्रक्रिया है जिससे हर किसी को गुजरना है। सेवानिवृत कर्मचारी भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग है। सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने-अपने विचार रखें ।इस अवसर पर एएफएम राजीव कुमार, एसओ एक्स यूके पासवान,एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ सुरक्षा सीताराम उडके, कार्मिक प्रबंधक ए के मिश्रा व तौकीर आलम सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि आर उनेश ,विनय सिंह,अविनाश सिंह,जयनाथ मेहता आदि शामिल हुए।

मंत्री आलमगीर आलम के आवास घेराव को लेकर चितरपुर प्रखंड से दर्जनों मनरेगाकर्मी रांची रवाना

# हमारी मांगों को पूर्ण करे सरकार, नहीं तो होगा जोरदार आंदोलन : कुमार विवेक

- सैकड़ो मनरेगाकर्मी रांची के लिए रवाना हुए
- मनरेगा कर्मियों की सेवा को स्थाई किया जाए



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा:** झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव किया जाना है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए रामगढ़ जिला से सैकड़ो मनरेगाकर्मी रांची के लिए रवाना हुए।

इसका नेतृत्व जिला सचिव कुमार विवेक सिंह ने किया। मौके पर जिला सचिव कुमार विवेक सिंह ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगो को पूरा नही करती है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इसका असर 2024 विधानसभा के चुनाव में भी पड़ेगा। इसलिए सरकार से अनुरोध करते हैं कि हमारी मांगो को पूरा किया जाए। रांची रवाना होने वालों में गोला अध्यक्ष बालेश्वर महतो, रामगढ़ अध्यक्ष बिजय कुमार, दुलमी अध्यक्ष अब्दुल कलाम, पतरातू अध्यक्ष शंकर महतो, चितरपुर अध्यक्ष राजकपूर राम, मांडू अध्यक्ष दशरथ यादव के अलावे शत्रुघन सिन्हा, रूपेश कुमार, महेन्द्र नायक, मो इरशाद, इकरामुल हक, प्रसादी महतो, बिनोद कुमार, दीपक गुप्ता सहित कई मनरेगाकर्मी शामिल थे।

**मनरेगा कर्मियों की मुख्य मांगे : सेवा शर्त नियमावली में संशोधन:**- सेवा शर्त एवं नियुक्ति नियमावली 2007 में संशोधन किया जाए तथा संशोधित नियमावली पर झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों की सहमती के उपरांत ही लागू किया जाए।, **स्थायीकरण :-** झारखण्ड राज्य में कार्यरत सभी मनरेगा कर्मियों की सेवा को स्थाई किया जाए। , **वेतनमान :** स्थाई किए जाने की तिथि तक पद एवं कोटि के अनुरूप ग्रेड - पे के साथ वेतनमान दिया जाए।,**सामाजिक सुरक्षा** : मनरेगा कर्मियों को 50 लाख व आश्रितों को 5 लाख का जीवन बीमा का लाभ दिया जाए ।, बर्खास्तगी पर रोक एवं बर्खास्त मनरेगा कर्मियों की सेवा वापसी , सरकारी नियुक्तियों में आरक्षण एवं उम्र सीमा में छूट दिया जाए।

नोवामुंडी इंटर कॉलेज में

## राज्य शिक्षा स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे 2023 का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**गुवा:**नोवामुंडी इंटर कॉलेज में परख कार्यक्रम के तहत झारखंड सरकार के तत्वाधान में राज्य शिक्षा स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे 2023 का आयोजन किया गया ।आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नोवामुंडी बीईईओ देव शंकर महापात्रा ने की । बीपीओ किशोर कुमार सिंकू, एमआईएस ताज हुसैन एवं सीआरपी गौरव आनंद के द्वारा नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत संचालित 56 स्कूलों के शिक्षकों के प्रतिनिधि साथ - साथ आसपास के स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित किया गया । आयोजित कार्यक्रम के तहत झारखंड सरकार के दिशा निदेर्शानुसार का कक्षा तृतीय, छह एवं कक्षा नवम के बच्चों की परीक्षा आगामी 3 नवंबर को ली जाएगी । आयोजित परीक्षा के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा की जांच की जाएगी ।पूछे गए ऑब्जेक्टिव प्रश्नों के आधार पर विद्यालय में अध्यनरत बच्चों की गुणवत्ता का निर्णय झारखंड सरकार के द्वारा ली जाएगी ।विभिन्न विद्यालयके करीब 50 से ज्यादा शिक्षकों के साथ-साथ बच्चोंको भी प्रशिक्षित किया गया ।प्रशिक्षण स्मार्ट क्लास के द्वारा दिया गया ।जिसमें शामिल होने वाले स्कूलों के बच्चों में एस एन हाई स्कूल गुवा,नोआमुंडी इंटर कॉलेज हाई स्कूल बड़ा जामदा एवं नोवामुंडी कॉलेज के छात्र शामिल थे।

सतर्कता जागरूकता संदेश रथ को महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## अधिकारियों, कामगारों ने सतर्कता सेल्फी व हस्ताक्षर कर लिया शपथ



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** महाप्रबंधक अरगड्डा क्षेत्र कार्यालय से महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे, अतिथि सीसीएल हेडक्वार्टर रांची के उप महाप्रबंधक कार्मिक व सतर्कता एसके सिंह एंव अन्य अधिकारियों द्वारा सतर्कता जागरूकता 2023 रथ को हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अमला अधिकारी एमएफ हक, महाप्रबंधक संचालन सुजीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक खनन राजीव सिंह, स्टाफ सेफ्टी ऑफिसर रमेश कुमार, स्टाफ अधिकारी खनन डीके सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी निखिल श्रीवास्तव ने किया। अवसर पर अधिकारियों, कामगारों ने सेल्फी स्थल पर तस्वीर खीचकर व हस्ताक्षर अभियान चलाकर सतर्कता की शपथ ली गई। जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने स्वयं से सतर्कता जागरूकता पहल करने का आह्वान किया। जबकि अतिथि कार्मिक व सतर्कता विभाग रांची एसके सिंह ने कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए सर्तक रहते हुए पारदर्शिता बरतते हुए उत्पादन करने की बात कही। बताया गया की सतर्कता रथ का संदेश क्षेत्र के सभी कोलियरी एवं आस-पास जागरूकता कार्य को बढ़ाया जाएगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 4 नवंबर 23 तक चलेगा। मौके पर बीसीकेयू अरगड्डा क्षेत्र सचिव गौतम बनर्जी, कर्मचारी दुर्गेश सिंह, गार्ड चरण आदि उपस्थित थे।

एल एंड टी कंपनी के शॉवेल मशीन की कीमत तकरीबन 4.50 करोड़ है

## गिद्दी परियोजना में होगा रिकॉर्ड उत्पादन : सुधांशु पांडेय



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** :अरगड्डा प्रक्षेत्र के गिद्दी ए परियोजना नए शॉवेल मशीन का महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडेय द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर मंत्रोचारण के बाद उद्घाटन किया गया।इस मौके पर महाप्रबंधक ने बताया कि गिद्दी ए परियोजना को कोयला उत्पादन में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से एल एंड टी कंपनी का मशीन उपलब्ध करवाया गया है। उक्त एल एंड टी 300 शॉवेल मशीन की कीमत तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपया है।महाप्रबंधक श्री पांडेय ने परियोजना पदाधिकारी से अधिक से अधिक उत्पादन क्षमता बढ़ाते हुए रिकॉर्ड उत्पादन की आशा जताई है। उन्होंने कहा कि उक्त शॉवेल मशीन में तमाम आधुनिकतम जैसे वाताकुलीन सहित सभी सुविधा से सुसज्जित है।उक्त शॉवेल मशीन का बकेट तकरीबन 04 क्यूबिक मीटर स्विंग करने की क्षमता रखता है। गिद्दी ए परियोजना पदाधिकारी आर के सिन्हा ने कहा कि हर बार की तरह इस वर्ष भी इस नए मशीन से हमारे मेहनतकश मजदूर रिकॉर्ड कोयले का उत्पादन कर परियोजना को एक नया मुकाम देने में सक्षम हो सकेंगे।इस अवसर पर महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडेय।पीओ आर के सिन्हा,स्टॉफ ऑफिसर संजय कुमार,मैनेजर दिलीप कुमार,धीरेन्द्र कुमार, अनूप डुंगडुंग, कुमुद रंजन, आशुतोष रंजन, श्री हरिमोहन,ए एन सिंह,अयोध्या करमाली, क्षेत्रीय क्वालिटी ऑफिसर सतीश कुमार श्रीवास्तव,फिटर रामप्रसाद एंड टीम,तुहिन दास एल एंड टी सर्विस इंजीनियर, सीएम पांडा, विकास, प्रदीप सिंह,प्रभात कुमार, रंजीत कोनार,दुर्विजय,मथुरा राजभर, पुनीत ठाकुर, धरमनाथ नारायण प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

बेरमो विधायक ने डीएवी जूनियर विंग कथारा का किया दौरा

## डीएवी जूनियर विंग परिसर के जर्जर भवन गिराने पर बनी सहमति:विधायक



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बेरमो विधायक कुमार जय मंगल (अनूप सिंह) ने 30 अक्टूबर की देर संध्या कथारा-फुसरो मार्ग पर गायत्री कॉलोनी के समीप स्थित डीएवी जूनियर विंग का दौरा किया। दौरे के क्रम में विधायक ने विद्यालय परिसर में सीसीएल द्वारा पूर्व में बनाए गए जर्जर कम्युनिटी सेंटर का अवलोकन किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सिंह ने विद्यालय कक्ष में सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डी. के. गुप्ता, डीएवी कथारा के प्राचार्य विपिन राय तथा उक्त जर्जर कम्युनिटी सेंटर के एक भाड़ेदार के परिजन समाजसेवी मोहम्मद फारूक के साथ जर्जर भवन को खाली करने को लेकर गहन विचार विमर्श किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित पत्रकारों से भेंट में विधायक सिंह ने कहा कि उक्त जर्जर भवन को तोड़ने तथा भाड़ेदार के सामानों की शिफ्टिंग को लेकर जो समस्या था, वह अब दूर हो गया है। प्रबंधन द्वारा इसे जल्द हीं तोड़ दिया जायेगा, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।उन्होंने बताया कि डीएवी जूनियर विंग में वर्तमान में लगभग 700 बच्चे पढ़ रहे हैं। जिसके लिए कक्षा की कमी के साथ-साथ उक्त जर्जर भवन मूल समस्या है। इसके लिए वे खास तौर पर चिंतित है। उन्होंने बताया कि यह समस्या अब नहीं रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के महाप्रबंधक से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उक्त जर्जर भवन को गिराने के अलावे यहां चारदिवारी का निर्माण जल्द से जल्द कराने का आग्रह किया।यहां विधायक को डीएवी प्राचार्य तथा क्षेत्र के महाप्रबंधक ने संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर तथा फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम > बंदा गांव में नौजवान एकता कमिटी की ओर से किया गया

# महफिल ए कव्वाली मुकाबला का आयोजन

- कार्यक्रम में मंत्री बान्ना गुप्ता हुए शामिल
- रात भर दर्शकों ने कव्वाली का लुत्फ उठाया



राष्ट्रीय खबर

**गोला:** प्रखंड क्षेत्र के बंदा गांव में नौजवान एकता कमिटी की ओर से महफिल ए कव्वाली मुकाबला का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व उसकी धर्म पत्नी सुधा गुप्ता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से लोगों को एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्रदान होता है लोग आपस में भाईचारगी व एकता हमेशा बनाए रखने का संदेश दिया। कव्वाली में गया बिहार के मशहूर व मारूफ कव्वाल गुलाम शाबरी व बिहार मुजफरपुर के कव्वाला शबा रंगीली के द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार कव्वाली पेश करते हुए रात भर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर किया।

ठंडक रहने के बावजूद भी लोग कव्वाली का मजा लेते रहे। मौके पर गोला पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य रेखा सोरेन, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, जनार्दन पाठक, हसन ईमाम व काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### गिद्दी ए मेनगेट के एक होटल दुकानदार ने लगाई फांसी



**गिद्दी:** मेनगेट गिद्दी निवासी 36वर्षीय आनंद कुमार केशरी उर्फ नंदू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी पर लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पारिवारिक कलह से तंग आकर फांसी लगाने के कयास लगाए जा रहे हैं। गिद्दी पुलिस द्वारा मामले की जांच करते हुए शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। खबर फैलने के बाद मेनगेट दुकान स्थल पर दर्जनों लोगों की भीड़ जुट गई। क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है।

### किचन गार्डन प्रोजेक्ट के तहत बच्चों ने उगाई विभिन्न प्रकार की सब्जियां, हर्ष का माहौल



**रजरप्पा:** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में किचन गार्डन प्रोजेक्ट के तहत विद्यालय के बच्चों ने कई प्रकार की सब्जियां उगाई। जिसमें भिंडी, बैगन, खीरा और कद्दू आदि शामिल हैं। सब्जियों को देखकर बच्चे बहुत उत्साहित और प्रसन्न दिखे। मिट्टी की तैयारी तथा बुवाई अगस्त महीने में ही किया गया था। फिर बच्चों द्वारा लगातार पौधों की देखभाल की गई। जिसमें पम्मी कुमारी, रानी कुमारी, प्रिया कुमारी, साइना, सुहानी कुमारी आदि शामिल थे। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद विज्ञान शिक्षक सह कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर मजीद आलम ने कहा कि बच्चे इस कार्यक्रम से पौधे के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल की। वे बीज की बुवाई से लेकर पौधे के विभिन्न विकास को प्रत्यक्ष रूप से समझ पाए। जो इन्हें जीवन की वास्तविक समस्या को समझने में मदद करेगी। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का उद्देश्य यह भी है कि हमें ऐसे कौशलों का विकास करना चाहिए, जिसका उपयोग दैनिक जीवन में हो। बच्चों के इस सार्थक पहल से स्कूल में उत्साह व प्रसन्नता का माहौल है। इस बाबत स्कूल के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश तथा शिक्षक अनुराधा शरण, अखिलेश कुमार, शंकर तिवारी, रजनीकांत उपाध्याय, असगर अली, अनूप तिग्गा, विनोद कुमार, ऋषिकेश रजक आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### ग्रामीणों ने चोरों को खदेड़ा



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** देर रात सोमवार को वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत टांग टोला (बंजी) में सोलर पानी टंकी में लगे पाइप की चोरी करने आए चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि एक बजे रात के आसपास आठ से दस संख्या में चोर रेंच और एक्सो ब्लेड लेकर चोरी करने आये थे। उन्होंने आगे बताया कि बीते महीने में 500 लीटर का सिंटेक्स चोरी हो चुका है।

### गंदगी व कूड़ा-कचरा से लोग परेशान



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केदला मध्य पंचायत के स्थानीय फुटबॉल मैदान के समीप गंदगी व कूड़ा-कचरा का अंबार कई महीनो से लगा हुआ है। इन दिनों पंचायत गंदगी दुर्गंध से परेशान है। जिसके कारण लोगों का राह चलना दुभर है। स्वच्छ भारत अभियान का यहां कोई असर नहीं दिख रहा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह एवं फीट इंडिया फ्रीडम रन -4का हुआ आयोजन



**बेरमो** :सीआईएसएफ यूनिट बीटीपीएस बोकारो थर्मल में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह और फीट इंडिया फ्रीडम रन-4 का आयोजन किया गया। शपथ समारोह मे यूनिट कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने यूनिट लाइन मे राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति सभी बल सदस्य को शपथ दिलाया और फीट इंडिया फ्रीडम रन-4 का कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम का प्रर्दशन बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन से सेन्ट्रल मार्केट, डीवीसी हॉस्पिटल मोड से पोस्ट ऑफिस होते हुए वापिस रेलवे स्टेशन बोकारो थर्मल तक हुआ। जिसमे उप कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी , निरीक्षक /अग्नि - अनिल कुमार, निरीक्षक/ कार्य प्रशांत कुमार प्रशून , उप निरीक्षक - एम के तिवारी,राजेश कुमार साव,सहायक उप निरीक्षक - एम फुकन , ओम प्रकाश यादव ,सुरेश यादव ,प्रधान आरक्षक,- के सी एस राव,लघुत्तम, आरक्षक - इंद्रजीत साहा,एस के गुप्ता, प्रतीक चौधरी, अतुल रामरप , रवि कुमार, रामावतार, विनीत कुमार, पवन कुमार आदि बलसदस्य ने फीट इंडिया फ्रीडम रन-4 मे भाग लिया।

### श्रम अधीक्षक ने किया दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र फुसरो का निरीक्षण



**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल के फूसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी ग्राउंड स्थित झारखंड सरकार के कौशल विकास सोसाइटी द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र का निरीक्षण श्रम अधीक्षक बोकारो प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने यहां अध्यनरत बच्चों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही किचन में जाकर बनाए जा रहे भोजन का निरीक्षण किया। यहां भोजन का मेनू बोर्ड नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मेनू लगाने की बात कही। इस संबंध में श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि केंद्र संचालन में अनियमितता की सूचना पर निरीक्षण किया गया है कहा कि कुछ अनियमितता सामने आए हैं, जैसे भोजन का मेनू वगैरा नहीं दशार्या गया है उसे सुधार करने का निर्देश दिया गया है बच्चों से भी केंद्र संचालक एवं ट्रेनिंग से संबंधित पूछताछ किया गया है कहां की निरीक्षण में पाई गई कमियों को एक सप्ताह के अंदर सुधार करने का निर्देश दिया गया है। अगली बार से ऐसी शिकायत नहीं मिलने इसका भी निर्देश दिया।

संपादकीय

# मनीष के खिलाफ सबूत अब भी नहीं है

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) आगे की कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। यह मामला दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों से संबंधित है, और शीर्ष अदालत के हालिया फैसले ने मामले को लेकर राजनीतिक उथल-पुथल बढ़ा दी है। भाजपा इसे अपनी बड़ी जीत के तौर पर देख रही है जबकि पार्टी के कई नेताओं ने कहा है कि इससे साबित हो गया है कि खुद को कट्टर ईमानदार कहने वाली पार्टी सबसे अधिक भ्रष्ट है। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने फैसले पर पार्टी का असंतोष जताया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट का बहुत सम्मान करती है, लेकिन वे उसके उस आदेश से असहमत हैं जिसमें सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। नतीजतन, पार्टी सक्रिय रूप से अपने कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है



और अब समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार कर रही है। सिसौदिया की जमानत याचिका खारिज होने से न केवल इस विशेष मामले में न्याय की दिशा पर सवाल खड़े हो गए हैं, बल्कि राजनीतिक परिदृश्य में इसके व्यापक प्रभाव के बारे में भी चर्चा शुरू हो गई है। यह एक ऐसा विकास है जो संभावित रूप से भविष्य में आप के कानूनी बचाव के तरीके को प्रभावित कर सकता है। वैसे इस बीच केंद्रीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन जारी कर दिया है। हालाँकि यह कानूनी लड़ाई लगातार जारी है, यह राजनीति और न्यायपालिका के बीच जटिल अंतरसंबंध को उजागर करती है। आप का रुख यह सुनिश्चित करने के लिए सभी संभावित कानूनी रास्ते अपनाने के महत्व को रेखांकित करता है कि उनके नेता को मामले में निष्पक्ष और उचित परिणाम मिले। इन परिस्थितियों के आलोक में, समीक्षा याचिका दायर करने का पार्टी का निर्णय न्याय और पारदर्शिता के सिद्धांतों का पालन करते हुए इस कानूनी चुनौती से निपटने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चूंकि यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है, इसलिए आप और दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य दोनों पर इसके संभावित प्रभाव पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।
न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमानत देने से इनकार करते हुए श्री सिसौदिया के त्वरित सुनवाई के अधिकार को बरकरार रखा। इसमें कहा गया कि अभियोजन पक्ष ने पहले ही अदालत को आश्वासन दिया है कि मुकदमा छह से आठ महीने में समाप्त हो जाएगा। इसके बीच ही अदालत के आदेश में जो बात लिखी गयी है, वह भी महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि यदि फिर भी सुनवाई अगले तीन महीनों में धीमी गति से आगे बढ़ती दिखाई देती है, तो श्री सिसौदिया दोबारा जमानत याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इस उल्लेख को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच एक बड़ी लकीर के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसके जरिए अदालत ने साफ कर दिया है कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई से वह पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। अदालत ने कहा है कि किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने से पहले हिरासत में लेना या जेल जाना बिना सुनवाई के सजा नहीं बन जाना चाहिए। यदि अभियोजन पक्ष के आश्वासन के बावजूद मुकदमा लंबा खिंच जाता है, और यह स्पष्ट है कि मामले का फैसला निकट समय में नहीं होगा, तो जमानत के लिए प्रार्थना सराहनीय हो सकती है। यह उस व्यक्ति का मूल अधिकार है जिस पर अपराध का आरोप लगाया गया है और उसे दोषी नहीं ठहराया गया है कि उसके खिलाफ त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाए, फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति खन्ना ने यह तर्क दिया है। हालाँकि, अदालत ने कहा कि ईडी का यह दावा कि वास्तव में शराब समूह द्वारा 100 करोड़ की रिश्वत का भुगतान किया गया था, कुछ हद तक बहस का विषय था। मार्च में, एक ट्रायल कोर्ट ने श्री सिसौदिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह प्रथम दृष्टया कथित घोटाले के वास्तुकार थे और उन्होंने लगभग 10 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत के कथित भुगतान से संबंधित साजिश में सबसे महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 100 करोड़ उनके और दिल्ली सरकार के उनके सहयोगियों के लिए थे। इसके बाद भी पूरी प्रक्रिया में मनीष सिसोदिया के पास से कई बार की छापामारी के बाद भी कोई पैसा बरामद नहीं होना, जांच एजेंसियों और भाजपा के दावों पर सवाल खड़े करती है। इस दलील से काम नहीं चलता कि पैसा लिया गया था और वह गोवा के चुनाव में खर्च हो गया। अन्य स्थानों पर इस किस्म की छापामारी में जो संपत्ति बरामद होती है, इस मामले में वह बरामदगी नहीं है। इसलिए राजनीतिक दृष्टिकोण से अलग हटकर न्यायिक प्रक्रिया में इस पूरे मामले को देखा जाना चाहिए, जहां अब भी सिसोदिया के खिलाफ सबूत नहीं है।

# सुहागिनों का सबसे बड़ा त्यौहार है करवा चौथ

करवा चौथ (1 नवम्बर) पर विशेष

करवा चौथ पर्व का हमारे देश में विशेष महत्व है क्योंकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। भारतीय समाज में वैसे तो महिलाएं विभिन्न अवसरों पर अनेक व्रत रखती हैं लेकिन पति को परमेश्वर मानने वाली नारी के लिए इन सभी व्रतों में सबसे अहम स्थान रखता है ह्यकरवा चौथह्न व्रत, जो इस वर्ष 1 नवम्बर को मनाया जा रहा है। पति की दीघार्यु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य तथा सौभाग्य के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उसकी सफलता की कामना से सुहागिन महिलाओं द्वारा कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, जो सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत एवं त्यौहार है। महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए बिना अपार श्रद्धा के साथ यह व्रत रखती हैं तथा रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करके अर्ध्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं। यही वजह है कि अखण्ड सुहाग का प्रतीक यह व्रत अन्य सभी व्रतों के मुकाबले काफी कठिन माना जाता है।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं। आजकल तो कुछ पुरूष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीघार्यु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी। पूजा-पाठ के बाद सुहागिनें अपनी सास के चरण स्पर्श कर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। करवा चौथ पर्व के संबंध में वैसे तो कई कथाएं प्रचलित हैं लेकिन सभी कथाओं का सार पति की दीघार्यु और सौभाग्यवृद्धि से ही जुड़ा है। विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार ह्यकरवा चौथह्न व्रत का उद्गम उस समय हुआ था, जब देवों व दानवों के बीच भयंकर युद्ध चल रहा था और युद्ध में देवता परास्त होते नजर आ रहे थे। तब देवताओं ने ब्रह्माजी से इसका कोई उपाय करने की प्रार्थना की और ब्रह्मा जी ने उन्हें सलाह दी कि अगर सभी देवों की पत्नियां सच्चे एवं पवित्र हृदय से अपने पति की जीत के लिए प्रार्थना एवं उपवास करें तो देवता दैत्यों को परास्त करने में अवश्य सफल होंगे। ब्रह्मा जी की सलाह पर समस्त देव पत्नियों ने कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को यह व्रत किया और रात्रि के समय चन्द्रोदय से पहले ही देवता दैत्यों से युद्ध जीत गए। तब चन्द्रोदय के पश्चात दिनभर की भूखी-प्यासी देव पत्नियों ने अपना-अपना व्रत खोला। ऐसी मान्यता है कि तभी से इसी दिन करवा चौथ का व्रत किए जाने की परम्परा शुरू हुई।
करवा चौथ के व्रत के संबंध में अनेक प्रचलित कथाओं में से एक महाभारत काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि एक बार धनुधारी अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है। द्रोपदी ने श्रीकृष्ण से करवा चौथ के व्रत के संबंध में विस्तार से बताने का आग्रह किया तो श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को इस व्रत के महत्व को दशार्ती कथा सुनानी आरंभ की। भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि इन्द्रप्रस्थ नगरी में वेद नामक एक धर्मपरायण ब्राह्मण के सात पुत्र व एक पुत्री थी। विवाह के बाद जब पुत्री पहली करवा चौथ पर मायके आई तो उसने मायके में ही करवा चौथ का व्रत रखा लेकिन चन्द्रोदय से पूर्व ही उसे भूख सताने लगी तो अपनी लाड़ली बहन की यह वेदना भाईयों से देखी न गई। उन्होंने बहन से व्रत खोलने का आग्रह किया पर वह इसके लिए तैयार न हुई। तब भाईयों ने मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने एक पीपल के वृक्ष की ओट में प्रकाश करके बहन को कहा कि देखो चन्द्रमा निकल आया है। बहन भोली थी, इसलिए भाईयों की बात पर विश्वास करके उसने उस प्रकाश को ही चन्द्रमा मानकर उसे ही अर्ध्य देकर व्रत खोल लिया लेकिन जब अगले दिन वह ससुराल पहुंची तो पति को बहुत बीमार पाया। दिन ब दिन पति की बीमारी बढ़ती गई और सारी जमा पूंजी पति की बीमारी में ही लग गई तो उसने मंदिर में जाकर गणेश जी की स्तुति करनी शुरू की। उसकी प्रार्थना पर प्रसन्न होकर गणेश ने उसके समक्ष प्रकट होकर कहा कि तुमने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान से नहीं किया, इसीलिए तुम्हारे पति की यह दशा हुई है। यदि तुम यह व्रत पूरे विधि विधान एवं निष्ठा के साथ करो तो तुम्हारा पति पूरी तरह ठीक हो जाएगा। उसके बाद उसने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान के साथ किया और इसके प्रभाव से उसका पति ठीक हो गया। यह कथा सुनाने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी से कहा कि यदि तुम भी इसी प्रकार विधिपूर्वक सच्चे मन से करवा चौथ का व्रत करो तो तुम्हारे समस्त संकट अपने आप दूर हो जाएंगे। तब द्रोपदी ने करवा चौथ का व्रत रखा और उसके व्रत के प्रभाव से महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई। अतः करवा चौथ के व्रत के उद्गम को इस प्रसंग से भी जोड़कर देखा जाता है और कहा जाता है कि इसी के बाद सुहागिनें 'करवा चौथ' व्रत रखने लगी। इस पर्व से संबंधित और भी कई कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सत्यवान और सावित्री की कहानी तथा करवा नामक एक धोबिन की कहानी भी बहुत प्रसिद्ध हैं।
इस पर्व की शुरूआत एक बहुत अच्छे विचार पर आधारित थी मगर समय के साथ इस पर्व का मूल विचार और परिदृश्य बदल रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत का फल तभी है, जब यह व्रत करने वाली महिला भूलवश भी झूठ, कपट, निंदा, अभिमान न करे। इस व्रत से जहां पति के प्रति पत्नी की निष्ठा एवं समर्पण भाव परिलक्षित होता है, वहीं यह पर्व दाम्पत्य जीवन में आपसी विश्वास और भरोसे को मजबूत करने तथा संबंधों में मधुरता घोलने का त्यौहार है। सही मायने में करवा चौथ दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व है।

# स्वामी रामतीर्थ

प्रेरक-प्रसंग



भारत के महान संत स्वामी रामतीर्थ अपनी विदेश यात्रा के दौरान अमेरिका में गभग दो वर्ष तक रहे। इस दौरान उन्होंने कई गिरजाघरों, सामाजिक और राजनीतिक संस्थाओं सहित जाने-माने विश्वविद्यालयों में प्रवचन दिए। उनके विचार लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। उन्हें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती थी। एक दिन उनसे मिलने एक ऐसी महिला आई, जिसे शांति और सुख की तलाश थी। वह बहुत दुखी थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही उसके बेटे की मृत्यु हो गई थी।महिला ने स्वामी जी से कहा, 'मैं बहुत दुखी हूं और किसी भी कीमत पर सुख पाना चाहती हूं।' इस पर स्वामी रामतीर्थ ने कहा, 'प्रसन्नता और शांति पैसों से खरीदी जाने वाली वस्तुएं नहीं हैं। फिर भी, यदि तुम चाहो तो मैं तुम्हें इसका मार्ग बता सकता हूं।' स्वामी जी ने उस श्वेत महिला को सलाह दी कि वह किसी नीग्रो बच्चे को गोद ले और उसे अपने बच्चे की तरह पाले, तो उसे शांति मिल सकती है। यह सुनकर वह महिला दुखी मन से बोली कि यह मुझसे हो पाना मुश्किल है। दरअसल, श्वेत महिला के लिए किसी अश्वेत बच्चे को अपनाना तत्कालीन अमेरिकी समाज में काफी चुनौतीपूर्ण था। स्वामीजी ने कहा कि 'यदि तुम ऐसा नहीं कर सकती हो, तो शांति की आशा छोड़ दो।' आखिरकार महिला ने सोचा कि स्वामीजी की सलाह मान ही लेती हूं। उसने एक नीग्रो बच्चे को गोद ले लिया। सचमुच में कुछ दिन बाद महिला ने महसूस किया कि स्वामीजी की राय एकदम सही थी। गोद लिए हुए नीग्रो बच्चे से उसके हृदय में ऐसी ममता उमड़ी कि वह प्रसन्न रहने लगी। स्वामीजी ने श्वेत और अश्वेत के भेद से रहित जो ममतामयी मंत्र शक्ति उस महिला को दी, वह बेहद चमत्कारी साबित हुई। उससे महिला को बहुत मानसिक शांति प्राप्त हुई।

करवा चौथ (1 नवम्बर) पर विशेष

# सजना है मुझे सजना के लिए ...



श्वेता गोयल
स्तंभकार

भारत में सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार है 'करवा चौथ', जो दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व माना जाता है। इस विशेष त्यौहार का सुहागिन महिलाएं सालभर इंतजार करती हैं। हालांकि यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, फिर भी देशभर में हर जाति, हर सम्प्रदाय की महिलाएं अपने पति की दीघार्यु तथा अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए खुशी-खुशी यह व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। हालांकि समय के साथ इस व्रत को मनाए जाने की परम्पराओं में थोड़ा बदलाव आया है और अब बहुत सी अविवाहित युवतियां भी अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करने लगी हैं।

**हालांकि समय के साथ इस व्रत को मनाए जाने की परम्पराओं में थोड़ा बदलाव आया है और अब बहुत सी अविवाहित युवतियां भी अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करने लगी हैं।**

करवा चौथ के शुभ दिन महिलाओं के चेहरे पर एक अलग ही तेज नजर आता है। इस पर्व का नाम सुनते ही मन में सोलह श्रृंगार किए खूबसूरत नारी की छवि उभर आती है। दरअसल मेंहदी लगे हाथों में रंग-बिरंगी खनकती चूड़ियां, माथे पर आकर्षक बिंदिया, मांग में सिंदूर, सुंदर परिधान और तरह-तरह के आकर्षक गहने पहने अर्थात सोलह श्रृंगार किए सुहागिन महिलाएं इस दिन नववधू से कम नहीं लगती। दुल्हन के लाल जोड़े की भांति इस दिन भी लाल रंग के परिधान पहनने का चलन बहुत ज्यादा है। वास्तव में करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के सजने-संवरने का एक विशेष अवसर है। तो फिर क्यों न आप भी इस विशेष अवसर पर नख से शिख तक ऐसी संवर जाएं कि आपको देखते ही आपके पति की नजरें भी आप पर से हटें ही नहीं। तो जरा आजमाकर देखें खास इसी दिन के लिए इन उपायों को:- मेकअप शुरू करने से पहले ध्यान रखें कि आपका मेकअप आपकी त्वचा की रंगत (टोन) के हिसाब से ही हो। तभी मेकअप से आपके नयनफ्नक्श को अच्छा उभार मिलेगा।
मेकअप की शुरूआत से पहले 3-4 मिनट तक अपनी त्वचा की मसाज हनी क्लींजर से करें और फिर मोइस्ट कॉटन से अच्छी तरह साफ कर लें।
अगर आपकी त्वचा की रंगत सांवली है तो आप पर यैलो या आयवरी टोन वाला मेकअप ही फबेगा क्योंकि इन शेड्स से सांवली रंगत को प्राकृतिक रूप से उभार मिलता है। त्वचा का रंग गोरा है तो आप पर वेज और पिंक बेस्ड मेकअप अच्छा लगेगा लेकिन ध्यान रखें कि मेकअप लाइट पिंक बेस्ड ही हो। अगर त्वचा का रंग गेहुंआ है तो त्वचा को डार्क मेकअप अच्छा लुक देगा।
फाउंडेशन का चुनाव भी त्वचा की रंगत के हिसाब से ही करें। मैट फाउंडेशन से नेचुरल लुक आता है।
अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप अधिक समय तक टिका रहे तो इसके लिए ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही इस्तेमाल करें। फाउंडेशन लगाने के बाद ठीक तरह से ब्लेंडिंग भी जरूरी है। आंखों के लिए वाटरप्रूफ मस्कारा अच्छा रहेगा। पहले आंखों के लैशेज पर ब्रश की सहायता से ऊपर से नीचे और फिर नीचे से ऊपर मस्कारा लगाएं। दो बार कोटिंग करें। सूखने के बाद कर्लर से लैशेज को कर्ल करें।- लिपस्टिक लगाते समय होठों पर सबसे पहले फिंगर टिप्स की सहायता से फाउंडेशन लगाकर ब्लेंड करें। लिप पेंसिल से होठों को सही आकार दें और लिप ब्रश की सहायता से अपनी ड्रैस से मैच करता हुआ लिप कलर लगाएं। लिप कलर के बाद ग्लिटर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

जानकारी

# ऊटी झील



यदि आप एक आरामदायक दिन की तलाश में हैं तो ऊटी झील अवश्य जाएँ। ऊटी झील 65 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है और इसका निर्माण 1824 में जॉन सुलिवन द्वारा किया गया था। जो बात ऊटी झील को और अधिक दिलचस्प बनाती है वह यह है कि आप इस झील पर साल भर में कई नौका दौड़ देख सकते हैं। शानदार नीलगिरि पर्वत की सुंदर पृष्ठभूमि भी ऊटी झील को ऊटी में घूमने के लिए सबसे शांत स्थानों में से एक बनाती है। ऊटी झील की यात्रा करने वाले यात्री झील के चारों ओर साइकिल चलाना या पक्षियों को देखना पसंद करते हैं।

**हिमस्खलन झील**

एवलांच झील ऊटी से 28 किमी दूर स्थित है और कैंपिंग, राफ्टिंग, ट्रैकिंग और ट्राउट मछली पकड़ने के लिए एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। एवलांच झील एक मानव निर्मित झील नहीं है बल्कि एक प्राकृतिक झील है जो 1800 के दशक में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के कारण बनी थी, इसलिए इसका नाम एवलांच झील पड़ा। खूबसूरत झील और पहाड़ी दृश्य का आनंद लेने के अलावा, आप ऊपरी भवानी पर्वत पर भी ट्रैकिंग कर सकते हैं, जो ट्रैकिंग के शौकीनों के बीच एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है।

# M3 प्रोसेसर के साथ आए नए ऐपल आईमैक



नई दिल्ली : ऐपल ने उसके 24 इंच iMac को कंपनी की नई M3 चिप के साथ अपग्रेड कर दिया है। साल 2021 में iMac को M1 चिप के साथ लाया गया था। मंगलवार को कंपनी के Scary Fast इवेंट में नए 24-इंच iMac को अनवील किया गया। इसमें वही डिजाइन है, जो ट1 चिप के साथ 2021 iMac मॉडल में था। आईमैक का नया M3 मॉडल 8-कोर CPU और 10-कोर GPU तक आता है। कंपनी का दावा है कि यह M1 प्रोसेसर वाले iMac के मुकाबले दोगुनी बेहतर परफॉर्मेंस देता है और एफिशिएंट भी है।

**24 inch iMac M3 price in India, availability**

M3 प्रोसेसर वाले नए 24-इंच iMac की कीमत 1,34,900 रुपये से शुरू होती है। इस मॉडल में 8-कोर सीपीयू, 8-कोर जीपीयू, 8 जीबी मेमोरी, 256 जीबी एसएसडी स्टोरेज और दो थंडरबोल्ट पोर्ट मिलते हैं। नए iMac के साथ मैजिक कीबोर्ड और मैजिक माउस भी दिया जा रहा है। इसे ग्रीन, पिंक, ब्लू और सिल्वर कलर्स में लिया जा सकेगा। वहीं, 10-कोर जीपीयू वाले 24-इंच आईमैक की शुरूआती कीमत 1,54,900 रुपये है। इसमें भी 8 कोर सीपीयू, 8 जीबी रैम, 256 जीबी एसएसडी, दो थंडरबोल्ट पोर्ट, गीगाबिट ईथरनेट और दो यूएसबी 3 पोर्ट दिए गए हैं। इसमें भी टच आईडी और मैजिक माउस के साथ मैजिक कीबोर्ड है। यह ब्लू, ग्रीन, ऑरेंज, पिंक, पर्पल, सिल्वर और येलो कलर ऑप्शन में उपलब्ध है। M3 प्रोसेसर वाला नया 24-इंच iMac पहले से ही Apple वेबसाइट पर प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। इसकी सेल 7 नवंबर से कंपनी की वेबसाइट, ऐपल स्टोर और ऐपल के ऑथराइज्ड रिसेलर्स पर होगी।

साइबर दुनिया

**24 inch iMac M3 specifications, features**

M3 प्रोसेसर वाला नया 24-इंच iMac इसके पुराने मॉडल जैसा ही है। दावा है कि यह M1 प्रोसेसर से दोगुना तेज है। गौरतलब है कि नए M3 प्रोसेसर को 3ल्ले प्रोसेस पर बनाया गया है। नए आईमैक में 24 इंच रेटिना डिस्प्ले दिया गया है।

टॉप ट्वीट



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डर लगता है इसलिए दो नवम्बर को उन्हें गिरफ़्तार करने की तैयारी है।

सुश्री आतिशी
आम आदमी पार्टी की नेत्री



"26 साल पहले 'दिल तो पागल है' ने हमें 'मोहब्बत क्या है' सिखाया और यह हमारे साथ रहा।"

करिश्मा कपूर
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## ढाई अक्षर जीवन का



ढाई अक्षर का जन्म है अपना ढाई अक्षर का प्राण।
ढाई अक्षर का स्वांश है अपना ढाई अक्षर का ज्ञान।।
ढाई अक्षर में सृष्टि सिमटी ढाई अक्षर में कर्म।
ढाई अक्षर के ब्रह्म है और ढाई अक्षर में धर्म।।
ढाई अक्षर के जगत सृष्टा हैं ढाई अक्षर का उनका चक्र।
ढाई अक्षर के देव इंद्र हैं ढाई अक्षर का उनका बज्र।।
ढाई अक्षर की मां शक्ति है ढाई अक्षर का उनका प्यार।
ढाई अक्षर का रौद्र रूप है और खड्ग है उनके हाथ।।
ढाई अक्षर के वो रुद्र है जिनकी नन्दी करते अरदास।
ढाई अक्षर का सर्प गले में प्रेत करे जिनके अरदास।।
ढाई अक्षर की लक्ष्मी देवी ढाई अक्षर के उनके नाथ।
ढाई अक्षर का संख हमारा आरंभ करे जो हर शुभ काम।।
ढाई अक्षर का कर्म हमारा ढाई अक्षर का हमारा मर्म।
पथ बाधा को दूर करे जो ढाई अक्षर का अपना कर्म ।।
सिद्धि अपनी ढाई अक्षर की ढाई अक्षर की वृद्धि ।
स्पर्धा बस ढाई अक्षर का ढाई अक्षर की रिद्धी।।
इस पोथी को पढ़कर मानव बन सकता जीवन आसान।
बेसक पंडित न कहलाए जीवन पथ होगा आसान।।

**श्री कमलेश झा नगरपारा भागलपुर**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### काली पूजा समिति का गठन

**हजारीबाग:** बड़कागांव प्रत्येक वर्ष की भांति काली पूजा मनाने को लेकर बड़कागांव प्रखंड के बादम काली मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता श्याम किशोर पांडे ने किया। बैठक में मां काली पुजा समिति बादम के नाम से कमेटी गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष नितेश कुमार, उपाध्यक्ष नवीन कुमार साव, सचिव रौशन बनाए गए।

## सिटी अपडेट्स >>

### पांच दिवसीय योग शिविर का किया गया आयोजन

**हजारीबाग:** बड़कागांव पतंजलि हजारीबाग महिला जिला प्रभारी अनीता देवी के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला दुर्गा मंडप के प्रांगण में पांच दिवसीय योग कक्षा शिविर का आयोजन किया गया। योग कक्षा शिविर में जिला प्रभारी अनीता देवी द्वारा ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे बच्चियों को रोग निवारण पर चर्चा परिचर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन 12 आसन 12 योगिक-जोगिक,आठ प्राणायाम करने से शरीर में रोग का प्रवेश नही होता है। यदि रोग प्रवेश कर भी जाए तो आसपास में ऐसी कई जड़ी बूटियां है जिनका उपयोग करने से रोग समाप्त हो जाता है। उन्होंने कई जड़ी बूटी के महत्व पर भी प्रकाश विस्तार पूर्वक डाली। अनीता देवी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को 16 संस्कार का अध्ययन करना चाहिए ताकि जीवन में इसका उपयोग होता रहे। उन्होंने आधुनिकता पर कम प्राकृतिक से जुड़कर जीवन शैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि 24 नवंबर को हरिद्वार से साध्वी देव प्रिया बहन जी धनबाद आ रही है। एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सेमिनार का आयोजन होगी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### श्रीदस में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**बरही:** बरही प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में उनकी जीवनी व कार्य एवं दर्शन पर आधारित भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही साथ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि यह दिवस हम सभी भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाते हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय एकता के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी देश के पहले उप- प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद भारत के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान था। इसलिए उन्हें राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। उनका यह विजन था कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश को एक रखने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सिविल सेवाओं कोह्न स्टील फ्रेमह्न कहा। उन्होंने छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। साथ ही सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने देश को अखंडता एवं एकता के सूत्र में बांधने की शपथ ली। जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें रीया रानी, छवि, वंदना, निशु, राजनंदनी चंद्रवंशी, करण, आशीष, मैक्स, श्रेयश, मानवी आदि बच्चों के साथ साथ शिक्षकों की भी अहम भूमिका रही।

**हादसा**

### ट्रैक्टर पर सवार होकर पटरी को पार कर रहे थे

# ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत, छह घायल

- घायल का चल रहा है सदर अस्पताल में इलाज
- ग्रामीणों ने की थी रेलवे फाटक के लिए मांग

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग मंगलवार की अहले सुबह चरही थाना क्षेत्र के ग्राम सरवाहा में एक दर्दनाक घटना घटित हुई जिसने पूरे क्षेत्र को मानो झकझोर कर रख दिया। ग्राम सरवाहा में ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की जान चली गई जबकि अन्य 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना सुबह लगभग 6बजे की है। स्थानीय ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर पर सवार होकर यह सभी लोग कहीं जा रहे थे इस दौरान अचानक से बड़काकाना कोडरमा लोकल ट्रेन वहां पर आ गई और ट्रैक्टर पटरी को पार कर पाती तब तक ट्रेन नजदीक पहुंच चुकी थी और इस



दौरान यह घटना घटित हुई जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों में रमेश गंझु पिता बनवारी गंझु, झुनिया देवी पति जगदेव महतो तथा द्रोपदी देवी पति परमेश्वर महतो शामिल हैं।वहीं मृतक रमेश गंझू की पत्नी संगीता देवी भी गंभीर रूप से घायल हैं। वही इस घटना के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है हम ग्रामीणों द्वारा हमेशा से वहां पर रेलवे फाटक के लिए मांग किया गया है लेकिन अभी तक वहां पर रेलवे फाटक नहीं बन पाया है अगर वहां पर रेलवे फाटक होता तो आज ऐसी घटना घटित नहीं होती। उन्होंने कहा कि जितने भी मृतक तथा घायल है सभी गरीब परिवार से हैं उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सबको क मुआवजा मिलना चाहिए क्योंकि इस घटना के बाद उनके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं रहा। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द वहां पर रेलवे फाटक का निर्माण किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी भयावह घटना दोबारा घटित ना हो। फिलहाल इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है की एक ही दिन एक ही गांव से तीन लोगों की मौत होना काफी दुखदाई है। इस भयावह घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वही मौके पर पुलिस ने पहुंच कर सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल और हॉस्पिटल हजारीबाग भेज दिया है। की घटना के बाद घटनास्थल पर रेलवे के अधिकारियों ने भी पहुंचकर वहां का जायजा लिया मृतक परिवार को से मिलकर सातवां देते हुए कहा कि इस घटना सभी को सभी को झोकझोर देया।

## जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के आईक्युएसी के सहयोग और एनएसएस इकाई के बैनर तले आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनुष्का कुमारी, प्रियांशु सिन्हा, गुलशन सिंह, महेंद्र, ललीता कुमारी, रिया, पिंकी, हवन्ति, प्रियंका, खुश्बू, सुषमा, प्रिया, लक्ष्मी समेत अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व बीते सोमवार को भ्रष्टाचार मिटाने और राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने के लिए लिए गए शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत हुई। बता दें कि बीते 30 अक्टूबर से आगामी 05 नवंबर तक चलने वाले इस जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध, वाद-विवाद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भ्रष्टाचार मिटाने और देश की एकता की अहमियत के मद्देनजर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। जिसके जरिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज में दीमक की तरह है।

## नावाडीह में रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न, पूर्व विधायक हुए शामिल



राष्ट्रीय खबर

**चौपारण:** चौपारण बाबा क्लब नावाडीह सेलहारा में आयोजित रात्रि सर्किल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुवा। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। खिताबी भिंड़त में पेटुला ने चौपारण की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। निर्धारित 8 ओभर में पेटुला कई टीम ने 72 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चौपारण की टीम महज 13 रनों से पराजित हो गया। मैन ऑफ दा मैच पेटुला के बॉबी व सीरीज पेटुला के ही राहुल कुमार में दिया गया। इससे पहले सेमीफाइल मुकाबले में भटबिगहा व चौपारण बी टीम पराजित हो गई। फाइन मुकाबले का शुभारम्भ करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बल्लेबाजी व गेंदबाजी कर खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाया। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हार जीत खेल के दो पहलू है। अनुशासीत होकर टीम भावना के साथ खेले। पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से युवाओ में छिपी प्रतिभा का निखार होता है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कैलाश पासवान, डेबो मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, भाजपा महामंत्री बालेश्वर साव, उपमुखिया प्रवीण सिंह, भाजपा नेता बालेश्वर राणा, शिक्षक राकेश सिंह, देवधारी यादव, प्रकाश यादव, कपिल ठाकुर, भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष बिनोद यादव, सहित अन्य। मंच का संचालन अरविंद साव ने किया।

## कांग्रेस की हजारीबाग लोकसभा स्तरीय दूसरी बैठक सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग कांग्रेस की हजारीबाग लोकसभा स्तरीय दूसरी बैठक का आयोजन लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी डॉ0 प्रदीप बालमुचु के अध्यक्षता मे की गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक अशोक चौधरी एवम हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव व विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अशोक सिंह,इंदिरा तुरी,पिंकी सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने जो संगठन मजबूती के लिये समय समय पर जो टास्क देता है उसे पूरे मजबूती से पूरा करता हु और आगे जो भी टास्क मिलेगा उसे पूरा करूंगा इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप बालमुचु ने कहा की विगत दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कांग्रेस कोटे से झारखंड के सारे मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है आप सभी जिलों में जाकर जनता की समस्या का समाधान करें और मंत्री लोग जनसमस्याओं के समाधान के लिये कृतसंकल्प है और हर जिला में जनसुनवाई हो रही है। देश में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए इंडिया के पक्ष में कार्यकताओं को एकजुट होना होगा इसके लिए तन मन से काम करने की आवश्यकता है। हमलोग के नेता राहुल गांधी पर विश्वास करें सही मायने में नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम होगा इस अवसर पर लोकसभा के संयोजक अशोक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता काम पर विश्वास करते हैं संगठन मजबूत करने की पहल करें और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करे।

## खाते से 5.43 लाख की फर्जी निकासी

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव:** बड़कागांव खातेधारी के बचत खाता से 5 लाख 43,000 कब निकला यह खाता धारी को मालूम ही नहीं पड़ा। जब खातेदारी ने पैसे निकालने बैंक गया तो उसका होश ही उड़ गया तथा पांव तले जमीन खिसक गई। पता चला कि आपके खाते से 5,43,000 की राशि पंकज कुमार शर्मा के खाते में ट्रांसफर किया गया है। मामला बड़कागांव भारतीय स्टेट बैंक शाखा की है। खाताधारी केरेडारी प्रखंड अंतर्गत इतिज गांव निवासी विनोद गंझू पिता शुकर गंझू खाता संख्या 41198706105 से चेक के माध्यम से पंकज कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति के खाता में राशि का ट्रांसफर किया हुआ है। जब इस संबंध में विनोद गंझू एवं उनके परिजनों द्वारा बैंक कर्मियों से जांच पड़ताल एवं पूछताछ की तो पाया गया कि अपने ही चेक के माध्यम से उक्त व्यक्ति के नाम से राशि का ट्रांसफर किया है। पंकज कुमार शर्मा कौन है और विनोद गंझू के खाते से इतनी बड़ी राशि का ट्रांसफर हो जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल विनोद गंझू के पिता भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा कर रखी थी। उनकी मृत्यु के बाद नॉमिनी पुत्र विनोद के खाते में उक्त क्लेम की राशि का भुगतान हुआ था। विनोद का कहना है कि बैंक में खाता खोलने के बाद इसी बैंक में काम कर रहे दिलीप राणा पासबुक, चेक बुक तथा एटीएम सहित अन्य कागजात अपने पास रख लिया।

**समारोह** स्वस्थ्य, दीघार्यु एवं सुखद भविष्य की शुभकामना के साथ दी गई विदाई

# समाहरणालय सभागार में आयोजित हुआ विदाई समारोह

- पदाधिकारियों एवं सहयोगी कर्मियों के कार्यों की सराहना की
- 31 वर्षों की सेवाकाल में अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास किया

राष्ट्रीय खबर

**हजरीबाग:** हजरीबाग अपर समाहतौ राकेश रौशन आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो गये है। इसको लेकर समाहरणालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी सदर विद्या भूषण कुमार ने कहा कि सेवानिवृत लोकयात्रा का एक हिस्सा है। श्री रोशन ने 31 वर्षो की सेवाकाल में अपना सर्वोत्कृष्ट देने का प्रयास किया है। उन्होंने सेवानिवृति के बाद भी उनको इसी उत्साह के साथ शेष जीवन को



उमंग के साथ जीने की कामना की। उन्होंने श्री रोशन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके द्वारा इतने लम्बे वर्षों के पूरे कार्यकाल में स्वस्थ एवं बेदाग सेवा देकर सेवानिवृत होना एक बड़ी उपलब्धी एवं प्रेरणा स्रोत है। मौके पर राकेश रोशन ने प्रशासनिक सेवा के दौरान अपने लम्बे अनुभव साझा करते हुए कहा कि हजारीबाग में सेवा अवधि उन्हें हमेशा मुझे याद रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों को टीम भवना के साथ कार्य के प्रति समर्पित रहने एवं अनुशासित तरीके से सकारात्मक सोच के साथ में जनसेवा करने की सलाह दी। श्री रोशन ने कार्यकाल के दौरान पदाधिकारियों एवं सहयोगी कर्मियों के कार्यों की सराहना की तथा उनके द्वारा मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर बताया गया कि अपर सचिव कोटि के श्री रोशन द्वारा प्रथम योगदान फरवरी 1993 में परीक्ष्यमान समाहर्ता लोहरदगा के रूप दिया गया। वहीं अपनी 33 वर्षो के सेवाकाल में वे सीओ बिहार के वैशाली एवं मुजफ्फर नगर, बीडीओ मुजफ्फरनगर, कार्यपालक दण्डाधिकारी राजगीर, बीडीओ-टंडवा चतरा, मंझरी पं. सिंहभूम, बालूमाथ लातेहार, बड़कागांव, अवर सचिव श्रम नियोजना विभाग रांची, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प. सिंहभूम, उप सचिव लोकायुक्त रांची, निदेशक प्रशासन कारा विभाग रांची, उप सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, संयुक्त सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सहित अपर समाहर्ता कोटि अपर सचिव, हजारीबाग के रूप में अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी श्री रोशन को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य दीघार्यु जीवन के साथ पारिवारिक जीवन के मंगलमय होने की कमना की। इस दौरान अपर समाहर्ता को अधिकरियों एवं कर्मियों के द्वारा सम्मान स्वरूप शॉल, बुके माला आदि पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सेवानिवृत कार्यक्रम में एसडीओ सदर सहित नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार, एलआरडीसी, कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सहा निदेशक सामाजिक सुरक्षा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मीगण मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### पूर्व प्रधान लिपिक के निधन पर शोकसभा



हजारीबाग: हजारीबाग कर्णपुरा महाविद्यालय के सेवानिवृत 62 वर्षीय प्रधान लिपिक मणिकांत सुमन का देहांत 30-10-2023 को आकस्मिक रूप से हुआ। महाविद्यालय परिवार ने उनके निधन पर दु:ख व्यक्त किया साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राचार्य प्रोफेसर कृतिनाथ महतो की अध्यक्षता में 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा मनाई गई जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर कृतिनाथ महतो, प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज ,प्रोफेसर सुरेश महतो ,प्रोफेसर फजरूद्दीन, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद ,प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, प्रो लालदेव महतो, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, लेखापाल सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनिता देवी, धनुनाथ, धानेश्वर महतो और महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पटेल की जयंती पर दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

**हजारीबाग:** हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय में प्रमंडल की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतू प्रमंडलीय कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के बीच एकता की शपथ दिलाई। आयुक्त महोदया ने सरदार वल्लभभाई पटेल के 147वीं जयंती पर प्रमंडलवासियों को शुभकामनाएं दी। और अखंड भारत के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। शपथ समारोह के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रमंडल के प्रत्येक नागरिकों का यह कर्तव्य है। कि वह अपने देश और समाज की अखंडता और सुरक्षा बनाए रखें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के पीछे का सबसे बड़ा कारण सभी का एक साथ रहना एवं अपने समाज के सभी लोगों तक इस भावना को पहुंचाना है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन



**हजारीबाग:** हजारीबाग राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता राकेश रोशन तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार की अध्यक्षता में आज शपथ समारोह का आयोजन जिले के अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वीं के जयंती के अवसर पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने समाहरणालय सभागार में उपस्थित सभी कार्यालय कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को बताया। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यालय कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि, जिले के सभी नागरिकों का फर्ज है कि वह अपने देश की एकता और अखंडता बनाए रखें। तथा अपने देश का नाम रौशन करें। मौके पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**हजारीबाग:** इचाक जीएम इंटर महाविद्यालय, इचाक में बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया प्रत्येक वर्ष भारत देश में 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। यह अवसर हमें राष्ट्र कि सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूत करने का एक उत्तम अवसर प्रदान करता है। जैसा की हम सब जानते हैं। इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव माना रहे हैं। जो प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष और भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरव शाली इतिहास को याद करने कि इस वर्ष में दोनों कार्यक्रम हम एक साथ मना सकते हैं। उक्त बातें महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहीं। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इंदिरा गांधी नारी शक्ति का बेमिसाल प्रतीक हैं। यह मुकाम आज तक किसी महिला ने हासिल नहीं किया इंदिरा गांधी ने अपने अद्भुत पूर्ण योगदान और कार्यों के जरिये सुनहरे अक्षरों में इतिहास के पन्नों पर अपना नाम दर्ज कराया। इस राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। मौके पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के आलावा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### किसान मजदूर बेरोजगार लोगों का विराट सभा के विस्तार को लेकर चर्चा

**हजारीबाग:** इचाक 21 फरवरी 2024 को पदमा प्रखंड अंतर्गत सरैया फुटबॉल ग्राउंड में किसान मजदूर और बेरोजगार लोगों का विराट सभा को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया और साथ ही साथ संगठन विस्तार पर भी जोर दिया गया। किसान सभा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी गठित की गई जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कोआर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष होंगे देवकी प्रसाद और उपाध्यक्ष होंगे जिला सचिव धनंजय कुमार व्यवस्थापक सचिव केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता सह व्यवस्थापक सचिव बजरंगी शर्मा वित्त सचिव डॉक्टर सुरेश प्रसाद सह वित्त सचिव सुरेश मेहता को बनाया गया किसान संघ के अध्यक्ष कौलेश्वर यादव मीडिया प्रभारी पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक को बनाऐ गये इस कमेटी का उद्देश्य होगा किसान मजदूर और बेरोजगार लोगों का विराट सभा को सफल बनाना। केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने कहा कि आज खेती किसानी घाटे का काम हो गया है

### लौहपुरुष सरदार पटेल की जंयती पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जंयती पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई । इस दौरान लोगों ने सामुहिक रूप से राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लिया।

## प्रदेश >> अपडेट

### वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार

**हरिहरगंजः** थाना अंतर्गत पथरा ओपी के प्रभारी नीतीश कुमार ने बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत छकरबंधा गांव पहुंच कर हरिहरगंज थाना कांड संख्या 37 /19 के फरार आरोपी संजय भोक्ता उर्फ संजय सिंह भोक्ता पिता शिवलोचन भोक्ता के घर पर 17मई 2023 को इश्तिहार चिपका दिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सरदार वल्लभ पटेल की जयंती पर युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान

**गुमला:** गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सदर अस्पताल गुमला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने रक्तदान किया मौके पर जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा स्वर्गीय इंदिरा गांधी साहस की प्रतिमूर्ति थी।उन्होंने अपने जीवन में ऐसे साहसी कार्य किये जिनके बल पर उन्होंने हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि विश्व में ख्याति अर्जित की। देश के चौहतरफा विकास में उनका विशेष योगदान रहा है।

### एक दिवसीय रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**गुमला:** जिला नियोजनालय सह-मॉडल कैरियर सेंटर गुमला द्वारा एक दिवासीय रोजगार मेला का आयोजन गोअरमेंट आईटीअआई सी०आर०पी०एफ० कैम्प सिलम तिर्रा कार्यालय परिसर में सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला नियोजन पदाधिकारी श्रीराम बारी तथा व्यवस्थापक के रूप में उपस्थित यंग प्रोफेशनल रवि कुमार गहलोत के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राष्ट्रीय एकता की ली गई शपथ

**गुमला:** लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मद्देनजर आज राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर समाहरणालय परिसर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिले के सभी वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के बहुमूल्य योगदान को याद किया। साथ ही उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय एकता का शपथ ग्रहण करवाया ,सभी ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश के हित के लिए जो योगदान दिया है उससे हम सभी को सिख लेते हुए अपने जीवन एवं कर्मो में उतारने की आवश्यकता है।

### डीसी ने दिलाई एकता व अखंडता की शपथ

**पाकुड़ :** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को पाकुड़ मे एकता दिवस के रूप में मनाई गई।इस मौके पर समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने उपस्थित अधिकारी व कर्मियों को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।उपस्थित अधिकारी व कर्मियों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि यहां राष्ट्रीय एकता के लिए लोगों को शपथ दिलायी गई। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। आज भारत का वृहत स्वरूप सरदार पटेल की ही देन है।

---

**कफन सत्याग्रह**

## एसडीएम के आश्वासन के बाद कफन सत्याग्रह समाप्त

# आश्वासन के अनुसार कार्रवाई नहीं होने पर पुनः होगा आंदोलन : अयुब खान

▶▶ फुट ब्रिज निर्माण के लिए कार्रवाई की जाएगी : एसडीएम

▶▶ बीडीओ, स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**राष्ट्रीय खबर**

**चंदवाः** एसडीएम मो. परवेज आलम ने कफन सत्याग्रह स्थल पर पहुंचकर आंदोलन कारीयों से वार्ता की, एसडीएम के आश्वासन पर टोरी में फ्लाई ओवरब्रिज और स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज को लेकर चल रहे कफन सत्याग्रह आंदोलन खत्म हो गया।

**वार्ता करने पहुंचे अधिकारी**

वार्ता के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, पुलिस पदाधिकारी जमील अंसारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. प्रकाश बड़ाईक, डॉ. तरूण जोश लकड़ा, कफन सत्याग्रह आंदोलनकारियों की ओर से पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान पचु गंझु, रसीद मियां, ललन राम, साजीद खान शामिल थे।

**आंदोलनकर्मी की हुई स्वास्थ्य जाँच**

इसके पहले आंदोलन स्थल पर डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा, अस्पताल कर्मी मनीष कुमार ने अयुब खान का रक्तचाप व ब्लड सुगर जांच की, बीपी 160/100 व ब्लड सुगर तीन सौ पाया गया, एसडीएम के निर्देश पर बीडीओ, सीओ, प्रभारी थाना प्रभारी ने अयुब खान को एम्बुलेंस से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, अस्पताल में भी वे कफन सत्याग्रह चला रहे थे।

**लातेहार एसडीएम ने दिया आश्वाशन**

एसडीएम परवेज आलम ने यह आश्वासन दिया है कि टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए जो भी आवश्यक कदम होगा उसे उठाया जाएगा साथ ही नेशनल हाईवे (एनएच) के अधिकारियों के साथ शीघ्र ही बैठक कराई जाएगी, स्टेशन अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि बिरला साइडिंग का बॉक्साइट का रेल मालगाड़ी का रैक काटकर खड़ी लोडिंग कराया जाएगा, फुट ओवरब्रिज बनने तक छात्र छात्राओं को स्टेशन से पास करने में परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**ज्ञापन में ये मांग है शामिल**

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, डीसी लातेहार के पदनाम ज्ञापन बीडीओ विजय कुमार को और रेल मंत्रालय भारत सरकार के नाम पत्र को स्टेशन अधीक्षक टोरी को सौंपा गया है। सौंपे गए ज्ञापन में टोरी जंक्शन, एनएच 99 न्यु 22 पर तत्काल फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अविलंब शुरू किया जाय। टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तत्काल शुरू की जाय। आरओबी और फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू करने में दो वर्ष से अधिक समय का विलंब करने वाले नेशनल हाईवे (एनएच) के अधिकारीयों पर शख्त कार्रवाई की जाय की मांग शामिल है।

**सत्याग्रह में ये थे शामिल**

कफन सत्याग्रह में पंसस अयुब खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य फहमीदा बीवी, आशा देवी, ग्राम प्रधान पचु गंझु, रसीद मियां, बैजनाथ ठाकुर, साजीद खान, द्वारीका ठाकुर, सोभन उरांव, सुलेंद्र गंझु, हसीब खान, हनुक लकड़ा, ललन राम, सनिका मुंडा, पैतू गझु, इदुल खान, संजय राम, बुटन गंझु, प्रेम उरांव, मनु उरांव, मो इम्तियाज, लहुल खान, सुलेद्र गंझू, गोपी गंझू , गुजरा गंझू, बुटन गंझू ,मुन्ना गंझू, राजु साव, सईद खान, सहजीवन भोगता, संजय गंझु, सुधन गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

---

## कांग्रेसियों ने मनायी इंदिरा गाधी की शहादत दिवस और लौह पुरुष की जयंती




**राष्ट्रीय खबर**

**चंदवाः** प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने प्रखंड कार्यालय में देश की पहली पूर्व महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गाधी की शहादत दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन मनाया। उनके चित्र पर दिप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या उनकी ही सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों ने उनके आवास पर कर दी थी। भुवनेश्वर में एक कार्यक्रम में स्व इंदिरा गांधी ने अपने भाषण में कहा था कि मैं आज यहां हूं कल शायद न रहूं मुझे चिंता नहीं, मैं रहूं या नहीं रहूं मेरा लंबा जीवन रहा है, और मुझे इस बात का गर्व है कि मैंने अपना पूरा जीवन अपने लोगों की सेवा में बिताया।

---

## भाकपा ने ग्रामीणों से साथ की बैठक

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगरः** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के हरिहरगंज अंचल की बैठक मंगलवार को ग्राम - सिमरवार में जनेश्वर राम के अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने आम लोगों की जनसमस्याओं से अवगत हुआ।और जिले में पड़े अकाल,राशन की कालाबाजारी, बेरोजगारी,घर बनाने के लिए बालू चालू कराने,जिले में नया उद्योग लगाने, बंदोबस्त गैरमजरूआ जमीन की रसीद कटाने एवं भ्रष्टाचार के सवाल पर आगामी 9 नवंबर को पलामू डीसी का घेराव करने में आने का आवाहन किया। ग्रामीणों ने कहा कि इन सभी जन समस्याओं को लेकर इस इलाके से 500 लोग पलामू डीसी के घेराव में भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वहीं छात्र नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, खाने के खाद्य पदार्थ में भी जीएसटी लगा दिया गया है वहीं मनरेगा में कोई काम नहीं है। भ्रष्टाचार चरम पर है आम जनता ब्लॉक का चक्कर लगा लगाकर थक गया है लेकिन उसका बिना घूस के कोई काम नहीं हो पा रहा है। वही हरिहरगंज अंचल के ग्राम-सिमरवार आम जनता के रहने वाले घर बारी की जमीन को टाटा कंपनी खरीद लिया है और दोहरी रसीद कायम हो गई है ऐसी स्थिति में आम जनता को अपनी समस्याओं के निदान के लिए सड़क पर उतरना होगा। एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने रोजगार के सवाल पर छात्र नौजवानों को भी 9 नवंबर को डीसी के समक्ष प्रदर्शन में आने का आवाहन किया। बैठक में राज परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, ललन पासवान, पप्पू राम, जनेश्वर पासवान, प्रयाग भूइंया, शत्रुघ्न भुइया , सनोज कुमार, मुकेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

## स्कॉर्पियों और बाइक की टक्कर से एक की मौत, दो घायल



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगरः** स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको निवासी रहीम अंसारी के पुत्र मोहम्मद रजा उम्र 18 वर्ष की मौत हो गई। जबकि इटको गांव के ही रमजान अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी उम्र 20 और परवेज अंसारी के पुत्र रूमान अंसारी उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि यह तीनों लड़के अपने गांव से प्रतिदिन मजदूरी करने के लिए छतरपुर जाया करते थे। सोमवार की शाम छतरपुर से मजदूरी कर तीनों एक बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहे थे।तभी रास्ते में अनियंत्रित स्कार्पियो ने उन्हें टक्कर मार दीजिसमें तीनों व्यक्ति बाइक से गिरकर गंभीर उसे घायल गए।वही घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के क्रम में मोहम्मद राजा उम्र 18 वर्ष की मौत हो गई। वही दूसरे घायल व्यक्ति रूमान अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही एक और घायल व्यक्ति सलाउद्दीन अंसारी का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।इस घटना के बाद चालक घटनास्थल से फरार है। घटना का कारण बताया जाता है कि स्कॉर्पियो का टायर ब्लास्ट हो गया था।इसके वजह से स्कॉर्पियो नियंत्रित हो गई जिसके वजह से अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो की बाइक से टक्कर हो गई। वहीं घटना के बाद पुलिस स्कॉर्पियो को जप्त कर थाना ले गई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

## प्याज- टमाटर ने बिगाड़ा बजट, बिन काटे आंसू निकाल रहा है प्याज



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** जिले भर में प्याज और टमाटर के साथ-साथ अन्य हरे साग सब्जियों ने घर के किचन का बजट बिगाड़ दिया है। हरेक माल 60रूपये हो गया है। प्याज 60रूपये, टमाटर 60रूपये, बंद गोभी 60रूपये, करेला 60रूपये कुछ अन्य सब्जियों के दम तो इससे भी ऊंचे हैं। धन्य हो आलू का जो काम से कम ?20 केजी में मिल जाते हैं। हरे साग सब्जियों की की बढ़े कीमत से लोग 1 किलो के जगह एक पाव सब्जी ले रहे हैं। और रही बात प्याज की तो यह बिन काटे ही ग्रहणियों के आंसू बहा रहे हैं। दुर्गा पूजा से पहले 20 से 22 रुपया बिकने वाला प्याज बढ़ाते बढ़ाते 60 रुपए प्रतिकिलो बिकने लगा। दुकानदारों ने बताया कम आमदनी के वजह से थोक बाजार में प्याज का रेट काफी चढ़ गया है। नई फसल आने पर प्याज की के कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। जानकारों की माने तो कहीं-कहीं अत्यधिक वर्षा से प्याज की फसल में कमी आई है। किंतु वर्तमान में जो प्याज मिल रहे हैं वह तो पुराने प्याज हैं और बड़े-बड़े व्यापारी जानबूझकर प्याज को अंडरग्राउंड कर देते हैं। जिससे आमदनी कम होती है और प्याज की कीमतें बढ़ जाती है। अब तो यह प्रतिवर्ष की आदत सी बन गई है। इसके लिए सरकार को जिम्मेदारी से आगे आने होंगे, बड़े-बड़े स्टॉकिस्ट के पास छापे मारने होंगे तभी प्याज के दामों में गिरावट आ सकेंगे।

---

**योजना**

## मासिक प्रेस वार्ता का आयोजन

# रागी के नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है:उपायुक्त

▶▶ विद्यार्थियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया जा रहा है

▶▶ सभी उच्च विद्यालयों में हाफ ईयरली की परीक्षा ली गई



**राष्ट्रीय खबर**

**गुमलाः** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मासिक प्रेस वार्ता का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सितंबर माह में जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं से सभी को अवगत कराया। वहीं उपायुक्त ने 8 नवंबर को जिले में 'मिलेट डे' के रूप में मनाए जाने की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने जिला अंतर्गत तेलंगा खड़िया स्टेडियम के समीप बने रागी मिलेट कैफे से रागी निर्मित आटा एवं अन्य स्नैक्स की खरीद करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि रागी के नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है वे स्वयं भी अपने घर में मिलेट कैफे से खरीदे गए रागी के आटे से निर्मित रोटी का सेवन करते है। उन्होंने कहा कि मिलेट कैफे में सभी रागी निर्मित स्नैक्स जिले के ग्रामीण महिलाओं द्वारा बिना किसी रासायनिक पदार्थों का उपयोग करते हुए शुद्ध रूप से बनाया जाता है जिसकी गुणवत्ता की जांच उपायुक्त द्वारा स्वयं की गई है।इस दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत जिला के 33 विद्यालयों में बच्चों को सिखाए जा रहे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग / स्क्रैच कोडिंग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को सभी 33 विद्यालयों से चुने गए बच्चों के बीच स्क्रैच कोडिंग से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत किए जा रहे एक और नई पहल से भी मीडिया कर्मियों को अवगत कराया उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया जा रहा है ,ताकि बच्चों के हेल्थ पर नजर रखी जा सके एवं आकस्मिक स्थिति में बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसके साथ उन्होंने बताया कि बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से जिले में पहली बार सभी उच्च विद्यालयों में हाफ ईयरली की परीक्षा ली गई है।

---

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, भूमि संरक्षण, उद्यान विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई

**पाकुड़ :** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण, उद्यान एवं सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन एवं 2023-24 वर्ष में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कृषि विभाग के द्वारा फसल आछादन, वषार्पात, खरीफ 2023 में आवंटित एवं वितरित बीज, रबी मौसम में प्राप्त बीज एवं वितरित,बीज,किसान क्रेडिट कार्ड, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, माइक्रो इरिगेशन, एग्री स्मार्ट ग्राम योजना,एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना,वर्ष 2023-24 में प्राप्त आवंटन एवं खर्च की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सिंचाई कार्य हेतु सरकारी तालाब निर्माण हेतु जमीन चिन्हितिकरण करने के लिए उपायुक्त के स्तर से सभी अंचलाधिकारी को पत्र निर्गत करने का आदेश दिया गया। सोनाधनी लैंपस से धान बीज का पैसा एक सप्ताह के अंदर वसूली कर एनएससी को भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ किसान क्रेडिट कार्ड योजना को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया गया एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि बैंक वाईज समीक्षा करें और जिस बैंक के द्वारा केसीसी में सहयोग नहीं किया जा रहा है उसकी सूचना दें।

### शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यकरण के लिए बीडीओ से विद्यार्थी परिषद ने किया मांग

**महेशपुर (पाकुड़):** अभाविप महेशपुर इकाई के कार्यकत्ताओं ने अभाविप के जिला संयोजक गुंजन कुमार तिवारी के नेतृत्व में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण का कार्य कराने से संबंधित ज्ञापन सौंपा। बीडीओ को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने स्थापित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा तथा उस स्थल का बीते कई वर्षों से सौंदर्यीकरण का कार्य नहीं हुआ है। साथ ही प्रतिमा का समय-समय पर रंग-रोगण नहीं होने के कारण प्रतिमा भी फीका लग रहा है। ज्ञापन सौंप कर भगत सिंह की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। इस अवसर पर राहुल मिश्रा, विवेक गुप्ता, विक्की राय, शिवशंकर भगत उपस्थित थे।

### कोयला तस्करों के खिलाफ मालपहाड़ी थाना प्रभारी ने की बड़ी करवाई

**पाकुड़ :**आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर पाकुड़ के सभी थाना प्रभारी ने कोयला ढोने वाले तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कमर तोड़ने की कोशिश की है। इसी क्रम में कल देर शाम मालपहाड़ी थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में मालपहाड़ी पुलिस बल ने मालपहाड़ी के विभिन्न ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर जिनका इस्तेमाल कोयला तस्कर करते है अभियान चलाकर कोयला तस्करों की 74 साइकिल सहित 200 क्विंटल कोयला को जप्त किया है, जेसीबी मशीन से सारे साइकिल और कोयला को ट्रक में लोड कर थाना लाया गया हैं। अभियान काफी देर तक चला,हालांकि गिरफ्तारी किसी की संभव नही हो पाई है क्योंकि कोयला ढोने वाले तस्कर जिनको पुलिस की खबर लगते ही कोयला और साइकिल छोड़ खेतों का सहारा लेकर भाग खड़े हुए, मालपहाड़ी थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार यादव ने बताया की मालपहाड़ी थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का कोई अवैध काम नही चलेगा, माफिया सभी सुधर जाए चाहे वो कोयला तस्कर हो,लॉटरी माफिया हों या पत्थर माफिया किसी भी सूरत में गैर कानूनी काम को चलने नही दिया जाएगा।

### मां-बेटी को दबंगों ने किया घायल



**मेदनीनगर :** ओझा गुनी के चक्कर में दबंगों ने महिला और उसकी बेटी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस घटना के बारे में घायल राजेश्वरी देवी ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने घर में थी। तभी गांव के गरीब बैठा पत्नी गुड्डी देवी और एक अन्य व्यक्ति कंचन रजक उसके घर पर पहुंचे और राजेश्वरी देवी से झगड़ा करने लगे। झगड़ा इतना बढ़ गया कि उन तीनों ने राजेश्वरी देवी को पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही बीच बचाव करने पहुंचे राजेश्वरी देवी की बेटी नीतू देवी को भी उन्होंने पीट कर घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायल मां बेटी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी राजेश्वरी देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। अब वह खतरे से बाहर है।वहीं घायल नीतू देवी का इलाज चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा इस घटना से संबंधित मामले की जानकारी रामगढ़ थाना को दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीसीसी मिशन को दो गोल्ड

**पलामूः** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।प्रतियोगिता बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम होटवार में दिनांक 27 से 31 अक्टूबर 2023 तक हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बी सी सी मिशन बालिका उच्च विद्यालय के अंडर 14 वर्ष बालिका एवं अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग एथलेटिक्स के 2 दो खिलाड़ियों में पालामू टीम से भाग लिया। अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग के शिवानी कुमारी सिंह डिस्कस थ्रो मेंऔर सुहानी सिंह शॉट पुट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल प्राप्त किया। विजय खिलाड़ियों को शुभ कामना देने वाला में स्कूल के प्रधानाध्यापिका सिस्टर इग्नेशिया लकड़ा, सहायक शिक्षक सह पलामू जिला ओलंपिक संघ सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,सिस्टर अनास्तासिया, सिद्धार्थ कुमार, सिस्टर एड्रियाना बड़ा, सिस्टर सुचिता टोप्पो,शोषण बेक, सुशीला एनिमा कुल्लू,वीणा टोप्पो, शुभा प्रतिमा टोप्पो, अनुभा टोप्पो,रेखा कुमारी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त किया।

### विधायक ने किया कचहरी भवन का शिलान्यास

**हरिहरगंज :** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के ढाब कला गांव स्थित तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी भवन निर्माण योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया। भवन निर्माण विभाग मेदिनीनगर के द्वारा इस योजना से भवन निर्माण होना है ।कार्य स्थल पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह तथा हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ाकर शिलान्यास किया। उपस्थित लोगों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। लगातार क्षेत्र में भवन, स्वास्थ्य शिक्षा सड़क ,पुल पुलिया सहित सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उदय सिंह, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां, जितेंद्र मेहता, मंटू मेहता, अरविंद शर्मा संतोष कुमार मिश्रा पुरोहित सुनील मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### बेरमो जिला बनाओ

**तेनुघाट :** अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन मे कामेश्वर मिश्रा के अध्यक्षता मे बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन किये गया जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ के माहा सचिव वकील प्रसाद महतो, संयोजक संतोष कुमार नायक सहित कई लोगो ने भाग लिया। वहीं श्री कामेश्वर मिश्रा के द्वारा बताया गया की 7नवम्बर को बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार को और 21 नवम्बर को बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमत सोरेन के नाम पर ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञात हो की समिति के द्वारा कई वर्षो से बेरमो को जिला बनाने की मांग की जा रही है। वही बताया गया की 7नवम्बर को हजारों की संख्या मे लोगो का जुटाने जिला बनाने की मांग को लेकर होगा। इसके लिए अभी से समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है अनुमंडल के सभी पंचायत के प्रतिनिधियों से सम्पर्क किया जा रहा है।

प्रदर्शन

## जेएसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी का लगाया आरोप किया बहिष्कार

# परीक्षार्थियों को बनाया बंधक, विरोध में सरकार का पुतला फूंका



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** रविवार को आयोजन जेएसएससी(झारखंड) की परीक्षा में भारी गड़बड़ी का आरोप परीक्षार्थियों के द्वारा लगाया गया है जिसमें परीक्षार्थियों ने ओएमआर शीट में गड़बड़ी का आरोप लगाया एवं उसका विरोध किया एवं परीक्षा का बहिष्कार किया इसके पश्चात विरोध कर रहे परीक्षार्थियों को एग्जाम सेंटर में ही बंधक बनाकर रखा गया। इसके विरोध में स्थानीय पावरगंज चौक,लोहरदगा में झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन का पुतला दहन भाजयुमो अध्यक्ष मनिष शिखर के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश सिंह राज किशोर महतो अजय कुमार पंकज ओम गुप्ता मौजूद रहे। मनीष शिखर ने कहा झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कंबाइंड परीक्षा(खररउ) में भारी अनियमितता प्रबंधन के द्वारा किया गया,इसके उपरांत परीक्षार्थियों के द्वारा किया गया अपने अधिकारों के मांग पर यह राज्य सरकार उसे हंगामा बता रही है जो कि कहीं से भी बर्दाश्त करने योग्य बातें नहीं है। सरकार कहीं ना कहीं रोजगार देने में विफल तो रही परंतु यदि किसी प्रकार से एक दो वैकेंसी चार साल में लाई भी तो वह विवादों से घिरा रहा झारखंड के जेएमएम और कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला भर्ती से पूर्व ही प्रत्यक्ष रूप से दिखने लगा है उदाहरण स्वरूप पुटकी के डीएवी अलकुशा सेंटर,धनबाद डीएसएसएससी पर फिर करने और करियर खराब करने की धमकी देना, वही बहु बाजार के एक परीक्षा केंद्र में उत्तर पुस्तिका की कमी एवं उत्तर पुस्तिका का सील पहले से खुला होना। इससे स्पष्ट होता है कि झारखंड के विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा पर किए गए मांग जायज है। इस तरह की लापरवाही पर अभिलंब उचित निर्णय लेकर करवाई की जानी चाहिए परंतु दोषियों पर कार्रवाई न करते हुए आज उन 16 परीक्षार्थियों पर केस दर्ज किया गया है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।पशुपतिनाथ पारस ने कहा कि हेमंत सोरेन हर एक वर्ग को ठगने के सिवा कुछ भी नहीं दिया है। राज्य की पूरी कार्य व्यवस्था प्रबंधन हास्य पर है पहले तो 4 वर्षों में इन्होंने कोई वैकेंसी नहीं निकाली और जो वैकेंसी किसी तरह से निकली थी उसे भ्रष्टाचार में झोंक कर राज्य के युवा को डराने धमकाने का कार्य कर रही है झारखंड के युवा लगातार इन्हीं सभी रवियों को देखते हुए दूसरे राज्यों में जाकर दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं वहीं सरकार अपनी सुरक्षा में लगातार इधर-उधर भागे फिर रही है । यह अपनी आरोपी को गलत साबित करने के लिए करोड़ों रुपए का अधिवक्ता तो खड़ा कर सकते हैं परंतु यदि विद्यार्थी की हितों की रक्षा करने की बात हो तो उसे पर मौन रह जाते हैं। इस तरह की कार्यशैली पूरे राज्य में एक आक्रोश भयावह रूप ले रही है जो की सामाजिक दृष्टिकोण से कहीं भी सही नहीं है युवा यदि भटकता है तो इसका मुख्य रूप से अपने आप को आदिवासी मूलवासी की सरकार कहे जाने वाले हेमंत सोरेन की झामुमो और कांग्रेस की सरकार है।भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश से लेकर जिला तक विद्यार्थियों के हक में हमेशा से अपनी आवाज को बुलंद किया है और आगे भी जब जब युवाओं के साथ किसी भी तरह की धोखाधड़ी इस राज्य सरकार के द्वारा की जाएगी तो युवा मोर्चा उसके खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह राजकिशोर महतो अजय कुमार पंकज विश्वजीत सहदेव ओम गुप्ता जगनंदन पौराणिक कलावती देवी पशुपतिनाथ पारस कमलेश कुशवाहा जीवन उरांव पप्पू पहलवान शुभम पंकज अपूर्व पोद्दार रोहन गुप्ता पवन प्रजापति यशस्वी ओझा दिनेश सिंह विकास प्रजापति शुभम जायसवाल दिग्गत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

लोहरदगा: बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में मंगलवार को यूनेक्स सनराइज झारखंड स्तरीय मिनी एवं सब जूनियर अंडर-11 बालक बालिका एवं अंडर-13 बालक बालिका बैडमिंटन चैम्पियनशिप - सह- चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला कॉलेज इंडोर बैडमिंटन कोर्ट लोहरदगा में शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया और हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इतने छोटे-छोटे बच्चे इतना सुंदर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चों का खेल से लगता है कि काफी प्रेक्टिस किए होंगे। इनके कोच, माता-पिता जिन्होंने प्रोत्साहित किया है, सभी के जज्बे की मैं प्रशंसा करता हूं। उन्होंने अंडर 13 बालक वर्ग का पहला मैच अभिनव राज गुमला वर्सेस डी राजवीर गिरिडीह के बीच टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रवीण कुमार सिंह पूर्व बिहार विधान पार्षद ने अपने संबोधन में बतलाया कि खेल में खिलाड़ी नहीं खेल बोलता है और यह तब ही संभव है जब खिलाड़ी अनुशासन में रहकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने अपने संबोधन में बतलाया कि लोहरदगा जिला में एसोसिएशन हमेशा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करता आया है, जिसका श्रेय सभी सदस्यों को जाता है। जिनके प्रयास से हम आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करा पाते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद,बैडमिंटन खेल सम्पन्न कराने में रेफरी वसीम अकरम, एम्पायर अजित कुमार राणा, रंजीत कुमार साहू एवं वाहिद अंसारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

हर बच्चे का हो संपूर्ण विकास

## सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन

राष्ट्रईय खबर

**हजरीबाग :** हजारीबाग मंगलवार को समाहरणालय हजारीबाग में जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के द्वारा बाल विवाह कार्यक्रम के तहत 'सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान' के तहत सिविल सोसायटी ऑर्गनेजाइशन के हितधारकों के साथ बैठक आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा 31 अक्टूबर 2023 से 14 नवंबर 2023 तक सघन रूप से सभी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उन्होने विद्यालय के शिक्षकों को स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने के उपर विस्तार से मुख्य-मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग ने संबोधित करते हुए कहा 15 दिवसीय अभियान के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से वंचित बालिकाओं को चिन्हित कर योजना से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का प्रयास करें। साथ ही उन्होंने कहा 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत उन बच्चों या अन्य चैंपियनों को चिन्हित करना जिन्होंने बाल विवाह तथा बाल हिंसा को रोकने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा साथ ही विषम परिस्थितियों के बावजूद बालिकाओं ने अपनी शिक्षा जारी रखी है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग संजय प्रसाद ने उपस्थित स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित तिथिवार कैलेण्डर के उपर प्रकाश डाला एवं इस पर काम करने की आवश्यकता बताई ।

भारतीय संविधान के 73 वें संशोधन, पंचायती राज संस्था

## वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:**प्रखंड सभागार में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम बैच प्रारंभ किया गया. जिसके अंतर्गत चार पंचायत सलगी , बड़की चांपी ,सुंदरू और चिरी के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया । कार्यशाला का शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुडू प्रवेश कुमार साव के द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अच्छे से अपने -अपने कार्य और कर्तव्य के द्वारा कैसे आदर्श पंचायत का निर्माण किया जा सकता हैं इसको लेकर समझ बढ़ाने पर कहा गया प्रशिक्षक रामस्वारथ महतो के द्वारा प्रशिक्षण के प्रथम दिन भारतीय संविधान के 73 वें संशोधन, पंचायती राज संस्था, ग्राम सभा कि संरचना और उसके समिति, पंचायत कार्यकारणी के संरचना आदि विषयों पर वार्ड सदस्यों का समझ बढ़ाया गया। तथा पंचायत को आदर्श बनाने हेतु वार्ड सदस्यों का समझ बनाया गया। कार्यशाला में बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी,सलगी पंचायत की उप मुखिया किस्मती देवी,चिरी पंचायत की उप मुखिया मुनेजा खातून , संबंधित पंचायत के वार्ड सदस्य गीता भगत,अनिता लकड़ा ,सुनीता देवी,जैनुल अंसारी,सुनील मुण्डा,परमेश्वर उराँव,प्रण महतो, नीतु देवी,जसमनी उराँव,शिवशंकर भगत ,सुरजमुनी कुमारी, स्वेता मुखर्जी, गुलशन खातून, सुषमा कुमारी, नूतन देवी,उर्मिला देवी ,रेशमी उराँव,सतीश उराँव, बालो उराँव, नूरजहां खातून, महेश कुमार राणा ,विलास देवी, मंजू देवी पंचायती राज समन्वयक और प्रदान संस्था से फहद ,विकास, देवेन्द्र उपस्थित रहे।

## दौरे पर अधिकारी पहुंचे रोटरी क्लब



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** रोटरी क्लब के द्वारा संचालित विभिन्न परमानेंट प्रोजेक्ट का उन्होंने निरीक्षण किया इस मौके पर उनके साथ गिरिडीह से आए ए डीजे पियूष मुसद्दी भी मौजूद थे रोटरी कोडरमा के कार्यों से संतुष्ट होते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश प्रेरणा एवं मार्गदर्शन दिया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने सभी स्थाई प्रोजेक्ट के कार्य स्थल पर जाकर निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि रोटरी के परमानेंट प्रोजेक्ट आई हॉस्पिटल, बाल विद्यालय, डायलिसिस सेंटर, सहेली सेंटर, टीकाकरण केंद्र, छात्रवृत्ति योजना इन सभी सेवा क्षेत्र के प्रोजेक्ट पर क्लब के सदस्य समर्पित भावना से काम कर रहे हैं जिसका समाज के सभी वर्ग को लाभ मिल रहा है रोटरी बाल विद्यालय को आज डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने 27 सेट बेंच और डेस्क सुपुर्द किया सिस्कॉन ग्रुप के रोटेरियन प्रमोद अग्रवाल ने अपनी ओर से यह डोनेट किया है डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों से मुलाकात की अपनी ओर से जो बच्चे दूर से चलकर पैदल आते हैं ऐसे गरीब बच्चों के लिए पांच साइकिल देने की घोषणा की क्लब के अध्यक्ष सचिव और सभी पदाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को पुष्प गुच्छ देकर तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया, इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष विकास डायलिसिस सेंटर के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, रोटरी सहेली सेंटर के डायरेक्टर कमल सेठी एवं माला दारुका सत्र 24- 25 की ऐजी संगीता शर्मा सत्र 24- 25 के अध्यक्ष अमित कुमार, बाल विद्यालय के कोषाध्यक्ष सुरेश सेठी पीपी रोटेरियन रितु सेठ रोटरी के ट्रेजरर नवीन आर्य रोटेरियन संतोष चौधरी आदि लोग उपस्थित थे ।

## कव्वाली का जबरदस्त क्रेज : योगेंद्र



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनिया:**गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरकी बस्ती स्थित पंचायत भवन के सामने सोमवार की रात्रि में अल्पसंख्यक समाज की ओरसे कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कव्वाली कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्यअतिथि माननीय मंत्री(दर्जा प्राप्त)योगेंद्र प्रसाद महतो जी ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस मौके पर सर्वप्रथम उन्होंने आयोजकों और श्रोताओं को कव्वाली आयोजन की मुबारकबाद दी। माननीय मंत्री श्री महतो ने कहा कि संगीत की लोकप्रिय विधा गायन पद्धति कव्वाली का भारतीय महाद्वीप में जबरदस्त क्रेज है।शब्दों व वाक्यों के अलग अलग तरीके से निखार कर गाने की हर कला से कव्वाली को एक अलग और दिलचस्प अंदाज मिलता है। कव्वाल और कव्वाला में यह मुकाबला श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर देता है। माननीय मंत्री जी ने काफी देर तक कव्वाली का लुत्फ उठाया। इस दौरान मुख्य अतिथि मंत्री जी का आयोजकों ने जोरदार इस्तकबाल किया।

## न्यूज फटाफट

### दो विभूतियों को दी गई श्रध्दांजलि



**लोहरदगा:** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज दोनों विभूतियों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम समाहरणालय सभागार लोहरदगा में आयोजित किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा दोनों विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।साथ ही उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने हेतु सत्यनिष्ठा का संकल्प करने, देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने की शपथ दिलायी गयी।

### रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम



**लोहरदगा :**सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आज समाहरणालय परिसर लोहरदगा से बड़ा तालाब तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से किया गया। इस दौड़ की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।यह दौड़ समाहरणालय परिसर लोहरदगा से प्रारंभ हुई जो मैना बगीचा, बाबा मठ, पावरगंज, सोमवार बाजार होते हुए बड़ा तालाब के पास संपन्न हुई। बड़ा तालाब के पास अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारीगणों समेत, विभिन्न विद्यालयों के छात्र, युवा, सीआरपीएफ बटालियन के जवान समेत अन्य बड़ी संख्या में लोग भाग ली

### गुरु रामदास का प्रकाश पर्व मनाया गया



कोडरमा: सिखों के चौथे गुरु रामदास जी का 489 वा जन्म दिन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे बडी धुम-धाम के साथ मनाया गया । सभा के पूर्व सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने बतलाया की इसके लिए विशेष दीवान सजाया गया इसमें सर्व प्रथम रहिरास साहिब का पाठ आरती के उपरान्त गुरु रामदास की महिमा का गुणगान किया गया । ज्ञानी राजा सिंह, हरभजन सिंह बग्गा, गुरुभेज सिंह, शम्मी सालुजा ने शब्द कीर्तन तथा नाम सिमरन कर संगत को निहाल किया पूर्व सचिव यशपाल सिंह गोन्डन ने बताया की गुरु साहिब का जन्म चूना मंडी लाहौर में हुआ था। इनका बचपन का नाम भाई जेठा जी था जिसे गुरु अमरदास ने बदल कर राम दास कर दिया। इन्होंने अमृत सरोवर का निर्माण कराया तथा वही पर सर्वण मन्दिर का निर्माण हुआ तथा अमृतसर नाम का शहर बसोजो की सिखों का सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। ऐसी मान्यता है की जो इस सरोवर में स्नान करता है उसके सभी दुख दर्द दूर हो जाते है।सभा के प्रधान हरजीत सिंह सलुजा ने संगत को बधाईया दी। वही सभा के साचिव गुरुभेज सिंह शम्मी ने गुरु महाराज की ऐतहासिक कार्यो का बखान किया। साथ ही संगत को बधाईया दी । कार्यक्रम की समाप्ति बाद गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिख समाज के सैकडो स्त्री पुरुष तथा बच्चे मौजूद थे।

### इंदिरा गांधी व सरदार पटेल को किया याद



लोहारदगा: मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत दिवस एवं पूर्व गृह मंत्री सरदार पटेल के जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई इस मौके पर। कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि इंदिरा गांधी वर्ष 1966 से 77 तक लगातार तीन परी के लिए भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री रही उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनीतिक हत्या तक हुए भारत की प्रधानमंत्री रही भारत की प्रथम और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थी इनके कार्यकाल में देश ने विभिन्न आयामों को छुआ ऑपरेशन मेघदूत एवं परमाणु परीक्षण आदि इनके द्वारा राष्ट्र हित में अनेक कदम उठाए गए और अन्य आयरन लेडी के नाम से भी विख्यात हुई। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि अदम्य, साहस की प्रतिमूर्ति थी इंदिरा गांधी ने एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्व योगदान दिया सशक्त एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति कुशल नेतृत्व अद्वितीय कार्यशैली एवं दूरदर्शिता से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं हमारी आदर्श इन्दिरा गांधी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं सरदार पटेल जी के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने आजादी के बाद पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में फिर होने का काम किया उन्हें भारत का लोह पुरुष तथा भारत का बिस्मार्क भी कहा जाता है वे एक मजबूत अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्ति थे। मौके पर जगदीप भगत, पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलु, दीपक महतो, सद्रुल अंसारी,सीमा परवीन,मुजजमिल अंसारी, संतोष महतो, परवेज सिद्दकी,विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, संभू प्रजापति ,सत्यदेव भगत,विनोद खेरवार, आजाद खान रौनक एकबाल तारिक। ।अनवर ,मिखाईल अंसारी,बबिता देवी, सुशीला देवी सरिता देवी सैफ अली, अरसद अयूब, आदि उपस्थित थे।

पड़ताल

## अंचलाधिकारी पर एसटी- एससी उत्पीड़न का मामला है दर्ज

# पूर्व सीओ को बालूमाथ की पुलिस ने किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ अंचल के पूर्व अंचल अधिकारी आफताब आलम का स्थानांतरण हो जाने के चौथा दिन बाद बालूमाथ थाना परिसर में उन्हें सम्मानित किया गया जो चर्चा का विषय है। बालूमाथ निवासी लक्ष्मी देवी पति विजय गंझू ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा था कि आंचल कार्यालय में विविध वाद संख्या 03/ 21 -22 की सुनवाई चल रही थी। इसी बीच मेरे पुत्र द्वारा कुछ सवाल करने पर अंचलाधिकारी आफताब आलम ने गुस्से में आकर मेरे पुत्र की पिटाई कर दी। और मेरे द्वारा विरोध करने पर मुझे गालियां देते हुए जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया था। उसके बाद लक्ष्मी देवी के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 323 / 23 अनुसूचित जाति /जनजाति अधिनियम धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अंचलाधिकारी आफताब आलम का स्थानांतरण 4 दिन पूर्व होने के बाद उन्होंने अपना प्रभार भी दे दिया लेकिन उनके ऊपर किए गए मुकदमे पर ना तो कोर्ट से जमानत ली गई है ना ही उन्हें बरिये पदाधिकारी के द्वारा अनुसंधान में बरी किया गया। जानकारों का कहना है कि कोई भी पदाधिकारी का स्थानांतरण हो जाने के बाद उस स्थान के लिए वह एक सामान्य व्यक्ति हो जाता है और अगर आफताब आलम पर प्राथमिक दर्ज है तो उस स्थिति में उन्हें थाना में सम्मानित करना अनुचित है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। अंचलाधिकारी आफताब आलम बराबर विवाद के घेरे में रहे हैं इधर ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि स्थानांतरण होने के बाद रविवार समेत तीन दिनों तक रात्रि 2:00 बजे तक कार्यालय खोलकर दर्जनों विवादित जमीन का म्यूटेशन करते हुए ऑनलाइन रसीद काट मोटी कमाई की थी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी द्वारा चार्ज देने के बाद भी डोंगल अपने पास रखकर पुनः कई जमीन संबंधित निपटारा किया है। जो जांच का विषय है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने कहा कि अगर कोई आम व्यक्ति आरोपी होता है तो उस पर कार्रवाई की जाती है क्या भारत का संविधान में अलग-अलग व्यक्ति के लिए अलग-अलग कानून बनाया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो ने कहा कि मैं नया-नया आया हूं जानकारी का आभाव में कार्यक्रम कर दिया गया।

## न्यूज फटाफट

### राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की कई स्पर्धाओं में रिकार्ड टूटे





**पणजी :** 29 अक्टूबर से शुरु हुए राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की विभिन्न स्पर्धाओं में कई रिकार्ड टूटे। सोमवार सुबह के सत्र में उत्तर प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय धाविका प्रियंका गोस्वामी ने पैदल चाल स्पर्धा में 1:36:35 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पिछले साल गुजरात में मुनिता प्रजापति के नाम बनाए गए 1:38.20 के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से बेहतर था। मुनिता इस बार तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं शाम के सत्र में महाराष्ट्र के बाधा धावक तेजस अशोक शिरसे और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया! पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतने की राह पर, 21 साल के शिरसे ने 13.71 सेकंड का समय निकाला और 2015 में महाराष्ट्र के सिद्धांत थिंगलाया द्वारा बनाए गए 13.83 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ा। शिरसे ने कहा, ''मैं अपने समय में और सुधार कर सकता था, लेकिन दौड़ के पहले 60 मीटर में कम से कम बाधाएं आईं, जिससे मुझे बेहतर समय नहीं मिला।'' जबकि ज्योति ने 2022 में गुजरात में बनाए गए 13.30 सेकंड के अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रेस के बाद कहा, ''मैं रेस में कुछ नया आजमाना चाहती थी।'' उन्होंने कहा, ''जब मैं अपना 2024 सीज़न शुरू करूंगी तो प्रत्येक दौड़ में थोड़ा सुधार एक बड़ा फायदा होगा।'' ज्योति का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.78 सेकंड है और वह अभी तक पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालीफिकेशन समय हासिल नहीं कर पाई हैं। डिकैथलॉन के पहले दिन दिल्ली के तेजस्विन शंकर 4062 अंक के अग्रणी रहे।

### पाकिस्तान एशियाई ताइक्वांडो ओपन चैम्पियनशिप की करेगा मेजबानी



**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान अगले महीने सीनियर पूमसे और क्योरुगी के लिए पांचवीं एशियाई ताइक्वांडो ओपन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान ताइक्वांडो फेडरेशन (पीटीएफ) के अध्यक्ष वसीम जंजुआ ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि 27 देशों और क्षेत्रों के 500 से अधिक एथलीट इस्लामाबाद के पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक से पांच नवंबर तक होने वाले चैम्पियनशिप भाग लेंगे। जंजुआ ने कहा, ''दुनिया भर के शीर्ष ताइक्वांडो खिलाड़ी मेगा स्पर्धा में क्योरुगी और पूमसे की वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।'' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता, ''हमारे खिलाड़ियों के पेशेवर विकास में फायदेमंद होगी और वे अपने अंतरराष्ट्रीय समकालीनों के साथ प्रतिस्पर्धा में बहुत कुछ सीखेंगे और अनुभव प्राप्त करेंगे।''

### गढ़वाल यूनाइटेड ने ईमी हीरोज को हराया

**नयी दिल्ली :** गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने ईमी हीरोज फुटबाल क्लब को 3-0 से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। इससे पूर्व दिन के पहले मुकाबले में सिग्नेचर ने लावण्या की शानदार तिकड़ी से अहबाब पर 4-0 की जीत पाई। एक गोल दीया राणा ने किया। गढ़वाल यूनाइटेड की जीत का आकर्षण उसकी खिलाड़ियों का बेहतर तालमेल और मौकों का लाभ उठाना रहा। खासकर, मोनिशा सिंघा ने प्रतिद्वंद्वी टीम की रक्षा पंक्ति को तोड़ मरोड़कर मौके जुटाए जिनपर दीपिका पाल ने दो दर्शनीय गोल जमाए।

**पूर्वालोकन** एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं

# विश्व कप में न्यूजीलैंड का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका पर रहा है भारी

- दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है
- न्यूजीलैंड दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है

एजेंसियां



**पुणे :** आंकड़ों के हिसाब से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी रहा है। एकदिवसीय विश्व कप मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच आठ मैच खेले गए हैं। जिनमें से छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीते है है और दो मैच दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली।

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के 32वां मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच एक नवंबर को खेला जाएगा। मौजूदा विश्वकप में न्यूजीलैंड चार मुकाबले जीते हैं और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को पांच मैच में जीत मिली है और वह दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड की टीम अपने पिछले दो मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार चुकी है। ऐसे में सेमीफाइनल में उन्हें जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। टीम की गेंदबाजी इन दोनों मैच में अच्छी नहीं रही थी। कल का मुकाबला जितने के लिए तेज गेंदबाज मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका इस विश्व कप में अच्छी फार्म में चल रही है। उनके बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देखा जाये तो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है। आंकड़ों के अनुसार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 71 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से न्यूजीलैंड ने 25 मुकाबलों में जीते है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने 41 मैच अपने नाम किए हैं। पांच मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने पिछले 10 मैच में 59.65 की औसत से 477 रन बनाए हैं। डेरिल मिचेल के बल्ले से पिछले सात मैच में 326 रन बनाये है। एडेन मार्करम ने पिछले 10 मैच में 62.44 की औसत से 562 रन बनाए हैं। मिचेल सैंटनर ने पिछले छह मैच में 14 विकेट झटके हैं। मैट हेनरी के नाम पिछले सात मैच में 13 विकेट है। मार्को जानसन ने पिछले 10 मैच में 20 विकेट लेने वाले खिलाड़ियों पर नजर रहेगी।

## पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 204 रन पर रोका

एजेंसियां





**कोलकाता :** पाकिस्तान ने आईसीसी विश्व कप के 31वें मुकाबले में मंगलवार को टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की पूरी टीम 45.1 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान को जीत के लिए 205 रनों की जरूरत है। ईडन गार्डन में आज बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और शाहीन अफरीदी ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर तंजीद हसन को शून्य पर पगबाधा आउट कर बंगलादेश को पहला झटका दिया। इसके बाद अपने दूसरे ओवर में उन्होंने नजमुल हुसैन शांतो चार रन को उसामा मीर के हाथों कैच कराया। छठे ओवर में 23 के स्कोर पर हारिस रऊफ ने मुशफिकुर रहीम पांच रन को रिजवान के हाथों कैच कराया। बंगलादेश का 102 के स्कोर पर चौथा विकेट गिरा। लिटन दास को इफ्तिखार अहमद ने आगा सलमान के हाथों कैच कराया। उन्होंने 64 गेंद पर छह चौके की मदद से 45 रन बनाये। लिटन ने महमूदुल्लाह के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। 31वें ओवर में 130 के स्कोर पर शाहीन अफरीदी ने महमूदुल्लाह को क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने 70 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाये। उसामा मीर ने तौहिद हृदोय को सात रन पर इफ्तिखार अहमद के हाथों कैच कराया। हारिस रऊफ ने 40वें ओवर में बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को आउट कर दिया। शाकिब 64 गेंद पर 43 रन बनाये। इसके बाद मोहम्मद वसीम जूनियर ने 44वें ओवर की पहली गेंद पर मेहदी हसन मिराज को क्लीन बोल्ड कर दिया।

अपने ही घर वानखेड़े में लगी सचिन तेंदुलकर की प्रतिमा

## आज होगा अनावरण, शिंदे-फडणवीस रहेंगे मौजूद

एजेंसियां



**मुंबई :** क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) बुधवार को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की प्रतिमा का अनावरण करेगा। कई रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले तेंदुलकर के लिए मशहूर वानखेड़े स्टेडियम हमेशा खास रहा है। 200 टेस्ट के अनुभवी तेंदुलकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भारत-श्रीलंका आईसीसी विश्व कप 2023 मुकाबले की पूर्व संध्या पर किया जाएगा। तेंदुलकर, जिनके पास शानदार 15,921 टेस्ट रन और 18,426 वनडे रन हैं, अनावरण समारोह में उपस्थित रहेंगे।वानखेड़े स्टेडियम में तेंदुलकर की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह प्रतिमा स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर स्टैंड के पास एमसीए द्वारा स्थापित की गई है। यह प्रतिमा उनके जीवन के 50 वर्षों को समर्पित है। इस साल अप्रैल में उन्होंने अपना 50वां जन्मदिन मनाया। 1 नवंबर को प्रतिमा के अनावरण समारोह में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित रहेंगे। रिकॉर्ड के लिए, तेंदुलकर ने वानखेड़े स्टेडियम में खेल को अलविदा कहा, जिसका एक स्टैंड उनके नाम पर समर्पित है।

दो दशकों के सफल करियर के बाद, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने नवंबर 2013 में वानखेड़े में अपना 200वां और अंतिम टेस्ट खेला। मौजूदा आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, मेजबान टीम लगातार छह गेम जीतकर शानदार प्रदर्शन कर रही है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### श्रीयंका सदांगी ने भारत के लिए 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल



**चांगवोन :** भारतीय निशानेबाज श्रीयंका सदांगी ने मंगलवार एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। इसके साथ ही उन्होंने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। यह निशानेबाजी में भारत का 13वां और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में दूसरा पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा है। पेरिस ओलंपिक के लिए एक देश प्रत्येक निशानेबाजी स्पर्धा में अधिकतम दो कोटा जीत सकता है। मौजूदा एशियन चैंपियनशिप में 13 में से 6 कोटा हासिल कर लिए गए हैं। श्रीयंका सदांगी फाइनल में 440.5 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की यूनसेओ ली (468.5) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी निशानेबाज जियायु हान (463.3) और सियू ज़िया (453.3) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। यूनसेओ ली ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में दो की अधिकतम कोटा सीमा तक पहुंचने के बाद पहले ही दक्षिण कोरिया और चीन के लिए कोटा स्थान जीत लिया था। श्रीयंका सदांगी के चौथे स्थान ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा सुनिश्चित कर दिया। हालांकि, पेरिस 2024 के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन नीति के अनुसार अगले साल होने वाले राष्ट्रीय ट्रायल में बोनस अंक मिलेगा। क्वालिफिकेशन राउंड में श्रीयंका सदांगी ने 588 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया था। एशियन गेम्स की कांस्य पदक विजेता आशी चौकसे ने क्वालीफाइंग राउंड में 591 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर जगह बनाई। वहीं, आयुषी पोद्दार 587 के साथ नौवें स्थान पर रहीं। जबकि आशी चौकसे ने फाइनल में 417.4 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। वहीं, आयुषी पोद्दार 407.5 के स्कोर साथ सातवें स्थान पर रहीं। एशियाई खेल की चैंपियन सिफ्ट कौर सामरा ने क्वालीफाइंग राउंड में 592 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।

## करिश्मा कपूर की फिल्म 'दिल तो पागल है' को पूरे हुए 26 साल



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर की फिल्म 'दिल तो पागल है' को 26 साल पूरे हो गये हैं। वर्ष 1997 में प्रदर्शित दिल तो पागल है में शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित, करिश्मा कपूर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के प्रदर्शन के 26 साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर करिश्मा कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। फोटो में देखा जा सकता है कि करिश्मा कपूर फिल्म के सेट पर एक दीवार के सहारे खड़ी हैं। इस फोटो पर उनकी फिल्म का गाने भोली सी सूरत के लिरिक्स 'दूर खड़ी शर्माए' लिखा हुआ है। कैप्शन में करिश्मा कपूर ने लिखा, इस दिन एक बहुत ही खास फिल्म रिलीज हुई है। उन्होंने शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और यश राज फिल्म्स को टैग करते हुए लिखा मेरे साथ 'दिल तो पागल है' का जश्न मनाने में शामिल हों'। यश राज फिल्म्स ने भी फिल्म के गानों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा '26 साल पहले 'दिल तो पागल है' ने हमें 'मोहब्बत क्या है' सिखाया और यह हमारे साथ रहा।

## जरीना बहाव की वेबसीरीज पीआई मीना का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री जरीना बहाव की आने वाली वेबसीरीज पीआई मीना का ट्रेलर हो गया है। अमेजन प्राइम वीडियो की नई वेब सीरीज पीआई मीना में मुख्य किरदार तान्या मनिकतला निभा रही हैं। इस वेबसीरीज में जरीना बहाव और समीर सोनी की मुख्य भूमिका है। देबलोय भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित 'पीआई मीना' क्राइम थ्रिलर सीरीज है। ट्रेलर की शुरुआत एक मर्डर से होती है, जिसका शक पीआई मीना के ऊपर जाता है। वह धीरे-धीरे एक साजिश के जाल में फंसती जाती हैं। वह खुद एक एक्सीडेंट की जांच करने का फैसला करती है, लेकिन उसने नहीं पता होता है कि वह इसके चलते इतना बुरा फंसेगी। 'पीआई मीना' में परमब्रत चट्टोपाध्याय, जिशु सेनगुप्ता, विनय पाठक भी अहम भूमिका में हैं। इस सीरीज को 03 नवंबर 2023 को प्राइम वीडियो पर हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज को अरिंदम मित्रा ने प्रोड्यूस किया है।

## सलमान खान ने भांजी अलीजेह की फिल्म फर्रे का पोस्टर शेयर किया

एजेंसियां





**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की आने वाली फिल्म फर्रे का पोस्टर शेयर किया है। अलीजेह अग्निहोत्री ,सलमान खान की प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म फर्रे से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। सलमान ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर फर्रे का नया पोस्टर रिलीज किया है और कैप्शन में लिखा है फर्रे का ट्रेलर कल आ रहा है और नतीजे 24 नवंबर को आएंगे। इस पोस्टर में अलीजेह समेत फिल्म के तीन और कलाकारों की झलक देखी जा सकती है। 'फर्रे' में अलीजेह अग्निहोत्री के अलावा सौमेंद्र पाधी, साहिल मेहता, जेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित बोस रॉय, जूही बब्बर सोनी और नवीन येरनेनी जैसे स्टार्स शामिल है। इस फिल्म का निर्देशन सौमेंद्र पाढ़ी ने किया है। यह फिल्म 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## स्मति सिन्हा और माही श्रीवास्तव की फिल्म छठ के बरतिया का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी अभिनेत्री स्मति सिन्हा और माही श्रीवास्तव की फिल्म छठ के बरतिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एआरके वर्कस चैनल रत्नाकर कुमार प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। ट्रेलर में स्मृति सिन्हा को छठी मइया की भक्त के रूप में दिखाया गया है, वही अभिनेत्री माही श्रीवास्तव को छठ मईया का किरदार अदा करते हुए नजर आ रही है। जिसमें भक्त और भगवान की महिमा का बड़े सुंदर तरीके से चित्रण किया गया है। अभिनेता अंशुमन मिश्रा स्मृति सिन्हा के पति के रूप में नजर आ रहे हैं। वही समर्थ चतुर्वेदी और रितु पाण्डेय ट्रेलर में विलेन का किरदार निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव और निवेदिता कुमार हैं।निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि छठ के बरतिया छठी मईया के ऊपर बनी है, जिसमें आपको छठ के व्रत की महिमा के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी जाएगी। फिल्म की कहानी पूरी तरह से धार्मिक परिवेश में बनाई गई है। इस व्रत को करने के लिए लोगों विदेश से भी देश में आते हैं। ये फिल्म दर्शकों को सिनेमा हॉल में आने को मजबूर कर देंगी।

## खुशबू तिवारी केटी और अंजली पांडेय का गाना 'सइयां के अंचरा में बांध के राखब' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री अंजली पांडेय का गाना 'सइयां के अंचरा में बांध के राखब' रिलीज हो गया है। गाना 'सइयां के अंचरा में बांध के राखब' रिलीज वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इसके वीडियो में दिखाया गया है कि जली पांडेय अपनी सहेलियों से अपने मन की बात बयां कर रही है। वह अपने ससुराल में कैसे रहने वाली है और क्या क्या हुकुम चलाने वाली है, वह सब साझा करते हुए कहती है कि 'जाइब जहिया ससुरा हम हुकुम चलाइब, राजाजी से सारा आपन जिद मनवाइब, अपना मर्जी से हम आपन जान के राखब।

## प्रदेश >> अपडेट

### जसपाल भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल

**सीहोर :** मध्यप्रदेश के सीहोर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जसपाल सिंह आरोरा आज कांग्रेस में शामिल हो गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज अरोरा को भोपाल में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करायी। उनके साथ अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### केंद्रीय नेतृत्व के दौरों को लेकर हुई दिल्ली में बैठक : कमलनाथ

**भोपाल :** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सोमवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाए जाने की खबरों को लेकर कमलनाथ ने आज कहा कि मध्यप्रदेश चुनाव के मद्देनजर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रदेश में दौरों को लेकर दिल्ली में बैठक हुई थी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रदेश में दौरों को लेकर कल दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में तीनों नेताओं के दौरे और सभाओं को लेकर विचार मंथन हुआ।

### खडगे, सोनिया, राहुल ने इंदिरा गांधी को किया याद

नयी दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 39वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खडगे, मती गांधी और राहुल गांधी आज सुबह इंदिरा गांधी की समाधि शक्ति स्थल पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मेरा भी फोन हैक किया गया, जांच कराए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि सरकार को वरिष्ठ नेताओं के मोबाइल फोन हैक और जासूसी के आरोपों की जांच करानी चाहिए और बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा मुझे एप्पल कंपनी से मैसेज मिला कि आपका फोन हैक किया जा रहा है। यह बहुत अफसोस की बात है कि सत्ता के इशारे पर वरिष्ठ नेताओं के फोन राज्य की एजेन्सियां हैक कर रहीं हैं। उन्होंने कहा, वे लोकतंत्र में आपकी आजादी और निजता क्यों छीनना चाहते हैं। यह जासूसी क्यों और वह भी इस हद तक कि बड़े नेताओं के फोन सर्विलांस पर लिए जा रहे हैं। लोकतंत्र में ऐसी किसी चीज के लिए कोई जगह नहीं है।

### लूट के माल के बंटवारे के लिए झगड़ रहे कांग्रेस के जय और वीरू: शिवराज

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बिना किसी का नाम लिए कांग्रेस के दो बड़े नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की इस जय-वीरू की जोड़ी के बीच लूट के माल के बंटवारे का झगड़ा है। चौहान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की जय और वीरू की जोड़ी को दिल्ली बुलाया गया। जोड़ी कहती है कि भाजपा भ्रम फैला रही है। अगर ऐसा है, तो फिर इन्हें दिल्ली क्यों बुलाया गया जय और वीरू ने मध्यप्रदेश से जो लूटा है, उसे ही लेकर इनके बीच झगड़ा है, जिसके लिए इन्हें दिल्ली बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि हो सकता है दिल्ली भी लूट के इस माल में हिस्सेदारी चाहती हो। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 2003 तक बंटाढार ( दिग्विजय सिंह) की सरकार रही।

संघर्ष

## रूसी सैनिक खोई हुई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रहे है

# बखमुत पर रूसी सेना ने दोबारा हमला किया

- यूक्रेना सेना के साथ उनका संघर्ष तेज हो रहा है
- हर दिन हमारे ठिकानों पर हमला कर रहा है
- रूसी सेना ने अपने समूह को काफी मजबूत कर लिया है



राष्ट्रीय खबर

**बखमुतः** अतिरिक्त टुकड़ियों के आने के बाद रूसी सैनिक खोई हुई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए यहां यूक्रेना सेना के साथ उनका संघर्ष तेज हो रहा है। 30 अक्टूबर को इंटरफैक्स-यूक्रेन के साथ एक साक्षात्कार में, कर्नल-जनरल ऑलेक्जेडर सिर्स्की के अनुसार, महत्वपूर्ण रूप से प्रबलित रूसी सैनिकों ने बखमुत के पास सक्रिय अभियान शुरू कर दिया है।

सिरस्की ने कहा, पूर्व में स्थिति कठिन बनी हुई है। दुश्मन लगातार सफलता हासिल करने की कोशिश कर रहा है और हर दिन हमारे ठिकानों पर हमला कर रहा है। वे विशेष रूप से कुपयांस्क के पास सक्रिय हैं, जहां वे एक साथ कई दिशाओं में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। बखमुत के क्षेत्र में, रूसी सेना ने अपने समूह को काफी मजबूत कर लिया है और रक्षा से सक्रिय अभियानों की ओर बढ़ गया है। रूस हवाई इकाइयों और स्टॉर्म जेड हमला समूहों की मदद से यूक्रेनी सैनिकों को आगे बढ़ने और खोई हुई जमीन वापस पाने से रोकने की कोशिश कर रहा है। इन कार्रवाइयों को सघन तोपखाने, मोर्टार फायर और कामिकेज ड्रोन द्वारा समर्थित किया जाता है।

सिर्स्की ने कहा, साथ ही, हमारे सैनिकों की पेशेवर और समन्वित कार्रवाइयों के कारण, दुश्मन को भारी नुकसान हो रहा है और वह अपने लक्ष्यों को हासिल करने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सैन्य इकाइयों के कमांडरों के साथ तेजी से प्रभावी तरीके विकसित करने के लिए काम किया है। दुश्मन की रणनीति के विस्तृत विश्लेषण के बाद, हमने अपने सैनिकों का उपयोग करने के सभी संभावित तरीकों पर चर्चा की। हमने आगे काम करने की योजना बनाई। बेशक, किसी भी कार्रवाई की योजना बनाई जा सकती है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता मुख्य रूप से हमारे सैनिकों के साहस और लचीलेपन और उनके स्तर पर निर्भर करती है। यही कारण है कि मैं हमेशा अपने कार्यों को पूरा करने के लिए अपने सैनिकों के नैतिक घटक और तत्परता को पहले स्थान पर रखता हूं।

दूसरी तरफ रूसी रक्षा मंत्रालय ने 30 अक्टूबर को दावा किया कि उसके बलों ने रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में यूक्रेन द्वारा कथित तौर पर लॉन्च की गई आठ स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सेवस्तोपोल की अवैध रूसी कब्जे वाली सरकार के प्रमुख मिखाइल रज्वोजेव ने कहा कि हवाई सुरक्षा ने शहर के ऊपर दो हवाई लक्ष्यों को मार गिराया, और उस मलबे ने एक स्थानीय रेलवे के पास एक 57 वर्षीय व्यक्ति को घायल कर दिया। रज्वोजेव ने दावा किया कि मलबा सेवस्तोपोल में घरों और समुद्र तटों सहित कई स्थानों पर गिरा, लेकिन इमारतों और बुनियादी ढांचे को कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने यह नहीं बताया कि शहर में कथित तौर पर कौन से हथियार गिराए गए थे।

## चीन के शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री धरती पर सुरक्षित पहुंचे



एजेंसियां

**बीजिंगः** शेनझोउ-16 का दल पांच महीने के अंतरिक्ष स्टेशन मिशन को पूरा करने के बाद मंगलवार को सुरक्षित पृथ्वी पर पहुंचा। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री जिंग हाइपेंग, झू यांगझू और गुई हैचाओ को लेकर शेनझोउ-16 उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 8:11 बजे पहुंचा। इस दल में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्री शामिल थे। सीएमएसए ने कहा कि शेनझोउ-16 के अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से स्वस्थ हैं और शेनझोउ-16 का मानवयुक्त मिशन सफल हुआ और साथ ही चीन में वर्तमान में उपलब्ध सभी अंतरिक्ष यात्री, अंतरिक्ष यान पायलट, स्पेसफ्लाइट इंजीनियर और पेलोड विशेषज्ञ ने अपने उड़ान और व्यावहारिक परीक्षण को पूरा कर लिया है। सीएमएसए ने कहा कि इस अभियान ने चालक दल के अंतरिक्ष यान कार्यक्रम और अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोग करने के बाद विकास और निर्माण में एक अच्छी नींव तैयार की है। अंतरिक्ष में चीन के पहले अंतरिक्ष यान इंजीनियर झू ने कहा कि उन्होंने विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया और पांच महीने के अभियान के दौरान देश की राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रयोगशाला, अंतरिक्ष स्टेशन तियांगोंग को देखा।

## मोदी सरकार में नंबर एक की हैसियत में है अडानी: राहुल



एजेंसियां

**नयी दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार में उद्योगपति अडानी नंबर एक की हैसियत में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वही करते हैं जो अडानी कहते हैं। गांधी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा मोदी की आत्मा अडानी में है और उनकी ताकत अडानी के पास है। मोदी वही करने को विवश होते है जो अडानी उनसे करवाना चाहते हैं। देश के सभी क्षेत्रों के उद्योगों पर अडानी का एकाधिकार है और वह आए दिन हर उद्योग पर कब्जा कर रहे है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही अडानी पर सवाल उठाए जाते हैं ईडी, सीबीडी सक्रिय हो जाती हैं लेकिन मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि अब अडानी बच नहीं सकते। पूरे देश की और पूरे विपक्ष की निगाह अडानी पर है और सरकार का प्रयास लोगों को भटकाने का है। उन्होंने कहा ह्यमोदी सरकार में अडानी नंबर एक और नरेंद्र मोदी नंबर दो की पोजीशन में हैं। मोदी की आत्मा अडानी में है इसीलिए अडानी के लिए कृषि कानून बना दिया। एयरपोर्ट, बंदरगाह, सीमेंट कारखाने और अन्य ढांचागत व्यवस्था अडानी को सौंप दी गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अडानी का एकाधिकार हो गया है और इससे नुकसान देश के युवाओं का हो रहा है। अडानी को देश की जनता का पैसा छीनकर दिया जा रहा है। उनका कहना था कि देश में जाति गणना के बिना कुछ नहीं हो सकता है। अडानी से देश के लोग बिजली खरीदते हैं, बिजली कोयला से बनती है और कोयला अडानी के हवाले है। अडानी , मोदी सरकार से लोगों पर मनमानी कर लगाकर उगाई कर रहे हैं और देश के दलितों तथा आदिवासियों का पैसा लूटा जा रहा है।

## अगर सरदार पटेल नहीं होते तो भारत का मौजूदा मानचित्र संभव नहीं था: शाह



एजेंसियां

**नयी दिल्लीः** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारत की एकता और समृद्धि सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन का एकमात्र ध्येय था और उनकी बदौलत ही पृथ्वी पर एक संप्रभु तथा अखंड भारत का मौजूदा मानचित्र संभव हो पाया था। देश के पहले गृह मंत्री और लोह पुरूष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर शाह ने मंगलवार को यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एकता दौड़ के आयोजन के मौके पर यह बात कही। इससे पहले उन्होंने सुबह सात बजे पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा, देश के एकीकरण व निर्माण में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का अविस्मरणीय योगदान है। आज सरदार साहब की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में उनकी प्रतिमा पर कृतज्ञ राष्ट्र के ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किये। एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले शाह ने कहा कि अंग्रेज इस देश को खंड खंड होने के लिए छोड़ कर गये थे लेकिन सरदार पटेल ने कुछ ही दिनों में 550 रियासतों को एकता के सूत्र में पिरो दिया। उन्होंने कहा, सरदार नहीं होते तो आज जो भारत माता का जो मानचित्र है वह हम नहीं देख पाते। इस देश को एक करने में सरदार पटेल का अविस्मरणीय योगदान था और देश इसे कभी भुला नहीं सकता। शाह ने कहा कि इस एकता दिवस का अपना महत्व है क्योंकि यह आजादी के अमृतकाल के दौरान पहला एकता दिवस है। आज यहां करीब 8 हजार प्रतिभागी एकता दौड में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी यह शपथ लें कि 25 वर्ष बाद जब 15 अगस्त 2047 में हम आजादी की शताब्दी मनायें तो भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में हर क्षेत्र में दुनिया में सबसे आगे खड़ा हो। इसके बाद उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी और एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। जाने माने पहलवान योगेश्वर दत्त तथा अन्य खिलाडियों ने शाह को झंडी सौंपी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने संदेश में कहा, भारत की एकता और समृद्धता सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन का एकमात्र ध्येय था।

## मध्यप्रदेश कमलनाथ का प्रदेश नहीं, इसलिए उन्हें यहां से लगाव ही नहीं: शिवराज

एजेंसियां



**भोपालः** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि ये प्रदेश उनका नहीं है, इसलिए उनको यहां से लगाव नहीं है और इसीलिए वे प्रदेश को बदनाम करते हैं। चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश कमलनाथ का प्रदेश है ही नहीं, उनको मध्यप्रदेश से लगाव नहीं है, इसीलिए वो मध्यप्रदेश को बदनाम करते हैं। उन्होंने कहा कि कमलनाथ द्वारा प्रदेश को ह्यचौपट प्रदेश कहना प्रदेश और यहां की जनता का अपमान है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि अगर कमलनाथ को उनसे राजनैतिक बैर है तो वे उनका अपमान करें, प्रदेश का अपमान क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में धन संपदा, वन संपदा, खनिज संपदा, जन संपदा, प्राकृतिक संसाधन सब कुछ है। कमलनाथ यहां के लोगों को चौपट कह रहे हैं, ये प्रदेश और देश का अपमान जनता सहन नहीं करेगी। चौहान ने कहा कि कल उन्होंने कमलनाथ को सेठ कहा तो वे आपत्ति व्यक्त करने लगे। कमलनाथ स्वयं कहते हैं कि वे निजी प्लेन में घूमते हैं। निजी प्लेन किसी किसान, मजदूर या गरीब के पास नहीं होता। कमलनाथ का एक पाँव देश में और दूसरा विदेश में रहता है। ऐसे व्यक्ति को सेठ ना कहें तो क्या कहें। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को कल रात कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाए जाने से जुड़ी खबरों पर चौहान ने कहा कि ये ह्यजय और वीरू की जोड़ी है।

नेटवर्क

## गाजा के भूमिगत सुरंगों पर इजरायल का पूरा ध्यान

# सुरंगों से निपटना हमेशा कठिन होता: रिचमंड

- यह सुरंगों की एक विशाल भूलभुलैया है
- इजरायल से अपहरण कर ले जाये गये लोगों को इन्हीं सुरंगों में रखा गया है



राष्ट्रीय खबर

**तेल अवीवः** इजरायली सेना अब हमास के छिपने के भूमिगत सुरंगों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। समझा जाता है कि इजरायल से अपहरण कर ले जाये गये लोगों को भी बंधक के तौर पर इन्हीं सुरंगों में रखा गया है। वैसे गाजा के नीचे असंख्य सुरंगों को मिस्त्र से माल की तस्करी और इजराइल में हमले शुरू करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग के रूप में जाना जाता है। लेकिन एक दूसरा भूमिगत नेटवर्क मौजूद है जिसे इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) बोलचाल की भाषा में गाजा मेट्रो कहते हैं। यह सुरंगों की एक विशाल भूलभुलैया है, जो कुछ लोगों के अनुसार कई किलोमीटर भूमिगत है, जिसका उपयोग लोगों और सामानों के परिवहन के लिए किया जाता है। अब यह रॉकेट और गोला बारूद भंडार को संग्रहीत करने के लिए और हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र स्थित हैं, जो आईडीएफ के विमानों और निगरानी ड्रोनों की नजरों से दूर हैं। हमास ने 2021 में गाजा के नीचे 500 किलोमीटर (311 मील) लंबी सुरंगें बनाने का दावा किया था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह आंकड़ा सटीक था या दिखावटी। यदि यह सच है, तो हमास की भूमिगत सुरंगें न्यूयॉर्क सिटी सबवे प्रणाली की लंबाई के आधे से थोड़ी कम होंगी। इजराइल के रीचमैन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और भूमिगत युद्ध के विशेषज्ञ डैफने रिचमोंड-बराक ने कहा, यह एक बहुत ही जटिल, बहुत बड़ा - विशाल - क्षेत्र के एक छोटे से टुकड़े पर सुरंगों का नेटवर्क है। यह स्पष्ट नहीं है कि सुरंग नेटवर्क की लागत हमास पर कितनी होगी, जो गरीब तटीय पट्टी पर शासन करता है। जनशक्ति और पूंजी दोनों के लिहाज से यह आंकड़ा संभवतः महत्वपूर्ण है। गाजा 2007 से इजराइल द्वारा भूमि, समुद्र और वायु नाकाबंदी के साथ-साथ मिस्त्र द्वारा भूमि नाकाबंदी के अधीन है और माना जाता है कि उसके पास उस प्रकार की विशाल मशीनरी नहीं है जिसका उपयोग आम तौर पर गहरी भूमिगत सुरंगों के निर्माण के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बुनियादी उपकरणों का उपयोग करने वाले खुदाई करने वालों ने संभवतः नेटवर्क को खोदने के लिए गहरे भूमिगत खोदा है, जो बिजली से जुड़ा हुआ है और कंक्रीट द्वारा प्रबलित है। इजराइल ने लंबे समय से हमास पर नागरिक और मानवीय उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले कंक्रीट को सुरंगों के निर्माण की ओर मोड़ने का आरोप लगाया है। हमास के आलोचकों का यह भी कहना है कि सुरंगों पर समूह के भारी खर्च का भुगतान नागरिक बम आश्रयों या इजराइल में सीमा पार जैसे प्रारंभिक चेतावनी नेटवर्क के लिए किया जा सकता था।

रिचमंड-बराक ने कहा, सुरंगों से निपटना हमेशा कठिन होता है, मुझे गलत मत समझिए, किसी भी संदर्भ में, भले ही वे पहाड़ी क्षेत्र में हों, लेकिन जब वे शहरी क्षेत्र होते हैं, तो सब कुछ अधिक जटिल होता है। सामरिक पहलू, रणनीतिक पहलू, परिचालन पहलू, और निश्चित रूप से, वह सुरक्षा जो आप नागरिक आबादी के लिए सुनिश्चित करना चाहते हैं।

## न्यूज फटाफट

### आठ लाख फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा पट्टी से निकाला गया

**गाजा :** फिलिस्तीनी और इजरायल संघर्ष के बढ़ने के बीच उत्तरी गाजा पट्टी से आठ लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को निकाला गया है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकस ने मंगलवार को इस आशय का दावा किया। उन्होंने एक्स पर प्रकाशित एक वीडियो संबोधन में कहा,यह देखकर खुशी हुई कि आठ लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा पट्टी से यानी मुख्य युद्ध क्षेत्र से निकाला गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल गाजा पट्टी के दक्षिण में मानवीय सहायता पहुंचाने की सुविधा के लिए प्रयास तेज करेगा। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि लड़ाई शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में 14 लाख से अधिक नागरिकों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़ी संख्या में रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। उस दौरान हमास ने पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या की और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकेबंदी का आदेश दिया। साथ ही गाजा को पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकेबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### कोरिया में पुलिस अधिकारियों पर चाकू से हमला

**सोल :** दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र सोल में रक्षा मंत्रालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने एक व्यक्ति ने दो पुलिस अधिकारियों को चाकू मार दिया। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार घटना स्थानीय समयानुसार आज करीब 04:20 बजे उस समय हुई, जब पुलिस अधिकारियों ने एक उम्रदराज व्यक्ति को तुरंत परिसर से निकल जाने को कहा। इसी दौरान उसने अपने बैग से चाकू निकाला और दो पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। इसमें एक अधिकारी के हाथ और दूसरे अधिकारी के पेट में चाकू लगा, जिससे वे घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### युगांडा में स्कूल के छात्रावास में आग लगने से दो छात्र की मौत, 12 घायल

**कंपाला :** दक्षिणी युगांडा के मसाका जिले के कनोनी जूनियर स्कूल के छात्रावास में आग लगने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ग्रेटर मसाका क्षेत्र के डिप्टी पुलिस कमांडर जमादा वांडेरा ने बताया कि सोमवार सुबह फायर ब्रिगेड के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले आग में दो छात्रों की मौत हो गई थी। वांडेरा ने कहा, हमें सोमवार सुबह 5:00 बजे (स्थानीय समयानुसार) स्कूल से फोन आया और हमने तुरंत फायर ब्रिगेड को भेजा, जो आग बुझाने और अन्य सभी बच्चों को बचाने में कामयाब रही। वांडेरा ने कहा कि 11 छात्र और छात्रावास मैट्रन घायल हो गए। घायलों को त्वरित इलाज के लिए क्षेत्रीय सार्वजनिक अस्पताल ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए राष्ट्रीय रेफरल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस पावर सॉकेट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जतायी है। उन्होंने स्कूल मालिकों से इसी तरह की घटनाओं से बचने के लिए बिजली के तारों और प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करने की अपील की।

### जापान ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नौ व्यक्तियों और एक कंपनी के खिलाफ प्रतिबंध लगाए

**टोक्यो :** जापान ने आतंकवाद से निपटने के लिए मिस्र समेत नौ विदेशी नागरिकों और एक संगठन को प्रतिबंधित कर दिया है। जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित किये गये लोगों में विशेष रूप से, जॉर्डन, मिस्र, सूडान, तुर्की और फिलिस्तीन के नागरिकों के साथ:साथ गाजा स्थित वर्चुअल मुद्रा विनिमय बाय कैश मनी एंड मनी ट्रांसफर कंपनी को प्रतिबंधित सूची में जोड़ा गया है। क्योदो समाचार एजेंसी ने जापानी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया कि जापान ने प्रतिबंधित व्यक्तियों और कंपनी पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास को कथित रूप से वित्त पोषित करने का आरोप लगाया है। सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी:इजरायल संघर्ष के बढ़ने की शुरुआत के बाद से जापान द्वारा लगाए गया यह प्रतिबंध है। क्योदो ने जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो के हवाले से कहा, आय के स्रोत को समाप्त करने की आवश्यकता है और इसलिए यह उपाय किया गया है। आतंकवाद विरोधी दृष्टिकोण से हम आगे के प्रतिबंधों पर विचार करना जारी रखेंगे। इससे पहले अक्टूबर में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हमास से संबंधों को लेकर इन्हीं व्यक्तियों और कंपनी पर प्रतिबंध लगाए थे। फिलिस्तीनी समूह हमास ने सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

### टेक्सास हाउस पार्टी में दो लोगों की हत्या करने वाला बंदूकधारी गिरफ्तार

**हॉस्टन :** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सैन एंटोनियो में सप्ताहांत में एक हाउस पार्टी में दो लोगों की हत्या करने और तीन अन्य लोगों को घायल करने वाले बंदूकधारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जेल रिकॉर्ड से पता चला कि राउल ट्रेविनो नामक व्यक्ति पर कई लोगों की हत्या करने और घातक हथियार से हमला करने का आरोप लगाया गया। सैन एंटोनियो पुलिस के अनुसार, घायलों में एक 13 वर्षीय लड़की भी शामिल है, जिसके माता:पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात गोलीबारी से पहले पार्टी करने वाले एक व्यक्ति और एक पड़ोसी के बीच बहस हुई थी। स्थानीय मीडिया केसैट ने एफबीआई के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सैन एंटोनियो में हिंसक अपराध की घटनाएं अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है।

### आज का इतिहास

- 1755 : पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
- 1765 : ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया।
- 1800 : जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
- 1858 : भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी।
- 1903 : पनामा की जनता का संघर्ष सफल हुआ और यह देश पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो गया।
- 1950 : भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
- 1956 : कर्नाटक राज्य की स्थापना।
- 1956 : भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
- 1956 : राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना।
- 1956 : केरल राज्य की स्थापना।
- 1956 : आंध्र प्रदेश राज्य की स्थापना।
- 1956 : हैदराबाद राज्य प्रशासनिक रूप से समाप्त हो गया।
- 1958 : तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1966 : हरियाणा राज्य की स्थापना।
- 1966 : चण्डीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश की स्थापना।
- 1973 : मैसूर का नाम बदलकर कर्नाटक किया गया।
- 1984 : भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में सिख विरोदी दंगे भड़क गए.
- 2000 : छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ।
- 2003 : इराकी छापामारों द्वारा बगदाद के समीप अमेरिकी हेलीकाप्टर पर किये गए हमले में 15 सैनिकों की मृत्यु।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2 | रांची बुधवार | 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
01.11.2023

## दुमका में लगे भूकंप के हल्के झटके, तीव्रता 3.7

रांचीः मंगलवार की सुबह झारखंड में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र झारखंड की उपराजधानी दुमका से 24 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व इलाका में रहा। यह जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर था। दुमका में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार तड़के करीब 3:22 बजे भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए। भूकंप की तीव्रता 3.7 रही है।

**गड़बड़झाला** नक्शा स्वीकृति पर नगर निगम और आरआरडीए रेस

# आंकड़ा सुनकर हाईकोर्ट हैरान जवाब दाखिल करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** रांची नगर निगम और आरआरडीए के कारनामे किसी से छिपे नहीं हैं। खासकर नक्शा स्वीकृति मामले में दोनों पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। इसी से जुड़े याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हैरानी और असंतुष्टि जताते हुए नगर निगम से शपथ पत्र के जरिए जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश पीके श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से मौखिक तौर पर नक्शा स्वीकृति को लेकर जानकारी दी गई। बताया गया कि नया ऐप बनने के बाद नक्शा स्वीकृति के लिए करीब 06 हजार आवेदन आए थे। इनमें से 05 हजार आवेदन को स्वीकृति दे दी गई है। इसपर कोर्ट ने हैरानी जताते हुए कहा कि एक तो रांची नगर निगम और आरआरडीए में कर्मियों की कमी है। फिर भी इतने कम समय में इतनी ज्यादा संख्या में नक्शे कैसे स्वीकृत हो गये।नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव और आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पक्ष रखा। दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 8 नवंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की है। कोर्ट ने शपथ पत्र के जरिए कुछ बिंदुओं पर फोकस करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि ऐप के बनने से पहले से कितने आवेदन लंबित थे। कितने आवेदन अभी भी लंबित हैं। इसके अलावा पूर्व के लंबित आवेदन पर क्या निर्णय लिए गये हैं।

यह मामला इसलिए गंभीर बन गया है क्योंकि धांधली को देखते हुए हाईकोर्ट ने नक्शा स्वीकृति पर 2 दिसंबर 2022 को रोक लगा दी थी। लेकिन 18 मई 2023 को राज्य सरकार के आग्रह पर यह कहते हुए हाईकोर्ट ने रोक को वापस ले लिया था कि निर्धारित समय के भीतर नक्शा पास होना चाहिए। आम लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार की ओर से कोर्ट को भरोसा दिलाया गया था कि नक्शा स्वीकृति के दौरान आने वाली कई पेचिदगियों को शिथिल कर दिया गया है। यह भी बताया गया था कि अब नक्शा की ऑनलाइन जांच होगी। लेकिन रोक हटाने के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई। फिर बाद की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कई निर्देश दिए। इसी बीच मंगलवार 31 अक्टूबर को निगम और आरआरडीए की ओर से बताया गया कि 2 अगस्त से अक्टूबर माह के बीच 6000 में से 5000 नक्शे पास कर दिए गये हैं तो न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की खंडपीठ आश्चर्यचकित रह गई।दरअसल, स्थानीय अखबार में चढ़ावे के बगैर नक्शा पास नहीं होने की खबर छपी थी। खबर में बताया गया था कि हर स्तर पर लोगों को पैसे देने पड़ते हैं। इसपर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## रिम्स में निरीक्षण के दौरान भड़के स्वास्थ्य मंत्री, जानिए निदेशक को क्या दिए निर्देश

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में राज्य भर के गरीब मरीज स्वस्थ होने की उम्मीद लेकर आते हैं। क्योंकि यहां पर सरकारी स्तर पर मरीजों का इलाज किया जाता है। रिम्स में बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से लेकर राज्य के सभी बड़े अधिकारी रिम्स में व्यवस्था मुकम्मल कराने में जुटे रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी कई ऐसी कमियां होती हैं, जो मरीजों और रिम्स में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं।मंगलवार को कुछ ऐसी ही समस्या राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की नजर में आई, जब वे रिम्स का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसे देख स्वास्थ्य मंत्री भड़क गए और उन्होंने यह कह दिया कि अगर चार दिनों के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वह खुद रिम्स पहुंचकर लोगों की समस्या के समाधान के लिए काम करेंगे।दरअसल, एक कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री की नजर रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के बाहर नाली से निकल रहे गंदे पानी पड़ गई। जिसे देख स्वास्थ्य मंत्री बिफर गए और उन्होंने बीच कार्यक्रम में ही रिम्स निदेशक डॉ राजीव गुप्ता को निर्देश देते हुए कहा कि अगर चार दिनों के अंदर नाली का काम व्यवस्थित नहीं होता है तो वह खुद नाली में उतरकर काम करेंगे। इसके अलावा उन्होंने ओल्ड इमरजेंसी के पास बने टूटे-फूटे पार्क को लेकर भी नाराजगी जताई और स्पष्ट कह दिया कि जल्द से जल्द उसे व्यवस्थित कराएं।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वह कटिबद्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग का कप्तान होने के नाते वह खुद भी अपनी हर जिम्मेदारी के प्रति गंभीर हैं। अपने अधिकारियों से भी उम्मीद करते हैं कि समाज के अंतिम वर्ग तक बैठे लोगों को स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्ण रूप से पहुंचाएं। जब तक समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुंचेगी तब तक हम स्वस्थ राज्य की परिकल्पना नहीं कर सकते हैं।

## राजभवन के सामने कर रहे आमरण अनशन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में पलायन और विस्थापन एक बड़ी समस्या है। सरकार विकास कार्य को ध्यान में रखकर जमीन अधिग्रहण का काम करती है। रैयतों को जमीन अधिग्रहण के वक्त बहुत भरोसा दिया जाता है। मगर वक्त जैसे -जैसे गुजरता है सरकार रैयतों से किए अपने वायदों को भूलती चली जाती है। कुछ ऐसा ही वाकया चांडिल डैम निर्माण से विस्थापित हुए लोगों का है, जिनकी जमीन तो ले ली गई मगर उन्हें मुआवजा के साथ प्रत्येक परिवार में एक सदस्य को नौकरी देने की बात सरकार भूल गई। सरकार की इस वादाखिलाफी से नाराज रैयत और उनके परिवार के लोग आमरण अनशन करने राजभवन तक पैदल मार्च करके पहुंचे हुए हैं।चांडिल डैम निर्माण का काम 1978-80 के बीच में हुआ था। संयुक्त बिहार के समय केंद्र सरकार की योजना के तहत इस क्षेत्र के 84 मौजा के 116 गांव के रियासतों का जमीन अधिग्रहित किया गया था, जिसमें 09 गांव वर्तमान समय में पूरी तरह से चांडिल डैम में समाहित हो चुका है। इसके अलावा शेष गांवों की जमीन भी अधिग्रहित हो चुकी है। इन्हें प्रशासन लगातार नोटिस भेज रही है।करीब 43 वर्षों से बन रहे इस चांडिल डैम के विस्तारीकरण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार दवाब बनाया जा रहा हैं। बीते इन वर्षों में चार पीढ़ियां रैयतों के गुजर गए जो सरकार से प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को नियोजन देने और जमीन अधिग्रहण की मुआवजा भुगतान की मांग कर रहे हैं। अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए चांडिल डैम विस्थापित मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोग राजभवन पहुंचे। जहां आमरण अनशन कर वे अपनी मांगों को पूरा करने का आग्रह कर रहे हैं।

## वेदांत रिसर्च सेंटर का 24वां वार्षिक अधिवेशन 2 नवंबर से

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** वेदांत रिसर्च सेंटर का 24वां वार्षिक अधिवेशन 2 नवंबर से शुरू होगा। चार दिवसीय अधिवेशन का आयोजन आईएमए सभागार में होगा। जानकारी देते हुए वेदांत रिसर्च सेंटर रांची के अध्यक्ष डॉ एचपी नारायण ने बताया की समय के साथ वेदांत दर्शन का भी निरंतर विस्तार हो रहा है। वह अधिवेशन को लेकर मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की अधिवेशन 2 से 5 नवंबर तक चलेगा जिसमें विख्यात विद्वान शामिल होंगे। डॉ नारायण ने बताया की आजकल मीडिया में सनातन धर्म पर खूब चर्चा हो रही है। आज सनातन धर्म को एक महामारी बताकर उसे समाप्त करने की बात की जा रही है। वर्तमान में सनातन व हिन्दू धर्म के बारे में भारतीय या अन्य मनीषीयों का क्या मत है इसे भी जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा आएगा जब सारे विश्व का एक ही धर्म होगा। वह सनातन धर्म होगा। इस मौके पर वेदांत रिसर्च सेंटर रांची की निदेशक डॉ राजकुमारी सिन्हा ने कहा कि भारत वर्ष मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सनातन को धर्म के रूप में नहीं बल्कि एक जीवन शैली के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के साथ भारत ही नहीं विश्व में भी वेदांत दर्शन का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने बताया की अधिवेशन में रामचरित्र मानस में वेदांत विषय पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए प्रकण्ड विद्वान रांची पहुंचेंगे। डॉ इंदिरा पाठक ने जानकारी देते हुए कहा कि सनातन सदैव अर्थात हमेशा से है। इसका समय, काल पता नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज थोड़ा भटक गया है। वेदांत रिसर्च उसी को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहा है। सेंटर का उद्देश्य आम जन समग्र जानकारी पहुँचाना है। उन्होंने बताया की अधिवेशन के पहला दिन मुख्य अथिति के रूप में आईसीपीआर न्यू दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष डॉ आरसी सिन्हा और अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष प्रो. जटा शंकर शामिल होंगे। अधिवेशन के दूसरे दिन 3 नवंबर को प्रो. आरसी सिन्हा, प्रो. जटा शंकर, प्रो. बीएन लभ, डॉ एसके मुखर्जी, डॉ एचपी नारायण सहित अन्य वक्ता अपने विचार रखेंगे।अधिवेशन के अंतिम दिन 5 नवंबर को जीवन कैसे जीना चाहिए विषय पर व्याख्यान होगा। इसमें डॉ रजनीश शुक्ला, डॉ गोपाल पाठक, डॉ नीलम कुमारी, प्रो. एडी शर्मा सहित कई लोग विचार रखेंगे। संवाददाता सम्मलेन में डॉ एचपी नारायण के अलावा सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ गोपाल पाठक, डॉ सरस्वती मिश्रा, रमाकांत मिश्रा व विनय पाठक मौजूद थे।

### रघुवर दास ने ओडिशा के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

**रांचीः** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओडिशा के 26वें राज्यपाल के रूप में आज पद और गोपनीयता की शपथ ली। ओडिशा हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी ने उन्हें शपथ दिलायी। भुवनेश्वर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रांची के सांसद संजय सेठ, जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो, विधायक बिरंची नारायण, झारखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व सांसद अजय मारु, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर और रघुवर दास की पत्नी व पुत्र समेत झारखंड के कई नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से पहले रघुवर दास ने भुवनेश्वर में भगवान लिंगराज के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजभवन के दरवाजे गरीब जनता के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे।

### सात आईपीएस समेत 16 पुलिसकर्मियों को विशिष्ट पदक

रांचीः गृह मंत्रालय (एमएचए) ने आज मंगलवार को झारखंड पुलिस के 16 अधिकारियों व कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान पदक से सम्मानित किया गया है। इन 16 अधिकारियों और कर्मियों को वर्ष-2023 में विशेष अभियानों (नक्सल के खिलाफ कार्रवाई) को लेकर सरदार पटेल की जयंती पर सम्मानित किया गया। एडीजी संजय आनंद राव लाठकर, आईजी एवी होमकर, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीआईजी अनुप बिरथेरे, एसपी अंजनी कुमार झा, एसपी शिवानी तिवारी, एसपी अंजनी अंजन,असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआई गौतम कुमार, एसआई जमील अंसारी, एसआई हवलदार राज कुमार उरांव, कांस्टेबल रतन कुमार यादव, कांस्टेबल विष्णु शंकर।

## अबुआ आवास योजना के तहत बेघर को अपना घर देने की तैयारी में जुटी हेमंत सरकार पोर्टल के माध्यम से करना होगा आवेदन

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** हेमंत सरकार अबुआ आवास योजना के जरिए बेघर लोगों को अपना घर होने का सपना साकार करने में जुटी है। पिछले दिनों कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब सरकार इसे जमीन पर उतारने में लगी है। वैसे तो औपचारिक रुप से राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर से इसकी शुरूआत होगी मगर 1 नवंबर से इसकी वैधानिक प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की गई है। यह एक ऐसी योजना है जिसके तहत हेमंत सरकार वैसे बेघर जो केन्द्र की प्रधानमंत्री आवास योजना से किसी वजह से लाभान्वित नहीं हो पाये हैं। अबुआ आवास योजना के तहत इस साल मार्च तक सरकार 4106 करोड़ खर्च करने जा रही है जिसके तहत 2 लाख मकानों का निर्माण करने का लक्ष्य है। इस तरह से अगले तीन वित्तीय वर्ष में ऐसे 8 लाख घर बनाने का लक्ष्य है जिसपर राज्य सरकार करीब 15,000 करोड़ खर्च करेगी। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि इस योजना का लाभ वैसे लोगों को मिलेगा जो कच्चे घर में रहते हैं या बेघर हैं या निराश्रित परिवार के लोग हैं। योजना के तहत आपदा के शिकार, कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर जैसे लोगों को सरकार तीन रुम का घर देने का काम करेगी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा की जा रही तैयारी के तहत अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे पोर्टल पर आवेदन करना होगा। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पोर्टल को अंतिम रुप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर पोर्टल को लॉन्च किए जाने की संभावना है।आवास आवंटन के लिए उठाए जा रहे इस कदम पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए है मगर सवाल यह उठता है कि आखिर बेघर पोर्टल पर कैसे आवेदन करेंगे।

**सड़क जाम** लोगों को परेशानी से मिलेगी राहत

# रांची में ट्रैफिक जाम होने पर फोन पर आ जाएगा अलर्ट मैसेज

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** सड़क जाम रहने के कारण आपकी फ्लाइट और ट्रेन न छूटे इसके लिए रांची में ट्रैफिक अलर्ट सिस्टम लागू कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा ट्विटर और दूसरे सोशल मीडिया के माध्यम से शहर में ट्रैफिक जाम होने और जाम फ्री होने के की स्थिति दोनो की सूचनाएं दी जाएंगी।रांची के ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि रांची ट्रैफिक पुलिस की तरफ से सोशल मीडिया के जरिए लोगों को अलर्ट मैसेज के साथ-साथ ट्रैफिक से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके लिए ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप चैनल और व्हाट्सएप का प्रयोग किया जा रहा है। सोशल प्लेटफार्म पर आम लोगों को वैसी तमाम सूचनाओं दी जाएगी जो उनके आवागमन की स्थिति को प्रभावित करेंगे। ट्विटर और फेसबुक के अलावा रांची ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एक व्हाट्सएप चैनल भी शुरू की गया है। चैनल के जरिए आप शहर के ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस में हेल्पलाइन नंबर के तौर पर व्हाट्सएप के लिए 8987790772 नंबर जारी किया है। इस नंबर पर व्हाट्सएप के जरिए आम लोग ट्रैफिक पुलिस की सहायता ले सकते हैं।ट्रैफिक एसपी के अनुसार यह टू वे कम्युनिकेशन होगा। हमारे तरफ से सभी तरह की ट्रैफिक की सूचनाओं आम लोगों को तो दी ही जाएगी, लेकिन आम लोग भी अपनी समस्याएं-शिकायत भी पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। जिन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मसलन ट्रैफिक चालान से संबंध समस्याएं, अगर कोई ट्रैफिक पुलिसकर्मी किसी के साथ अभद्र व्यवहार करता हो, किसी जगह अगर जाम हो और जाम लगने की वजह से जुड़ी सूचनाओं आम लोग सभी प्लेटफार्म पर दे सकते हैं जिस पर कार्रवाई की जाएगी।

